आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 19°C | 9°C |

इनसाइड न्यूज

बैंक ऑफ बड़ौदा घोटालाकांड: करोड़ों उड़ाए पुलिस-बैंक मौन...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



रविवार 18 जनवरी, 2026 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 98

www.janexpresslive.com/epaper

महायुति सरकार ने लगाई फैसलों की झड़ी 12

### लखनऊ में 14 फ्लाइट्स लेट

- लखनऊ से रात 1:35 बजे दुबई जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (IX 193) तड़के 3:50 बजे रवाना हुई।
- सुबह 5:10 बजे लखनऊ से बेंगलुरु जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (IX 2918) 7:05 बजे रवाना हुई।
- सुबह 6:05 बजे नवी मुंबई जाने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 829) 6:50 बजे रवाना हुई।
- सुबह 7:15 बजे हैदराबाद जाने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 523) 8:30 बजे रवाना हुई।
- सुबह 7:40 बजे कोलकाता जाने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 505 ) 9 बजे रवाना हुई।
- सुबह 7:45 बजे दिल्ली जाने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 2026) एक घंटा देरी से उड़ान भर सकी।
- सुबह 7:55 बजे गुवाहाटी जाने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 146) एक घंटा देरी से रवाना हुई।
- सुबह 8:50 बजे मस्कट जाने वाली ओमान एयर की उड़ान (WY 266) एक घंटा देरी से रवाना हुई।
- सुबह 9:25 बजे मुंबई जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (IX 1027) दोपहर 2:05 बजे रवाना हुई।
- सुबह 9:30 बजे दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (IX 2173) दोपहर 1:50 बजे रवाना हुई।
- सुबह 10 बजे रियाद जाने वाली फ्लाइनेस की उड़ान (XY 334) दोपहर 1:50 बजे रवाना हुई।
- सुबह 10:45 बजे किशनगढ़ जाने वाली स्टार एयर की उड़ान (एस5223) दोपहर 1:05 बजे रवाना हुई।
- दोपहर 1 बजे दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (IX 1507) दोपहर 1:50 बजे रवाना हुई।
- दोपहर 1:30 बजे मुंबई जाने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 6938) 2:45 बजे रवाना होगी।

# यूपी में कोहरे का कहर, 8 की मौत

## 15 जिलों में 40 गाड़ियां भिड़ीं, 100 ट्रेनें लेट, 9 शहरों में स्कूल बंद

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में घने कोहरे के कारण कई जगह सड़क हादसे हुए। हादसों में बच्चे समेत आठ की मौत हो गई। जबकि कई घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसों के बाद पुलिस जांच में जुटी है। सुल्तानपुर में शुक्रवार देर रात पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हुए एक हादसे में दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना घने कोहरे के कारण दोस्तपुर के आनूपुर के पास हुई। रायबरेली से आजमगढ़ जा रहे मजदूरों से भरी पिकअप को एक अज्ञात ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिसके बाद पिकअप पलट गई। जानकारी के अनुसार, पिकअप चालक वीरू रायबरेली से 14 मजदूरों को लेकर आजमगढ़ जा रहा था। रास्ते में किसी अज्ञात ट्रक ने पिकअप को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रक चालक गाजीपुर की ओर भाग निकला, जबकि पिकअप पलट गई। दुर्घटना में अजय कुमार (30) निवासी गंभीरपुर, रायबरेली को दोस्तपुर सीएचसी मृत अवस्था में लाया गया। रजोले (35) निवासी गंभीरपुर, रायबरेली ने अंबेडकर नगर जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया।



### ये हैं घायल

घायलों में अशोक (40), नरेश पासी (45), रामप्रसाद (40), विनोद (40), दिलीप (35), राजेश (40) और राजू (30) शामिल हैं। इन सभी को प्राथमिक उपचार के बाद दोस्तपुर अस्पताल से अंबेडकर नगर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### शाहजहांपुर में हाईवे पर टकराए चार वाहन, दो चालकों की मौत

शाहजहांपुर में मीरानपुर कटरा-जलालाबाद राज्यमार्ग के खैरपुर चौराहे के पास शनिवार को सुबह चार वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में दो टैंकर चालकों की मौत हो गई। हादसा घने कोहरे के कारण हुआ। हादसे के बाद सड़क पर जाम गया। पुलिस ने क्रेन से दुर्घटनाग्रस्त वाहन हटवाए। इसके बाद यातायात सुचारू हो सका।

### बरेली में पिकअप से टकराई स्कूल बस

बरेली के शाही क्षेत्र में शनिवार को सुबह कोहरे के कारण हादसा हो गया। शाही-फतेहगंज पश्चिमी मार्ग पर दिल्ली पब्लिक स्कूल की बस पिकअप से टकरा गई। गनीमत रही कि बस में विद्यार्थी नहीं थे। स्कूल बस शाही कस्बा से परसाखेड़ा स्थित स्कूल जा रही थी। हादसे में स्कूल बस चालक पृथ्वीपाल और पिकअप चालक सरताज हुसैन मामूली रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली।

### दिल्ली-देहरादून हाईवे पर दो कारों की टक्कर, छह घायल

बागपत जनपद के मवीकला क्षेत्र में दिल्ली-देहरादून हाईवे बंद होने के कारण घने कोहरे के बीच दो कारें आपस में टकरा गईं। हादसे में डिफेन्स कॉलोनी निवासी मनीष, राघवी राजकुमार समेत कुल छह लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने घायलों की हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के समय क्षेत्र में घना कोहरा छाया हुआ था। दृश्यता बेहद कम होने के कारण वाहन चालकों को सामने से आ रहे वाहनों का सही अंदाजा नहीं लग सका, जिसे दुर्घटना की मुख्य वजह माना जा रहा है।

### श्रद्धालुओं की पिकअप को बस ने मारी टक्कर, 23 घायल

प्रतापगढ़ में घने कोहरे के चलते बड़ा हादसा हो गया। मौनी अमावस्या पर संगम में स्नान करने जा रहे संत कबीर नगर जिले के श्रद्धालुओं की पिकअप बस से टकरा गई। माघ मेले में जा रहे श्रद्धालुओं से भरी पिकअप को बस ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप सवार 23 श्रद्धालु घायल हो गए। मेडिकल कॉलेज में सभी घायल श्रद्धालुओं को भर्ती कराया गया है। घने कोहरे के चलते हादसा हुआ है। सभी श्रद्धालु मौनी अमावस्या के पर्व पर स्नान करने के लिए प्रयागराज जा रहे थे। पिकप में कुल 37 श्रद्धालु सवार थे। सभी श्रद्धालु संत कबीर नगर के रहने वाले हैं। हादसा नगर कोतवाली के जोगापुर गांव के पास हुआ। मौके पर सीओ सिटी और नगर कोतवाल पहुंच गए हैं।

### अमरोहा में हाईवे पर कोहरे का कहर

अमरोहा में नेशनल हाईवे पर शनिवार की सुबह कोहरे का कहर देखने को मिला। अलग-अलग दो हादसों में एक के बाद एक दस से ज्यादा वाहन आपस में टकरा गए। इस भीषण हादसे में छह से ज्यादा लोग घायल हो गए। वाहनों के टकराते ही लोगों में चीखपुकार मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने व्यवस्था को संभाला और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। तीन लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है। हादसे के बाद हाईवे पर दो घंटे तक जाम के हालात बने रहे।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

प्रयागराज के चौफटका पुल पर एक बार फिर तेज रफ्तार कार ने एक बाइक सवार युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना चौफटका पुल पर तब हुई जब बलुआ घाट सब्जी मंडी निवासी अजीत सिंह अपनी बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अजीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की रफ्तार काफी तेज थी और चालक ने लापरवाही से वाहन चलाया।

### मेरठ में हादसे में बच्चे की मौत

मेरठ के पल्लवपुरम थाना इलाके में सीएनजी पंप के पीछे पीएसी नाले की पुलिया पर कार अनियंत्रित होकर नाले में पलट गई। हादसे में मासूम की मौत हो गई, जबकि कार में सवार अन्य लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। दौराला की डेयरी कॉलोनी निवासी फर्नीचर व्यापारी संयम (25) शुक्रवार शाम कचहरी के पास मंडप में आयोजित मौसी की बेटी काजल की रिंग सेरेमनी में शामिल होकर परिवार व रिश्तेदारों के साथ वापस लौट रहे थे। संयम अपने रिश्तेदार महेश निवासी श्याम वाटिका, कृष्णा नगर, डोरली के घर पर कुछ देर के लिए रुके और परिवार की महिलाओं को लेकर वहां से कार में संयम, उनकी पत्नी शालिनी, मां आरती, 18 महीने का बेटा गना, फुफेरे भाई आकाश और विकास तथा सुशीला सवार होकर चल दिए। सभी लोग कार से दौराला जा रहे थे। जैसे ही कार सीएनजी पंप के पीछे पीएसी नाले की पुलिया पर पहुंची, घने कोहरे के कारण चालक को रास्ता साफ नजर नहीं आया और कार अनियंत्रित होकर नाले में पलट गई। हादसे के बाद संयम किसी तरह कार से बाहर निकल आया और शोर मचाया। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। कार में सवार मासूम गना की तलाश की गई तो वह नाले के दूसरी ओर मिला, जिसके मुंह में गंदा पानी भर चुका था।

### बुलंदशहर में कार की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

बुलंदशहर के थाना देहात कोतवाली इलाके के ताजपुर गांव के पास भीषण सड़क हादसा हुआ है। तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। हादसे में कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। दर्दनाक हादसे में साइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल कार चालक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। साइकिल सवार अपने घर जा रहा था। इसी दौरान मेरठ की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# काशी को बदनाम करने की हुई 'साजिश': योगी

## बोले सीएम, झूठी तस्वीरों से गुमराह किया, इसलिए मुझे आना पड़ा, मणिकर्णिका विवाद पर भड़के

जन एक्सप्रेस। वाराणसी

काशी में मणिकर्णिका घाट को लेकर बवाल को लेकर सीएम योगी शनिवार को कांग्रेस पर जमकर भड़के। प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रानी अहिल्याबाई होल्कर की मूर्ति को तोड़े जाने के आरोपों पर कहा- काशी को बदनाम करने की साजिश हुई, इसलिए मुझे खुद आना पड़ा है। साजिश का पर्दाफाश होना चाहिए। सीएम ने कहा- मंदिर तोड़े गए हैं, इससे ज्यादा बड़ा झूठ नहीं हो सकता है। अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा को संरक्षित किया गया है, जब जीर्णोद्धार का काम पूरा हो जाएगा, तब प्रतिमा नई तरह से दिखेगी। कांग्रेस मंदिर तोड़ने के एआई ?वीडियो से जनता को गुमराह कर रही है, यह अपराध है। सीएम ने कहा- अहिल्याबाई का कांग्रेस ने सम्मान नहीं किया। इनके नेताओं की टिप्पणी पर हंसी और दया आती है। ये वैसा ही है, जैसे 100 चूहे खाकर बिल्ली हज को चली। मैं एआई से तस्वीर बनाने वालों को चेतावनी देता हूं, इसे कतई स्वीकार नहीं करेंगे।

### एआई वीडियो से मंदिर तोड़ने का दुष्प्रचार कर रही कांग्रेस

अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा को संरक्षित किया गया। जब ये बनकर तैयार होगा, तब ये प्रतिमा नई तरह से दिखेगी। कांग्रेस के द्वारा जो दुष्प्रचार किया जा रहा है, वो एआई का इस्तेमाल कर रहे हैं, जो अपराध है। एआई द्वारा मंदिर को तोड़ने का दुष्प्रचार किया गया है। लेकिन ये लोग लगातार दुष्प्रचार कर रहे हैं, ताकि ये प्रोजेक्ट बदनाम कर दिया जाए। इसके साथ ही उनके देश की विरासत को बदनाम करने वाली कांग्रेस और उनके सहयोगियों को ध्यान में रखना चाहिए, ये उनके द्वारा जनभावनाओं का खिलवाड़ करने काम काम किया जा रहा है।



### कांग्रेस ने अहिल्याबाई होल्कर का सम्मान नहीं किया

सीएम ने कहा- औरंगजेब ने बाबा विश्वनाथ मंदिर तोड़ा। मंदिर का जीर्णोद्धार करने का सबसे पहला प्रयास अहिल्याबाई होल्कर ने किया। कांग्रेस ने उनका सम्मान नहीं किया, ये प्रयास पीएम मोदी ने किया मगर कुछ लोग 3-4 दिनों से झूठी तस्वीरें प्रसारित करके जनता को गुमराह किया जा रहा है, ये वो लोग हैं, जिन्होंने अपने समय में इन विरासत को आगे नहीं बढ़ाया, मगर अब ये लोग बाज नहीं आ रहे हैं। अनर्गल प्रलाप करते हैं, नाविकों के बारे में टिप्पणी करते हैं। 2014 से पहले डीजल और कैरोसिन से अपने स्टीमर चलाते थे, अब सीएनजी आ चुकी है, उनकी आमदनी बढ़ी है। इन सबसे ध्यान हटाने के लिए नई काम शुरू होते ही इन लोगों के जरिए भ्रामक प्रचार किया जाता है।

### कांग्रेस ने भारत की आस्था का अपमान किया

सीएम ने कहा- याद करिए, 100 साल पहले अन्नपूर्णा मंदिर की मूर्ति काशी से यूरोप पहुंचा दी गई थी। पीएम मोदी के प्रयास से मूर्ति वापस आई। पहले किसी ने ये प्रयास क्यों नहीं किया? क्योंकि उन्हें विरासत से परहेज था। उन्होंने कहा- भारत के आस्था को अपमानित करने वाली कांग्रेस कभी काशी का सम्मान नहीं कर सकते हैं। कांग्रेस ने हमेशा ये काम किया है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल किए, राम और कृष्ण के प्रति कैसे कैसे बयान दिए, क्या कुछ नहीं कहा? ये किसी से छिपा हुआ नहीं है।

### मंदिर तोड़े गए, इससे ज्यादा बड़ा झूठ नहीं हो सकता

सीएम ने कहा- घाटों की दुर्गति 2014 से पहले कैसी थी, सब जानते हैं...आज ये घाट सबको आकर्षित करते हैं। काशी विश्वनाथ में 50 हजार श्रद्धालु 1 साथ दर्शन कर सकते हैं, पहले यहां 5 हजार श्रद्धालु एक साथ दर्शन नहीं कर सकते थे। ये सब कुछ पिछले 11 सालों में ही हुआ है। योगी ने कहा- बीएचयू के अंदर नए शैक्षणिक संस्थान खुले हैं। कैंसर का इलाज काशी को मिला है, अन्य तमाम स्वास्थ्य और शिक्षा की सुविधाएं काशी आगे बढ़ा है, देश के पीएम का अपनत्व काशी को मिला है। मगर कुछ लोग काशी की विरासत को बदनाम करते हैं, मुझे याद है कि जब काशी विश्वनाथ धाम का निर्माण हो रहा था, तब भी काशी को लेकर साजिश रचा गया। सीएम ने कहा- कुछ लोग लगातार साजिश कर रहे हैं। उन्होंने वह भी किया था कि एक वर्कशॉप से टूटी मूर्तियों को एक जगह लाकर उन्हें वायरल किया था, ये कहना कि मंदिर तोड़े गए हैं, इससे ज्यादा बड़ा झूठ नहीं हो सकता है।

### कांग्रेस की अनर्गल टिप्पणी पर दया आती है

सीएम ने कहा- विरासत का सम्मान कैसे होता है, ये हमें कांग्रेस से पूछने की आवश्यकता नहीं है। अयोध्या में 500 वर्षों के बाद राम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हुआ, ये तीर्थ स्थल हो या विरासत...पीएम मोदी ने ये काम करवाए हैं। यूपी और देश में सकुशल ये काम पूरे हो रहे हैं। कांग्रेस की अनर्गल टिप्पणी हंसी भी आती है। दया भी आती है...ये कृत्य वैसा ही है, जैसे सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली। सच्चाई तो यही है कि इन लोगों ने डेवलपमेंट के प्रोजेक्ट में सिर्फ बाधक बनने का काम किया। दरअसल, 10 जनवरी को इंदौर के होल्कर ट्रस्ट ने दावा किया था कि मणिकर्णिका घाट पर देवी अहिल्या बाई होल्कर की मूर्ति तोड़ दी गई है। कई धार्मिक प्रतीकों को भी नुकसान हुआ है। कुछ मूर्तियां टूटकर मलबे में दब गईं। इसके बाद कुछ तस्वीरें भी सामने आई थीं। हालांकि, डीएम ने इसे एआई जनरेटेड करार दिया था। कहा- जो मूर्तियां हैं, उन्हें संरक्षित किया गया है। तस्वीरें सामने आने पर सियासत शुरू हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव ने भाजपा पर हमला बोला था। फिलहाल, मणिकर्णिका घाट पर काम अभी रुका हुआ है।

### घाटों का संरक्षण किया जा रहा

सीएम ने कहा- मणिकर्णिका घाट पर गंगा का पानी आ जाता है, गलियों में अंतिम संस्कार किया जाता है, उसके लिए कितनी दिक्कत खड़ी होती है। सोचिए परिवारों पर क्या गुजरती होगी कि जब पानी भरा हो, कोई जीव शव को नोच रहा हो, इन सबसे लोगों को सुविधा देने के लिए यह काम हो रहा है। घाटों का संरक्षण लंबे समय तक हो सके, दाह संस्कार में किसी तरह की धार्मिक संस्कार में हस्तक्षेप न हो सके। मणिकर्णिका घाट से निकलने वाली राख से गंगा जल को स्वच्छता बनाए रखने के लिए काम हो रहे हैं। डोम समुदाय हजारों सालों से इस काम वहां पर कर रहे हैं, उनके द्वारा हजारों सालों से सम्मानजनक तरीके से ये काम किया जा रहा है, उनके सम्मान को भी ठेस न पहुंचे, इसलिए शवदाह इको फ्रैंडली बन सके, वहां ऐसी टेक्नोलॉजी का ध्यान में रखते हुए काम हो रहे हैं। ताकि जब गंगा जल बढ़े, तो भी दिक्कत न हो , ऐसा निर्माण हो रहे हैं। लकड़ी भंडारण का व्यवस्था की गई है, लोगों को ही इससे सुविधाएं होगी। वेस्ट मैनेजमेंट, ड्रेनेज, लाइटिंग की व्यवस्थाएं हो रही हैं। अन्य महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों के संरक्षण के काम हो रहे हैं।

# उत्तराखंड में बनेगी पैरा स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी धामी ने दिए विस्तृत कार्ययोजना के निर्देश



### पैरा स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी स्थापित करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए

उत्तराखंड सरकार पैरा खिलाड़ियों को नई पहचान दिलाने के लिए महत्वपूर्ण पहल कर रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पद्मश्री दीपा मलिक के प्रस्ताव पर राज्य में पैरा स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी स्थापित करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। इसका उद्देश्य पैरा एथलीटों को बेहतर प्रशिक्षण, आधुनिक सुविधाएं और एक समर्पित मंच प्रदान करना है, जिससे वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।

जन एक्सप्रेस। देहरादून

उत्तराखंड में पैरा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने की दिशा में प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल सामने आई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पैरा एथलीट और पद्मश्री से सम्मानित दीपा मलिक के पैरा स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना के प्रस्ताव पर निदेशक खेल को विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री आवास में शुक्रवार को हुई मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने दीपा मलिक को सम्मानित करते हुए पैरा स्पोर्ट्स के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि दीपा मलिक का संघर्ष, समर्पण और उपलब्धियां न केवल पैरा खिलाडियों बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस दौरान दीपा मलिक ने कहा कि उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य में पैरा खिलाडियों की अपार प्रतिभाएं मौजूद हैं, लेकिन उन्हें अभी भी बेहतर प्रशिक्षण, आधुनिक खेल सुविधाओं और समर्पित मंच की आवश्यकता है। यदि राज्य में एक पैरा स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना की जाती है, तो यहां के खिलाड़ी व्यवस्थित प्रशिक्षण के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। इस अवसर पर पैरालंपिक कमेटी आफ इंडिया के महासचिव जयवंत हम्मुनावा, इंडिया पैरा पावर लिफ्टिंग के चेयरपर्सन जेपी सिंह, पैरा लिफ्टिंग के उपाध्यक्ष शुभम चौधरी, कोर यूनिवर्सिटी के चेयरमैन जेसी जैन, पैरालंपिक पावर लिफ्टर परमजीत कुमार, आदि कस्तूरी उपस्थित रहे।

# गुजरात में 'अल-कायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट' की साजिश

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुजरात में अल-कायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस) आतंकी समूह द्वारा कमजोर युवाओं के ऑनलाइन कट्टरपंथीकरण से संबंधित मामले में शनिवार को पांच आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। इन आरोपियों में मोहम्मद फरदीन, कुरैशी सेफुल्ला, मोहम्मद फैक, जीशान अली और शमा परवीन शामिल हैं। इन सभी आरोपियों पर परमाणु हथियार अधिनियम अधिनियम और शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। एनआईए द्वारा दर्ज RC-02/2025/NIA/AMD मामले की जांच से पता चला है कि आरोपियों ने प्रतिबंधित एक्यूआईएस की भारत-विरोधी विचारधाराओं के प्रचार, समर्थन और प्रसार के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया था। उन्होंने विभिन्न सोशल मीडिया खातों के माध्यम से भड़काऊ पोस्ट, जिनमें वीडियो, ऑडियो और तस्वीरें शामिल हैं, प्रकाशित कीं। एनआईए ने आगे पाया कि इन पोस्टों के माध्यम से आरोपियों ने लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई भारतीय सरकार के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह और शरिया कानून पर आधारित खिलाफत की स्थापना का आह्वान किया था। उन्होंने भोले-भाले युवाओं को कट्टरपंथी बनाने के लिए अन्य प्रतिबंधित आतंकी संगठनों की चरमपंथी विचारधाराओं को भी बढ़ावा दिया।

### आपत्तिजनक पोस्टों की पहचान की

एनआईए ने गुजरात एटीएस से इस मामले की जांच को अपने हाथ में लिया था। एटीएस ने जांच के दौरान पांच आरोपियों में से दो से कारतूस सहित सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल और तलवार जैसे घातक हथियारों के साथ-साथ कागजी और डिजिटल दोनों प्रारूपों में कई आपत्तिजनक सामग्री जब्त की थी। जांच के दौरान एनआईए ने डिजिटल फुटप्रिंट्स का पता लगाया। आपत्तिजनक पोस्टों की पहचान की, जिससे आरोपियों के खिलाफ सबूत मजबूत हुए।


### सामग्री को व्यापक रूप से फैलाने की साजिश रची

एनआईए की जांच के अनुसार, पुरानी दिल्ली निवासी मोहम्मद फैक ने जिहाद, ग़ज़वा-ए-हिंद और समाज के एक वर्ग के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा देने वाली भड़काऊ सामग्री साझा करके इस साजिश में अहम भूमिका निभाई थी। उसने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट और इस उद्देश्य के लिए विशेष रूप से बनाए गए एक समूह के माध्यम से अक़ीस और जैश-ए-मोहम्मद के नेताओं की विचारधारा को बढ़ावा देने वाले चरमपंथी साहित्य के अंश प्रसारित किए। उसने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर इस हिंसक विचारधारा और सामग्री को व्यापक रूप से फैलाने की साजिश रची।

# शुद्ध नहीं है सभी बोतलबंद पानी

## राजधानी की 29 इकाइयों पर कसा शिकंजा, 24 जगहों पर मिली बेहद गंदगी

- जवाब न मिलने पर लाइसेंस निलंबन अथवा निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मिनरल वाटर के नाम पर बोतलबंद पानी बेचने वाली 29 इकाइयों पर अब प्रशासन ने सख्ती की तैयारी कर ली है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) विभाग की प्रारंभिक जांच में इन इकाइयों में कई तरह की कमियां पाई गई हैं, जिसके बाद इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई के संकेत दिए गए हैं। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि जिले में कुल 29 बोतलबंद पानी की इकाइयां हैं। शासन के निर्देश पर की गई जांच में पांच इकाइयां मौके पर बंद मिलीं थीं, जबकि शेष चालू मिलीं इकाइयों में साफ-सफाई, पानी के शोधन और पैकेजिंग प्रक्रिया में कमियां मिली हैं। अधिकारियों के अनुसार इनमें से कुछ इकाइयां मिनरल वाटर के निर्धारित मानकों तक की अनदेखी कर रहीं थीं। जिनसे उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को खतरा है। जांच में यह भी सामने आया कि कुछ इकाइयों में मशीनों की नियमित सफाई नहीं हो रही थी और कर्मचारी सुरक्षा मानकों के पालन में भी लापरवाही बरत रहे थे। इन कमियों को गंभीर मानते हुए विभाग की ओर से संबंधित इकाइयों को नोटिस जारी की जा रही है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर लाइसेंस निलंबन अथवा निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। एफएसडीए विभाग के अनुसार अगले चरण में पानी के नमूने लेकर प्रयोगशाला में परीक्षण कराया जाएगा। रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाए जाने वाली इकाइयों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सुरक्षित वतन लौटे संकट में फंसे भारतीय



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

ईरान में बिगड़ते सुरक्षा हालात के बीच शनिवार तड़के दिल्ली एयरपोर्ट पर राहत और भावुक पुनर्मिलन के दृश्य देखने को मिले। जैसे ही ईरान से लौटे भारतीय नागरिकों के विमान उतरे, बाहर इंतजार कर रहे परिजनों ने अपने अपनों को गले लगा लिया। किसी ने फूलों की माला पहनाई तो कहीं पिता ने बेटी को सीने से लगाकर राहत की सांस ली, आंखों में आंसू और चेहरे पर मुस्कान साफ झलक रही थी।

### इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर परिवार करे रहे थे इंतजार

शुक्रवार रात से ही इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आगमन टर्मिनल के बाहर परिवारों की भीड़ जुटी थी। हर यात्री समूह को उत्सुक निगाहों से देखा जा रहा था, इस उम्मीद में कि शायद अगला चेहरा उनका अपना हो। शिराज के एक मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा ने बताया कि इंटरनेट बंद होने के कारण देशभर की स्थिति की सही जानकारी नहीं मिल पा रही थी, हालांकि उनके शहर में हालात अपेक्षाकृत ठीक थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे वाणिज्यिक उड़ान से अपने स्तर पर लौटी हैं।

### छात्रों ने बताया कि ईरान के हालात बेहद तनावपूर्ण

ईरान से लौटे कई छात्रों ने वहां के हालात को बेहद तनावपूर्ण बताया। एक छात्रा ने कहा कि सड़कों पर माहौल असहज था और इंटरनेट बंद होने से वे पूरी तरह अलग-थलग महसूस कर रहे थे। भारत पहुंचकर परिवार को सामने देखना उनके लिए सुरक्षा और राहत का अहसास लेकर आया। एक अन्य छात्र शाजिद ने बताया कि अनिश्चित हालात और संचार की कमी ने चिंता बढ़ा दी थी। यात्रा व्यवस्था की जानकारी मिलते ही राहत महसूस हुई और घर लौटकर परिवार से मिलना बेहद सुकून देने वाला रहा।

### भारतीय दूतावास की मदद से राहत मिली- परिजन

परिजनों ने बताया कि इंटरनेट ब्लैकआउट के दौरान उनकी चिंता चरम पर पहुंच गई थी। बाद में भारतीय दूतावास द्वारा संपर्क बहाल किए जाने और मदद शुरू होने से राहत मिली। विदेश मंत्रालय के अनुसार, ईरान में करीब 9,000 भारतीय नागरिक रह रहे हैं, जिनमें अधिकांश छात्र हैं। सरकार ने हालात सामान्य होने तक ईरान की यात्रा से बचने और उपलब्ध साधनों से देश छोड़ने की सलाह दी है।

# रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज के बीएससी नर्सिंग के छात्र/छात्राओं को सरकार देने जा रही है बेहतर हॉस्टल की सुविधा

## बीएससी नर्सिंग के छात्र छात्राओं के लिए लगभग सवा 9 करोड़ रुपये की लागत के बनाया जा रहा है हॉस्टल

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

17 जनवरी को रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में बीएससी नर्सिंग की छात्र-छात्राओं को योगी सरकार बेहतर हॉस्टल की सुविधा देने जा रही है। और बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं के लिए 922.78 लाख रुपए की लागत से 100 बेड का हॉस्टल बनाया जा रहा है जो अक्टूबर के महीने तक बनकर तैयार हो जाएगा। हॉस्टल में लड़के और लड़कियों की लिए अलग-अलग कमरे बनाए जा रहे हैं और तीन मंजिला हॉस्टल बन जाने के बाद छात्र-छात्राओं को स्थाई रूप से रहने की व्यवस्था हो जाएगी।



### साल 2022 से पठन पाठन का कार्य है संचालित

रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में बीएससी नर्सिंग का पठन पाठन साल 2022 से संचालित चल रहा है। जिसमे चित्रकूट मंडल के चारों जिलों, महोबा, हमीरपुर, बांदा व चित्रकूट सहित एमपी के छतरपुर व पन्ना के अलावा अतिरिक्त गैर जनपदों जैसे झांसी, उन्नाव व कानपुर आदि के छात्र-छात्राएं यहां पर पढ़ाई करते हैं ।और अभी इनके लिए यहां पर कोई स्थाई हॉस्टल नहीं है ।जिसके चलते छात्र-छात्राओं को थोड़ी असुविधा होती है ।वही हॉस्टल के बन जाने के बाद यहां पर छात्र-छात्राओं के रहने के लिए उनके कमरों में मेज,कुर्सी,अलमारी व तख्त समेत जरूरी चीजों को उपलब्ध कराया जाएगा।

### लगभग 70% हॉस्टल का भवन बनकर हुआ तैयार

रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य सुनील कौशल ने बताया कि बीएससी नर्सिंग कॉलेज व हॉस्टल तैयार होने से छात्र-छात्राओं में रहने की किसी तरह की समस्या नहीं होगी। और शिक्षण कार्य भी पहले से बेहतर हो जाएगा। और कार्रवाई संस्था के द्वारा हॉस्टल को बनाने का कार्य किया जा रहा है और यह हॉस्टल लगभग 70त्न बनकर तैयार हो गया है। जो सम्भवत: अक्टूबर के महीने तक बनकर तैयार हो जाएगा।

# पं0 धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की हनुमंत कथा के दूसरे दिन उमड़ा आस्था का जनसैलाब

## यूपी सरकार के मंत्रियों सहित लगा माननीयों का जमावड़ा

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



जनपद के मवई बाइपास चौराहा स्थित कथा स्थल पर आयोजित बाबा बागेश्वर धाम की विशाल दिव्य कथा के द्वितीय दिन श्रद्धा,भक्ति और आस्था का अभूतपूर्व दृश्य देखने को मिला। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर कथा श्रवण किया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया।इस पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, जनपद के प्रभारी मंत्री नंद गोपाल 'नंदी', राज्य मंत्री मन्नू लाल कोरी,उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री रामकेश निषाद, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी,महोबा विधायक राकेश गोस्वामी,विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर,गौ सेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह सेंगर,जिला पंचायत अध्यक्ष जे.पी.अनुरागी,पूर्व जिलाध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता,एमएलसी प्रतिनिधि रणविजय सिंह,नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मालती बासु,चेयरमैन विवेकानंद गुप्त, पूर्व चेयरमैन राजकुमार राज,पूर्व चेयरमैन विनोद जैन,सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कथा के दौरान बाबा बागेश्वर धाम की ओजस्वी वाणी ने श्रद्धालुओं को धर्म, संस्कार और सनातन संस्कृति से जोड़ते हुए सामाजिक एकता का संदेश दिया। जयकारों,भजनों और मंत्रोच्चार से संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो उठा।आयोजक प्रवीण सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कल 18 को बाबा बागेश्वर धाम का दिव्य माया दरबार आयोजित किया जाएगा,जिसमें देश-प्रदेश से आए श्रद्धालु बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।इस दिव्य दरबार को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। यह विशाल कथा आयोजन आगामी 20 जनवरी तक जारी रहेगा और जनपद की धरती पर यह आध्यात्मिक महोत्सव जनमानस में आस्था, संस्कृति और सनातन मूल्यों को और अधिक सुदृढ़ करेगा।

# केन बेतवा लिंक परियोजना के कार्यों का कैबिनेट मंत्री ने किया स्थलीय निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



नरैनी तहसील के पनग़रा गांव स्थित चल रहे केन बेतवा लिंक परियोजना के तहत कार्यों का कैबिनेट मंत्री सहित राज्य मंत्री और केन कैनाल के अधिकारियों ने कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया।मौके पहुंच कार्य में सुधार लाने के कड़े निर्देश दिए।साथ ही अव्यवस्थाएं देख राज्य मंत्री ने सिचाई विभाग के आरडी थर्ड और नहर प्रखंड के अधिशाषी अभियंताओ को जमकर लताड़ भी लगाई। कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह सहित जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद पनगरा गांव स्थित चल रहे केन बेतवा लिंक परियोजना के कार्य को देखा।निरीक्षण के दौरान।जिलेदार का कार्यालय बन्द मिला साथ ही चारो ओर गंदगी और घास उगी थी यह देख राज्य मंत्री ने अधिशाषी अभियंता राजेश कुमार को जमकर फटकार लगाई साथ ही शीघ्र व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की चेतावनी दी।इसके बाद निरीक्षण भवन पहुच कर यहां कराए गए कार्य देखे।भवन में लगे टाइल्स और लाइट फिटिंग का काम देख नहर प्रखंड के अधिशाषी अभियंता अरबिंद पांडे को जमकर खरी खोटी सुनाई।निर्देश दिए कि निरीक्षण भवन में सम्बंधित अवर अभियंता स्थाई रूप से अपने निवास में रहेंगे।और यहा की व्यवस्थाएं देखेंगे।इस दौरान सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी सहित तमाम विभागीय अधिकारी,कर्मचारी मौजूद रहे। केवटन पुरवा(गढ़ा) की महिलाओं ने जल शक्ति राज्य मंत्री को ज्ञापन देकर बताया है कि गंधा नहर में पानी छोड़े जाने से उनके कच्चे घरों की दीवारें गिर जाती है।नहर पटरियों को पक्का बनवाने की मांग की है। कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने केन बेतवा लिंक परियोजना के तहत हो रहे कार्य को अतिशीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

# व्यापारी संवाद में दी गई जीएसटी सुधारों की जानकारी

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जनपद में व्यापारिक गतिविधियों के प्रोत्साहन, राजस्व वृद्धि तथा स्थानीय स्तर पर जीएसटी 2.0 सुधारो के प्रति जागरूकता के लिए उद्यमियों, करदाताओ एवं स्टोक होल्डर के साथ संवाद स्थापित करने के उददेश्य से शनिवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व चन्द्र शेखर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 'व्यापारी संवाद कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। जिसमें जीएसटी पंजीयन, जीएसटी रिटर्न, समाधान योजना, ईंट भट्ठा, व्यापारी दुर्घटना बीमा के सम्बन्ध में व्यापारियों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डिप्टी कमिश्नर जीएसटी विक्रम अजीत ने व्यापारियों को अधिक से अधिक जीएसटी में पंजीयन कराने के लिए प्रेरित किया। बताया कि जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों की यदि दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है, तो उसे मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना के अन्तर्गत सहायता राशि के रूप में 10 लाख रुपये मिलते है। बताया कि वर्ष 2025-26 में चित्रकूट के चार व्यापारियों को इसका लाभ दिया गया है। इस दौरान जीएसटी पंजीयन, जीएसटी रिटर्न, समाधान योजना, ईंट भट्ठा, व्यापारी दुर्घटना बीमा के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही जीएसटी दरों में की गई कटौती के सम्बन्ध में भी व्यापारियों एवं कर अधिवक्ताओं को जानकारी दी गई। साथ ही व्यापारियों से अपील की गई कि वस्तुओं को जीएसटी की घटी दरों पर बेचें। चित्रकूट के व्यापार मण्डल के पदाधिकारी व व्यापारियों ने जीएसटी से सम्बन्धित अनेक समस्यायें रखी। जिनका संवाद कार्यक्रम में समाधान किया गया। इस मौके पर जीएसटी सहायक आयुक्त निखिल कुमार, राज्य कर अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी, राज्य कर अधिकारी प्रमोद कुमार, लेखाकार जावेद वसी, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के मण्डल उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, प्रदेश मंत्री गिरीश अग्रवाल, ओम केशरवानी, महामंत्री गुलाब बन्द्र, बृजेश त्रिपाठी, बृजेश रावत, राकेश त्रिपाठी, धर्मेन्द्र कुमार, आशीष कुमार जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# ओ-लेवल परीक्षा से गैरहाजिर रहे 68 परीक्षार्थी

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला मुख्यालय के शंकर बाजार स्थित राष्ट्रीय कम्प्यूटर शिक्षा मिशन में कम्प्यूटर कोर्स ओ-लेवल की परीक्षाएं छह दिनों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नकल विहीन सम्पन्न हुई। जिसमें कुल पंजीकृत 1,758 परीक्षार्थियों में से 1,690 ने परीक्षाएं दी तथा 68 अनुपस्थित रहे। राष्ट्रीय कम्प्यूटर शिक्षा मिशन के प्रबंध निदेशक सुभाष चन्द्र साहू ने बताया कि परीक्षा के लिए केन्द्र में 100 कम्प्यूटरों की दो आनलाइन हाईटेक लैब तैयार की गई। केन्द्र में परिक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था के साथ पेयजल व पार्किंग की भी व्यवस्था की गई। छह दिनों तक चली परीक्षा में पुलिस प्रसाशन द्वारा भी सहयोग दिया गया। परीक्षार्थियों को पहचान पत्र व प्रेवश पत्र के साथ परीक्षा में बैठने दिया गया। बताया कि परीक्षा 11 से 16 जनवरी तक केन्द्र में आयोजित की गई। जिसमें कुल 1,758 परीक्षार्थियों में 1,690 ने परीक्षा दी तथा 68 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में 75 परीक्षार्थियों का बैच बनाया गया तथा प्रतिदिन चार बैचो में परीक्षा सम्पन्न कराई गई। जिसमें प्रथम बैच की परीक्षा प्रातः 09:30 से 11:00 बजे तक, द्वितीय बैच की परीक्षा 11:30 से 01:00 तक, तृतीय बैच की परीक्षा 02:00 से 3:30 बजे तक तथा चैथे बैच की परीक्षा 4:00 से 5:30 तक नकलविहीन माहौल में सम्पन्न कराई गई। बताया कि परीक्षा में चित्रकूट जनपद के अलावा पूरे चित्रकूट मण्डल के परीक्षार्थी परीक्षा दिए। जनपद में परीक्षा होने से परीक्षार्थियों को आसानी हुई, क्योकि जनपद की भौगोलिक स्थिति के कारण बाहर जाने से कई परीक्षार्थीयों की परीक्षाएं छूट जाती थी।

### दो लाख लोगों के खातों में सिंगल क्लिक के जरिये प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त भेजी जायेगी

**जन एक्सप्रेस//हमीरपुर।** डिप्टी कलेक्टर पैगाम हैदर ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी दो के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण के करीब दो लाख लोगों को सिंगल क्लिक के जरिये पहली किस्त की धनराशि भेजी जायेगी। मुख्यमंत्री के सिंगल क्लिक के जरिये से 18 जनवरी 2026 को इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान लखनऊ में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी दो के तहत करीब दो लाख लोगों को पहली किस्त की धनराशि सीधे उनके खाते में भेजी जायेगी। जिसकी लाईव ब्राडकास्टिंग कलेक्ट्रेट मीटिंग हाल में जन प्रतिनिधियों की मौजूदगी में एक बजे से देखी व सुनी जायेगी। इस मौके पर जिलाधिकारी के जरिये जिले के 2630 लाभार्थियों को पहली किस्त का फायदा दिया जायेगा।

### अवैध शराब बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण व बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चैकी प्रभारी गनीवां अनिल कुमार गुप्ता व उनकी टीम आरक्षी वीरेन्दर व रामकेश द्वारा आरोपी पवन सिंह निवासी चनहट थाना राजापुर को 21 कार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में आरोपी विरुद्ध थाना राजापुर में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के जरिए दिया जीवन-रक्षा का संदेश

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के रोड सेफ्टी क्लब द्वारा शंख चैराहा सीतापुर में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों को हेल्मेट पहनने व सीटबेल्ट लगाने के साथ सड़क सुरक्षा नियमों का पालने करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ विनोद कुमार मिश्रा, डॉ प्रमिला मिश्रा व कार्यक्रम समन्वयक डॉ आनन्द कुमार सहित विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने राहगीरों व वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी और उन्हें दैनिक जीवन में अपनाने का आग्रह किया। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में सेवा-भाव, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करती है। सड़क सुरक्षा जैसे अभियान से समाज में सकारात्मक परिवर्तन हो रहा है। यातायात प्रभारी शैलेन्द्र सिंह एवं पुलिस विभाग के सहयोग से स्वयंसेवकों ने दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने तथा चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित किया।

# डीएम ने किया स्थायी गौशाला व लाइब्रेरी का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी पुलकित गर्ग व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शनिवार को मऊ ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत बरगढ़ स्थित स्थायी गौशाला निरीक्षण किया। यहां डीएम व एसपी ने गौवंशों के लिए की गई आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेकर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

गौशाला के निरीक्षण के दौरान टैग किए गए कुल 314 गौवंश पाए गए, जिनका विवरण अभिलेखों में भी दर्ज मिला। गौशाला में भूसा, पशु आहार, नमक एवं गुड़ की उपलब्धता सुनिश्चित पाई गई। साथ ही पशुओं के लिए चरही एवं पेयजल चरही की व्यवस्था भी संतोषजनक मिली। गौशाला में सफाई व्यवस्था के साथ सीसीटीवी कैमरे भी संचालित होते हुए पाए गए। इस दौरान खंड विकास अधिकारी ने बताया कि गौशाला का निर्माण 7.03 लाख रुपये की लागत से कराया गया है। डीएम ने निर्देश दिए कि गौशाला की फर्श को ढालदार (स्लोपयुक्त) बनवाए, जिससे जलभराव की स्थिति न उत्पन्न हो और स्वच्छता बनी रहे। इसके साथ ही गर्मी के दृष्टिगत अतिरिक्त शेड का भी निर्माण कराने एवं टिन शेड के नीचे पुआल की परत बिछाने के निर्देश दिए गए ताकि आने वाली गर्मी के मौसम में गौवंश को लू एवं ताप से सुरक्षित रखा जा सके। निर्देश दिए कि गौवंश को बाहर न छोड़ा जाए तथा उनके लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा, हरा चारा एवं पौष्टिक आहार की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि गौशाला के समीप उपलब्ध बंजर भूमि पर नेपियर घास एवं अन्य हरा चारा उगाने की व्यवस्था कराए। निर्देशित किया कि गौशालाओं में स्थापित सीसीटीवी कैमरों को इंटरनेट से जोड़ा जाए, जिससे उनकी रीयल-टाइम मॉनिटरिंग मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय से सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही डीएम ने जनपद की समस्त गौशालाओं में सघन वृक्षारोपण कराने तथा पौधों के संरक्षण एवं नियमित सिंचाई की जिम्मेदारी संबंधित केयर टेकर को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# आपसी सामंजस्य के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ धरना समाप्त

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



जिला पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ धरने पर बैठे नाराज़ जिला पंचायत सदस्यों ने बुधवार को बिना शर्त आपसी सहमति के आधार पर अपना धरना समाप्त कर दिया।शहर के गणमान्य नागरिकों और वरिष्ठ जिला पंचायत सदस्यों के हस्तक्षेप व समझाइश के बाद यह सहमति बनी, जिससे लंबे समय से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हुआ।धरना समाप्त कराने में वरिष्ठ सदस्य एवं गणमान्य नागरिक रईश खान,बलवान सिंह,पूर्व विधानसभा प्रत्याशी व समाजसेवी जयराम सिंह,दिलीप सिंह तथा रजनी यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।इन सभी ने नाराज़ सदस्यों से संवाद कर उन्हें विकास हित में सकारात्मक कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। समझौते के बाद धरने पर बैठे भरत सिंह,नीरज कुमार,सदाशिव अनुरागी और अरुण कुमार ने अपना अनशन समाप्त कर दिया।साथ ही सभी ने जिले में चल रहे एवं प्रस्तावित विकास कार्यों में सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।धरना समाप्त होने से जिला पंचायत में कार्य संचालन सामान्य होने की उम्मीद जताई जा रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक हलकों ने इस सहमति का स्वागत करते हुए इसे जनहित में एक सकारात्मक पहल बताया है।

# जीएसटी धारक का होता है दस लाख का दुर्घटना बीमा, जिसकी किस्त जमा करने की नहीं होती जरूरत

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



मौदहा के एक गेस्ट हाउस में राज्य कर विभाग की तरफ से व्यापारियों से बातचीत के खास कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में व्यापारियों के रजिस्ट्रेशन, समाधान योजना, रिटर्न फाइलिंग जी. एस. टी सुधारों के फायदे, व्यापारी दुर्घटना बीमा के बारे में खासतौर से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के तहत जी एस टी धारक का 10 लाख का दुर्घटना बीमा भी होता है, जिसके लिए कोई क़िस्त नहीं जमा करना होती है। बताया गया कि जीएसटी के रजिस्ट्रेशन के बाद आई टी सी के फायदे सहित सरकारी योजनाओं का भी जी एस टी धारक को फायदा मिलता है।साथ ही बिना रजिस्टर्ड व्यापारियों को रजिस्ट्रेशन कराने के लिये कहा गया। साथ ही रजिस्ट्रेशन कराने के दौरान लगने वाले जरूरी कागजों के बारे में भी बताया गया । इसके साथ ही समाधान योजना के तहत रिटर्न जमा करने की भी जानकारी दी गई, साथ ही कहा गया कि रजिस्ट्रेशन कराने के दौरान किसी तरह की परेशानी आने पर कार्यालय में आकर जानकारी ली जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान राज्य कर विभाग के राम नारायण आनंद संयुक्त आयुक्त बांदा ने व्यापरियों को जी एस टी के अलग- अलग पहलुओं के साथ ही जी एस टी के सुधारों के बारे मे जानकारी दी। साथ ही बताया गया कि जी एस टी से जुड़ी कोई भी परेशानी होने पर फोन से भी जानकारी ली जा सकती है। कार्यक्रम में राम नारायन संयुक्त आयुक्त, दीपक कुमार सिंह, सहायक आयुक्त प्रियदर्शी कटियार, सहायक आयुक्त, राजेंद्र सिंह, राज्य कर अधिकारी सहित कार्यालय कर्मचारी भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में अनिल अग्रवाल अध्यक्ष भट्ठा एसोसिएशन, बृजेश गुप्ता अध्यक्ष, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, जितेन्द्र गुप्ता अध्यक्ष उ प्र व्यापार मंडल, मुबीन खान, अध्यक्ष, हिन्दुस्तान व्यापार मंडल, सुनील शर्मा, अध्यक्ष, कर अधिवक्ता संघ,अधिवक्ता सुभान खान, हर स्वरुप गुप्ता, नमन गुप्ता, कुशाग्र गुप्ता, सी. ए. शिवम गुप्ता सहित व्यापार मंडल के पदाधिकारी और व्यापारी मौजूद रहे।

### युवक की हत्या के बाद शव जंगल में फेंका

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** हत्या करने के बाद हत्यारोपी शव को जंगल में फेंककर फरार हो गए ।गांव वालों ने जब शव पड़ा देखा। तब सूचना पुलिस को दी। सूचना के मिलते ही तत्काल पुलिस अधिकारी पहुंचे। जहां उन्होंने घटना का जायजा लिया ।पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है ।नरैनी कोतवाली क्षेत्र के जमवारा गांव स्थित जंगल में शनिवार की दोपहर एक युवक का शव पड़ा पाया गया। जिसकी उम्र 35 से 40 वर्ष के बीच बताई जा रही है। उसके शरीर में जगह-जगह चोट के निशान थे। गांव वालों ने शव पड़ा देखा। तब सूचना पुलिस को दी। सूचना के मिलते ही तत्काल पुलिस अधिकारी पहुंचे। जहां उन्होंने घटना का जायजा लिया। शव को देखकर लग रहा था कि किसी ने बेरहमी से उसकी हत्या की है। हत्या करने के बाद आरोपी शव फेंक कर फरार हो गए हैं। पुलिस में पहचान के काफी प्रयास किये। लेकिन अभी तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। इधर घटना के खुलासे को लेकर एसपी पलाश बंसल ने अलग-अलग टीमें लगाई है।

# 474 वर्ष पहले रामघाट में गोस्वामी तुलसीदास को हुए थे प्रभु श्रीराम व लक्ष्मण के दर्शन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

संवत् 1607 में माघ की कृष्ण पक्ष मौनी अमावस्या को गोस्वामी तुलसीदास को प्रभु श्रीराम व लक्ष्मण के दर्शन हुए। धर्मगनरी स्थित तोतामुखी हनुमान मंदिर के महंत मोहित दास ने बताया कि गोस्वामी तुलसीदास को आज से 474 वर्ष पहले प्रभु श्रीराम व लक्ष्मण के दर्शन हुए थे। बनारस में तुलसी दास की प्रेत राज से मुलाकात हुई, तो प्रेत ने बनारस में हनुमान जी से मिलाया। हनुमान जी ने चित्रकूट के लिए कहा कि वहां प्रभु के दर्शन होंगे। हनुमान जी के आज्ञा से तुलसीदास चित्रकूट आए और मां मन्दाकिनी के किनारे रामघाट पर मिट्टी की कगार में छोटी सी गुफा बना कर अखंड ज्योति जला कर तपस्या करने लगे और प्रतिदिन कामदगिरि की परिक्रमा लगाने लगे। एक बार तुलसीदास को कामदगिरि में भगवान राजकुमार के भेष में मिले तो वह पहचान नहीं पाए। हनुमान जी के बताने पर तुलसीदास को पता चला कि राजकुमार ही प्रभु श्रीराम है। जिसके बाद हनुमान जी ने कहा कि उन्हें प्रभु के दर्शन अवश्य होंगे। जिसके बाद संवत् 1607 दिन बुधवार माघ की मौनी अमावस्या को तुलसी दास रामघाट में चंदन घिस रहे थे। इस दौरान संतो की भीड़ में सुंदर बालक के रूप में प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण धनुष बाण लिए आए और उनसे तिलक लगाने का आग्रह किया। तिलक लगाने के दौरान हनुमान जी ने तोते के रूप में प्रगट होकर तुलसी दास को 'चित्रकूट के घाट पर भई संतन की भीर,

तुलसी दास चंदन घिसे तिलक देत रघुवीर'' दोहा सुनाया। इस दोहे को सुन कर तुलसी दास जी ने प्रभु के चरणों को पकड़ लिया और रोने लगे, तब उसी समय प्रभु ने उठा कर हृदय से लगा लिया अपने विराट रूप के दर्शन कराए।

# तेज गति के साथ परियोजना को गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए-आयुक्त

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

दिन शनिवार को आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल अजीत कुमार की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय में निर्माण कार्य की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में आयुक्त ने समस्त कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देशित किया कि परियोजनाओं के लंबित नहीं रहने पाए उन्हें गुणवत्ता के साथ परियोजनाओं को तेज गति के साथ पूर्ण किया जाए।उन्होंने निर्देशित किया कि इस कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने कार्य करने वाली संस्थाओं के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए की जो परियोजनाएं लंबित एवं देरी से संचालित हो रहे हैं उनका विशेष ध्यान रखते हुए कार्य में तेजी लाएं तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।उन्होंने बैठक में हमीरपुर के जल निगम ग्रामीण के अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर उनके प्रति कड़ी नाराजगी व व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए उन्होंने ग्राम विकास विभाग द्वारा राजापुर कमासिन मार्ग से भगतपूर तक की सड़क निर्माण के कार्य में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग द्वारा जनपद हमीरपुर से हमीरपुर बाईपास के अंतर्गत यमुना बेतवा सेतु तथा रोहन नाल सेतु का निर्माण कार्य तेज से पूर्ण कराया जाने के निर्देश दिए। उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम द्वारा वृहद को संरक्षण केंद्र मंगरौत हमीरपुर का निर्माण कार्य में प्रगति धीमी होने पर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये, उन्होंने सीएनडीएस कार्यालय संस्था द्वारा जनपद चित्रकूट के अंतर्गत मानिकपुर तालाब के अमृत सरोवर का विकास कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाने के निर्देश संबंधित संस्था को दिए।लोक निर्माण विभाग द्वारा गिरवा होते हुए सेउडा घाट का कार्य शीघ्र पूर्ण करने एवं गुणवत्ता को ध्यान रखते हुए समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए जनपद चित्रकूट से बबेरू कमासिन राजापुर मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण का कार्य में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। सिंचाई जल संसाधन के अंतर्गत जनपद चित्रकूट में नहर भूमि की सीमांकन कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए केन बेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत नहर प्रणाली के पुनरुद्धार योजना का कार्य में तेजी लाए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं कार्य संस्थाओं को दिए। बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त अरविंद कुमार तथा कार्यालय संस्थाओं के अधिकारी गण एवं मंडल के संबंधित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।





### टीएमसी घुसपैठियों को वोटर बना रही: मोदी

पश्चिम बंगाल के मालदा में शनिवार को पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल के सामने एक बड़ी चुनौती घुसपैठ की है। बंगाल के कई इलाकों में आबादी का संतुलन बिगड़ रहा है। टीएमसी घुसपैठियों को वोटर बना रही। गरीबों का हक छीना जा रहा है। भाजपा सरकार बनते ही... पढ़ें पेज 12 पर...

# रसोई से चोरी! गैस में घटतौली पर छापे

- हॉकरों के लोड पर तौल, कम निकले सिलेंडर जब्त
- जुर्माना ठोका, एजेंसियों में मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



घरेलू उपभोक्ताओं की रसोई से हो रही खुली लूट को लेकर जन एक्सप्रेस में लगातार प्रकाशित खबरों का असर शनिवार को साफ नजर आया। विधिक माप-तौल विभाग की टीम ने कई गैस एजेंसियों के हॉकरों के लोड पर अचानक छापेमारी कर सिलेंडरों की तौल की, जहां वर्षों से चल रही घटतौली की पोल खुल गई। जांच के दौरान कई घरेलू गैस सिलेंडर निर्धारित वजन से कम पाए गए, जिस पर टीम ने मौके पर ही कम गैस वाले सिलेंडर जब्त कर जुर्माने की कार्रवाई की। इस कार्रवाई से गैस एजेंसियों और हॉकरों में अफरा-तफरी मच गई। छापेमारी का नेतृत्व सीनियर इंस्पेक्टर जगदीश मौर्य और इंस्पेक्टर अंकित अग्रवाल ने किया। अधिकारियों ने दो टूक चेतावनी दी कि यदि भविष्य में गैस रिफ्लिंग या घटतौली पकड़ी गई तो सिर्फ जुर्माना नहीं, कड़ी विधिक कार्रवाई की जाएगी। सवाल यह है कि उपभोक्ताओं के साथ यह खेल कब से चल रहा था और अब तक जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे क्यों बैठे थे? क्या यह कार्रवाई स्थायी होगी या फिर खबरों के दबाव में किया गया एक औपचारिक दिखावा? जन एक्सप्रेस उपभोक्ताओं की आवाज़ बना रहेगा और रसोई से हो रही इस चोरी के खिलाफ संघर्ष जारी रखेगा।

**कई एजेंसियों के हॉकरों के लोड पर छापा**

- तय मानक से कम वजन वाले सिलेंडर मिले
- कम गैस वाले सिलेंडर जब्त
- मौके पर जुर्माना, सख्त चेतावनी
- जन एक्सप्रेस की खबरों के बाद कार्रवाई

# सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत लखनऊ में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत लखनऊ जनपद में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। लोरेटो कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल, हजरतगंज में चित्रकला प्रतियोगिता लोरेटो कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल, हजरतगंज, लखनऊ में सड़क सुरक्षा विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यालय की 100 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में से 10 सर्वश्रेष्ठ चित्रों का चयन विद्यालय द्वारा किया गया, जिन्हें प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मान्या चौधरी, द्वितीय स्थान यशिका सिंह एवं तृतीय स्थान अहाना आर्या ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) आलोक कुमार यादव, यातायात निरीक्षक हजरतगंज उदय प्रताप सिंह, यातायात उपनिरीक्षक हजरतगंज प्रभास श्रीनेत, हीरो मोटोकॉर्प ट्रैफिक पार्क के सीएसआर मैनेजर सुमित मिश्रा उपस्थित रहे। विद्यालय की ओर से प्रिंसिपल सुनिला तोपो सहित शिक्षिकाएं डॉक्टर स्वाति पाण्डेय, गीतांजलि बहादुर सिंह, रेखा मेहरा एवं जी ट्रिके आदि उपस्थित रहीं। आर्य कुलम ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में सड़क सुरक्षा रैली एवं प्रतियोगिताएं आर्य कुलम ग्रुप ऑफ कॉलेजेस, बिजनौर रोड, नाटकुर, लखनऊ में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली, शपथ कार्यक्रम तथा स्लोगन एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रैली में विद्यालय के लगभग 150 बच्चों ने प्रतिभाग किया।

**बच्चों द्वारा लिखे गए प्रमुख स्लोगन इस प्रकार रहे**

- दुर्घटना के तीन आधार – नशा, नींद और तेज रफ्तार।
- जो वाहन धीरे चलाएगा, वह दुर्घटना से बच जाएगा।
- नसीब बचाए एक बार, हेलमेट बचाए बार-बार।
- पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनस दीक्षित, द्वितीय ऋचा सिंह एवं तृतीय राम कुमार रहे। वहीं स्लोगन प्रतियोगिता में निधि प्रथम, नीलकही द्वितीय एवं आर्य गुप्ता तृतीय स्थान पर रहे।
- उक्त कार्यक्रम में यात्री/मालकर अधिकारी आभा त्रिपाठी सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बैंक ऑफ बड़ौदा घोटालाकांड: करोड़ों उड़ाए पुलिस-बैंक मौन, पीड़ित दर-दर भटके



**छात्रवृत्ति खाते खाली, छात्रों में आक्रोश**

मामला तब और भड़का जब विश्वविद्यालय के छात्रों की छात्रवृत्ति की राशि खातों से गायब मिलने लगी। मजबूर छात्रों ने एक-दूसरे की मदद से हंगामा किया, जिसके बाद सैकड़ों ऑनलाइन शिकायतें दर्ज कराई गईं। थाने पहुंचे एक विकलांग छात्र ने पुलिस पर अभद्रता का आरोप लगाया, तब जाकर किसी तरह एफआईआर दर्ज की गई। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जिस आरोपी बैंक मित्र को थाने लाया गया था, वही अब खुलेआम पुलिस की पहुंच से बाहर है।

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

पारा थाना क्षेत्र के मोहान रोड स्थित शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय परिसर में बैंक ऑफ बड़ौदा से जुड़ा करोड़ों रुपये का घोटालाकांड अब प्रशासनिक लापरवाही और संदिग्ध भूमिका की जीती-जागती मिसाल बनता जा रहा है। पांच दिन पूर्व जब ठगे गए खाताधारकों ने बैंक मित्र शिवा राव को पकड़कर हंगामा किया, तब मौके पर पहुंचे दरोगा गिरीश ने आरोपी बैंक मित्र को भीड़ से 'सुरक्षित' निकालकर थाने पहुंचाया। घंटों चली पंचायत के बाद पुलिस ने चौंकाने वाला दावा किया– 'किसी भी पीड़ित ने तहरीर नहीं दी।' पुलिस का कहना था कि आरोपी शिवा राव ने 15 दिनों में रुपये लौटाने का वादा किया है। हैरानी की बात यह रही कि उस समय खाताधारकों के साथ बैंक मैनेजर भी मौजूद थे, लेकिन न तो बैंक प्रबंधन ने करोड़ों के इस घोटाले को गंभीरता से लिया और न ही पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई की।

**करोड़ों का घोटाला, पीड़ित बेहाल**

सैकड़ों लोगों के करोड़ों रुपये हड़पने वाले शिवा राव के साथ बैंक कर्मियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। सवाल यह है कि बिना बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत के इतने बड़े पैमाने पर लेन-देन कैसे हुआ? पीड़ित छात्र अब इलाहाबाद हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल करने की तैयारी कर रहे हैं। कई समाजसेवी संगठन भी पीड़ितों के समर्थन में सामने आ चुके हैं।

**सवालों के घेरे में पुलिस और बैंक**

जब आरोपी थाने में मौजूद था तो गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई? बैंक मैनेजर की मौजूदगी के बावजूद आंतरिक जांच क्यों नहीं शुरू हुई?

**करोड़ों के घोटाले में अब तक कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं?**

यह मामला अब सिर्फ बैंक फ्रॉड नहीं, बल्कि पुलिस संरक्षण, बैंक लापरवाही और सिस्टम की चुप्पी पर बड़ा सवाल बन चुका है।

# नगर निगम लखनऊ का निर्णय: आज अवकाश के दिन खुले रहेंगे कर कार्यालय



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

नगर निगम लखनऊ द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति से पूर्व राजस्व संग्रहण को और अधिक गति प्रदान करने के उद्देश्य से निरंतर विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर आयुक्त महोदय के आदेशानुसार आगामी रविवार, 18 जनवरी 2026 को अवकाश के दिन भी नगर निगम के समस्त जोनल कार्यालय एवं कर काउंटर सुबह 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक खुले रहेंगे। नगर निगम प्रशासन का उद्देश्य नागरिकों को अधिक से अधिक सुविधा प्रदान करते हुए गृहकर एवं जलकर की वसूली बढ़ाना तथा निर्धारित राजस्व लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करना है। अवकाश के दिन कार्यालय खोले जाने से उन करदाताओं को भी सुविधा मिलेगी, जो कार्यदिवसों में कार्यालय नहीं आ पाते हैं। इस दिन नगर निगम के सभी जोनल कार्यालयों में भवनस्वामियों का कर निर्धारण, फीडिंग, संशोधन, आपत्तियों का निस्तारण एवं गृहकर तथा जलकर जमा करने से संबंधित समस्त कार्य किए जाएंगे। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे करदाताओं से संपर्क कर बकाया कर जमा कराने हेतु प्रेरित करें। नगर निगम द्वारा यह भी निर्देश दिए गए हैं कि वार्ड स्तर पर लगाए जा रहे कर कैंपों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे नागरिक अपने क्षेत्र में ही कर निर्धारण एवं कर भुगतान की सुविधा प्राप्त कर सकें और अधिक से अधिक राजस्व संग्रह सुनिश्चित किया जा सके।

# 100 करोड़ की कर चोरी में फंसे सीजीएसटी इंस्पेक्टर, विभागीय जांच हुई शुरू, तलाश में जुटी एसटीएफ

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

100 करोड़ की जीएसटी चोरी प्रकरण के आरोपी सेंट्रल जीएसटी के इंस्पेक्टर मोहित अग्रवाल के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू हो गई है। विभागीय जांच में उसके पूरे खेल का खुलासा हुआ। उधर एसटीएफ लखनऊ की टीम उसकी तलाश में यूपी से लेकर हरियाणा में दबिश दे रही है। गाजियाबाद के कवि नगर में सौ करोड़ की जीएसटी चोरी का मामला दर्ज हुआ था। एसटीएफ लखनऊ की टीम मामले में आरोपियों की तलाश में लगाई गई थी। दो सप्ताह पहले एसटीएफ ने दिल्ली से हरदीप सिंह, जितेंद्र झा, पुनीत अग्रवाल व शिवम सिंह को गिरफ्तार किया था। उनसे पूछताछ व उनके पास से मिले साक्ष्यों से खुलासा हुआ था कि दिल्ली में तैनात सीजीएसटी का इंस्पेक्टर मोहित अग्रवाल भी गिरोह में शामिल है। उसने पुनीत अग्रवाल की सस्पेंडेड फर्म एडॉन ऑटोमोबाइल को फर्जीवाड़ा कर रिस्टोर करवा दिया था। जिसके जरिये गिरोह जीएसटी चोरी कर रहा था। अब आरोपी इंस्पेक्टर के खिलाफ विभागीय जांच शुरू हुई है। एसटीएफ और पुलिस ने उसके विभाग से मोहित का पूरा रिकॉर्ड मांगा है। जिसमें ये डिटेल मांगी गई है कि पिछले एक दो साल में कितनी सस्पेंडेड फर्म रिएक्टिव की गई। मोहित का किन किन मामलों में हाथ है। मामले में हरियाणा के आलोक समेत कई और लोगों का भी नाम सामने आ रहा है।

# पूरे देश की सभी विधानसभाओं के अध्यक्ष जुटेंगे लखनऊ में, 19 से 21 जनवरी तक लोकसभा अध्यक्ष रहेंगे मौजूद

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ 19 से 21 जनवरी तक देश के सबसे बड़े विधायी आयोजन की मेजबानी करने जा रही है। तीन दिवसीय राष्ट्रीय पीठासीन अधिकारियों का सम्मेलन यहां आयोजित होगा, जिसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं के अध्यक्ष, विधान परिषदों के सभापति तथा संसद के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना आयोजन की मेजबानी करेंगे। सम्मेलन का उद्घाटन 19 जनवरी को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन के समापन सत्र को 21 जनवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संबोधित करेंगे। विधानमंडलीय परंपरा के अनुसार यह सम्मेलन हर वर्ष किसी न किसी राज्य में आयोजित किया जाता है। पिछली बार इसकी मेजबानी कर्नाटक ने की थी। उत्तर प्रदेश में यह सम्मेलन चौथी बार आयोजित हो रहा है। इससे पहले वर्ष 2015 में प्रदेश को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई थी। वहीं, 100वां सम्मेलन वर्ष 2022 में शिमला में आयोजित किया गया था। सम्मेलन के समानांतर 19 जनवरी को देश भर के विधानसभा और विधान परिषद सचिवों का अलग सम्मेलन भी आयोजित होगा। इसमें बदलते राजनीतिक और प्रशासनिक परिवेश में विधानमंडलीय सचिवों की भूमिका, डिजिटल प्रक्रियाएं और कार्यप्रणाली में सुधार जैसे विषयों पर मंथन किया जाएगा। 20 जनवरी को मुख्य सम्मेलन सत्र में पीठासीन अधिकारियों के स्तर पर विधायी संस्थाओं की भूमिका, कार्यकुशलता, संसदीय मर्यादा और लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करने से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होगी। राज्य सरकार और विधानसभा सचिवालय ने सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। सुरक्षा व्यवस्था, अतिथियों के आवास, परिवहन और कार्यक्रम स्थलों को लेकर विशेष प्रबंध किए गए हैं। इस आयोजन से लखनऊ एक बार फिर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक विमर्श के केंद्र के रूप में उभरेगा और प्रदेश को संसदीय परंपराओं के सुदृढ़ीकरण में अग्रणी भूमिका निभाने का अवसर मिलेगा।

# लखनऊ विवि में छात्रों के दो गुटों में जमकर भिड़ंत, रोहित वेमुला को लेकर आमने-सामने आए छात्र



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ विश्वविद्यालय में शनिवार दोपहर करीब एक बजे रोहित वेमुला की बरसी के मौके पर निकाले जा रहे स्मृति मार्च के दौरान दो छात्र संगठनों के बीच तनाव हिंसक झड़प में बदल गया। बिरसा अंबेडकर फुले छात्र संगठन (बापसा) और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्यों के बीच नारेबाजी पर शुरू हुई बहस देखते ही देखते मारपीट में तब्दील हो गई। मौके पर मौजूद भारी भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्मृति मार्च के दौरान नारे लगाने पर दोनों पक्षों में पहले कहासुनी हुई, जिसके बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। बापसा की ओर से 'रोहित हम शर्मिंदा हैं, तेरे कातिल जिंदा हैं' जैसे नारे लगाए गए। संगठन से जुड़े छात्रों ने उत्पीड़न के आरोप लगाते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। झड़प के दौरान एक छात्र को गंभीर चोट आने की सूचना है। मार्च में मानव रावत, अंकित गौतम, अश्वनी कुमार, अमितेश पाल, सुबेंदु रावत, अजितेंद्र आजाद, अमित कुमार सहित अन्य छात्र मौजूद थे।

**एबीवीपी ने भी दी तहरीर, जातिवादी टिप्पणी का आरोप**

दूसरी ओर, एबीवीपी की ओर से भी हसनगंज कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई गई है। अंग्रेजी विभाग के शोध छात्र राधेश्याम पांडेय ने बापसा कार्यकर्ताओं पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया। शिकायत के अनुसार, वह विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन की ओर जा रहे थे, तभी बिना अनुमति मार्च निकाल रहे कार्यकर्ताओं ने उन पर हमला कर दिया। एबीवीपी का आरोप है कि इस दौरान ब्राह्मणवाद, ठाकुरवाद और सुविधावाद जैसे नारे लगाए गए। संगठन ने बापसा अध्यक्ष शिखर दास सहित राम शरण, रवि और करीब 20 अन्य लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ता हिरासत में**

इधर, रोहित वेमुला स्मृति दिवस के अवसर पर समाजवादी छात्र सभा की ओर से निकाले गए अलग मार्च के दौरान पुलिस और छात्रों के बीच टकराव हो गया। पुलिस के रोकने के बावजूद छात्र नहीं माने, जिसके बाद कई कार्यकर्ताओं को घसीटते हुए पुलिस ने बसों में बैठाकर हिरासत में लिया। इससे छात्रों में नाराजगी रही। समाजवादी छात्र सभा के सचिव अतुल कुमार शुक्ला ने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस की सरकार दलितों के हितों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण स्मृति मार्च के दौरान चार थानों की पुलिस बुलाकर छात्रों को रोका गया और जबरन डिटेन किया गया।

# ईरान संकट के बीच लखनऊ से 40 जायरीन का जत्था इराक रवाना

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

ईरान में माहौल बिगड़ने की खबरों के बीच जियारत पर जाने वाले जायरीन का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है। शुक्रवार रात लखनऊ से 40 जायरीन का एक जत्था इराक के लिए रवाना हुआ। टूर संचालक के अनुसार, यदि हालात अनुकूल रहे तो यह जत्था इराक के बाद ईरान भी जियारत के लिए जाएगा। लखनऊ व आसपास के जिलों से हर साल सैकड़ों की संख्या में जायरीन जियारत के लिए इराक जाते हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार रात 40 जायरीन का एक ग्रुप इराक के लिए रवाना हुआ है। मेंहदी टूर ट्रैवल्स के संचालक अकील जाफर ने बताया कि जायरीन इराक में लगभग 20 दिन तक विभिन्न मुकद्दस मकामात पर जियारत करेंगे। इसके बाद वहां की सुरक्षा स्थिति का आकलन कर आगे की यात्रा का फैसला लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ईरान में जंग जैसे हालात की खबरों के बावजूद जायरीन के उत्साह में कोई कमी नहीं है। सभी जायरीन लगातार वहां के हालात पर नजर बनाए हुए हैं और उम्मीद जता रहे हैं कि अगर स्थिति सामान्य होती है तो वे इराक से सीधे ईरान के लिए रवाना होंगे।

# यूपी के प्रशंसक बने मुख्य न्यायाधीश

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- मुख्य न्यायाधीश ने किया छह एकीकृत न्यायालय परिसरों का शिलान्यास व भूमि पूजन

देश के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में शनिवार को चंदौली में छह एकीकृत न्यायालय परिसरों का शिलान्यास व भूमि पूजन किया। उन्होंने इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार व उच्च न्यायालय को बधाई दी और प्रदेश सरकार के प्रयास को सराहा। मुख्यमंत्री ने 10 कोर्ट कॉम्प्लेक्स की घोषणा की है। इनमें से छह की स्थापना शिलान्यास व भूमि पूजन का कार्य आज शुरू हुआ है। इसके बनने से यूपी सारे भारत में उदाहरण प्रस्तुत करेगा। ये कॉम्प्लेक्स देश के लिए बेंचमार्क बनेंगे। मैं जिस भी प्रदेश में जाऊंगा, वहां यूपी सरकार का उदाहरण दूंगा। राज्य सरकारों व हाईकोर्ट से आह्वान करूंगा कि वहां भी ऐसी सुविधाएं मिलें। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यह क्षेत्र ऐतिहासिक धार्मिक मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। मुख्यमंत्री ने उसी इतिहास में नई कड़ी जोड़ी है, जब यहां न्यायिक मंदिरों की स्थापना की जा रही है। इंटीग्रेटेड ज्यूडिशियल कोर्ट कॉम्प्लेक्स अगले 50 वर्ष तक न्याय परिसर की आवश्यकताओं को सशक्त रूप से पूरा करने में सफल रहेंगे। हर प्रकार की सुविधाओं से युक्त कॉम्प्लेक्स में अधिवक्ताओं व आम आदमी के लिए प्रदान की गई सुविधाएं सराहनीय हैं। कोर्ट कॉम्प्लेक्स न्याय का मंदिर साबित होगा। यहां बैठकर न्यायिक अधिकारी मानवीय मूल्यों का ध्यान रखते हुए फरियादियों को न्याय देंगे। इसमें बार के सदस्यों की भी सक्रिय भूमिका होगी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि संविधान में डिस्ट्रिक्ट ज्यूडिशयरी को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। इसमें एक अनुच्छेद है कि हर राज्य के पास अपना हाईकोर्ट होगा और उस हाईकोर्ट के पास मौलिक, मानवीय व अन्य अधिकारों को लागू करने की क्षमता होगी। संविधान निर्माताओं की सोच यही रही कि डिस्ट्रिक्ट ज्यूडिशयरी स्थापित होगी तो लोगों को अपने क्षेत्र में कोर्ट की सुविधाएं मिलेंगी।मुख्य न्यायाधीश ने हाईकोर्ट से कहा कि जनपद न्यायालयों में प्रैक्टिस करने वाली महिलाओं के लिए अलग से बार रूम बनें। उन्होंने यहां की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अनुरोध किया कि कॉम्प्लेक्स में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी बन जाए। इससे बुजुर्गों, वादकारियों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से निजात मिल जाएगी। शिलान्यास व भूमि पूजन कार्यक्रम में उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पंकज मिथल, न्यायमूर्ति मनोज मिश्र, न्यायमूर्ति राजेश बिंदल, उच्च न्यायालय इलाहाबाद के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली व उत्तराखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता तथा वरिष्ठ न्यायाधीश महेश चंद्र त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# परिवहन विभाग एटीएस सेंटर पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता माह का किया गया आयोजन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**






राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत चल रही विभिन्न पहलों के क्रम में आज,त्यत्र्स,त्र्रस सेंटर (परिवहन विभाग) बी के टी,में एक सार्थक और ज्ञानवर्धक सड़क सुरक्षा जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस जनजागरूकता पहल में ए टी एस टीम और उद्घोष फाउंडेशन के सदस्यों ने मिलकर प्रतिभागियों के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद किया, जिनमें शामिल थे वाहन फिटनेस का महत्व व सुरक्षित एवं जिम्मेदार ड्राइविंग की आदतें लोगो को समझाई और समय-समय पर फिटनेस जाँच की आवश्यकता को भी बताया। वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न किया जाय और ओवरस्पीडिंग से जुड़े खतरे व दोपहिया चालकों के लिए हेलमेट की अनिवार्यता जरूरी है गुड समैरिटन कानून आज ए टी एस सेंटर पर फिटनेस के लिए आए ड्राइवरों के साथ-साथ अन्य आगंतुकों ने भी बड़ी रुचि के साथ इस सत्र को सुना। विशेषज्ञों ने बताया कि 'सुरक्षित यात्रा की शुरुआत फिट वाहन से होती है। सत्र के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से सड़क सुरक्षा की शपथ ली और नियमों का पालन करने का संकल्प दोहराया।आइए मिलकर न केवल इस माह, बल्कि पूरे वर्ष को सुरक्षित सड़क वर्ष बनाने की दिशा में कदम बढ़ाएँ।

# योगी सरकार के जीरो पावर्टी अभियान को 'धार' देंगे यूनिवर्सिटी और कॉलेज

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

योगी सरकार प्रदेश को गरीबी मुक्त बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। इसके तहत योगी सरकार जीरो पावर्टी अभियान से प्रदेश के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को जोड़ने पर विचार कर रही है। इसके लिए विश्वविद्यालय और कॉलेज से एमओयू साइन किया जाएगा। यह विश्वविद्यालय और कॉलेज जीरो पावर्टी अभियान के तहत चिन्हित निर्धन परिवारों के सर्वांगीण विकास के लिए 10 से 15 ग्राम पंचायतों को गोद लेंगे। इन संस्थानों के एनएसएस, एनसीसी, एमएसडब्ल्यू समेत विभिन्न कोर्स के छात्र जीरो पावर्टी परिवार के सदस्यों को आजीविका, कौशल विकास, रोजगार व सामाजिक सशक्तिकरण से जुड़े कार्यों में इन्हे जोड़ने के लिए वालंटियर्स के रूप में काम करेंगे। इसकी शुरुआत पायलेट प्रोजेक्ट के तहत सबसे पहले राजधानी लखनऊ से होगी। वहीं सफल परिणाम के बाद चरणबद्ध तरीके से पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। प्रमुख सचिव नियोजन एवं जीरो पावर्टी अभियान के नोडल अधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत के चिन्हित परिवारों को विश्वविद्यालय, कॉलेज के छात्र आजीविका संवर्धन, कौशल विकास, रोजगार सृजन और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सर्वे करेंगे। संस्थानों के स्तर पर नोडल शिक्षक की तैनाती की जाएगी, जो अभियान की निगरानी करेंगे और ग्राम पंचायतों में चल रहे कार्यक्रमों का मार्गदर्शन करेंगे। युवाओं की भागीदारी के लिए विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के एनएसएस, एनसीसी और एमएसडब्ल्यू सोशल वर्क समेत विभिन्न कोर्स में अध्यनरत छात्रों को जोड़ा जाएगा। ये गांवों में जाकर जीरो पावर्टी परिवारों के सदस्यों की जरूरतों का आकलन करेंगे।प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने बताया कि कौशल प्रशिक्षण, रोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए माइक्रो-प्लानिंग की जाएगी। युवाओं को स्किलिंग, अप्रेंटिसशिप और प्लेसमेंट लिंकेज से जोड़ा जाएगा। जीरो पावर्टी परिवार के युवाओं को आवेदन प्रक्रियाओं में सहायता दी जाएगी ताकि पात्र परिवार योजनाओ से वंचित न रहें। योग्य लाभार्थियों की नियमित मेंटरिंग और प्रगति की ट्रैकिंग की जाएगी। पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का 100 प्रतिशत कवरेज मिले।

# अमेठी दीवानी न्यायालय का शिलान्यास

## सीएम योगी व सीजेआई ने वर्चुअल माध्यम से किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जनपद में वर्षों से लंबित दीवानी न्यायालय निर्माण की मांग आखिरकार पूरी होने जा रही है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भारत के मुख्य न्यायाधीश सीजेआई ने वर्चुअल माध्यम से अमेठी दीवानी न्यायालय का शिलान्यास कर विधिवत शुभारंभ किया।इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी जिले के प्रशासनिक व न्यायिक अधिकारी बने।जिले में दीवानी न्यायालय के निर्माण की औपचारिक प्रक्रिया 15 साल बाद पूरी हुई है।अब तक वादकारियों को अपने मुकदमों की सुनवाई के लिए सुल्तानपुर या रायबरेली जाना पड़ता था। जिससे समय और धन दोनों की भारी हानि होती थी। नए न्यायालय के निर्माण से अब लोगों को स्थानीय स्तर पर न्याय सुलभ हो सकेगा।यह दीवानी न्यायालय गौरीगंज तहसील के जमोनी रोड स्थित विश्वनाथपुर गांव क्षेत्र में बनाया जाएगा। इसकी कुल लागत करीब 220 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है, जिसमें पहली किस्त के रूप में शासन द्वारा 55 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं।शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन गौरीगंज तहसील परिसर में किया गया। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश,जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सीजेआई ने वर्चुअल माध्यम से अमेठी समेत प्रदेश के अन्य जनपदों में भी दीवानी न्यायालयों का शिलान्यास किया।

नया दीवानी न्यायालय कलेक्ट्रेट परिसर के पास लगभग 60 एकड़ भूमि पर विकसित होगा।परिसर में आधुनिक कोर्ट रूम,अधिवक्ताओं के चैंबर,वादकारियों की सुविधा केंद्र,पार्किंग,डिजिटल कोर्ट व्यवस्था सहित सभी आवश्यक सुविधाएं होंगी।निर्माण कार्य नियमानुसार चरणबद्ध तरीके से कराया जाएगा।अधिकारियों ने बताया कि दीवानी न्यायालय का निर्माण अमेठी के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है।इससे न केवल न्यायिक प्रक्रिया तेज होगी बल्कि जिले के विकास को भी नई गति मिलेगी।वकीलों और आम नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए शासन का आभार जताया।

# बजाज चीनी मिल ने किसानों के गत वर्ष बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान

जन एक्सप्रेस । उतरौला बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल लिमिटेड उतरौला ने शनिवार को पिछले वर्ष पेराई सीजन 2024-25 का संपूर्ण गन्ना मूल्य भुगतान कर दिया है । बजाज चीनी मिल उतरौला के इकाई प्रमुख श्याम सिंह ने 17 जनवरी को बताया कि पिछले वर्ष का कोई भी गन्ना मूल्य बकाया अवशेष नहीं है। श्री सिंह ने बताया कि चालू सीजन का गन्ना मूल्य भुगतान अगले सप्ताह से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 3 करोड़ 80 लाख रुपए किसानों के खाते में बैंक के माध्यम से भेज दिया है । उन्होंने गन्ना किसानों से अपील किया कि किसान अपना समस्त गन्ना चीनी मिल को आपूर्ति करें। इससे किसानों को तीव्रता से गन्ना मूल्य भुगतान होगा एवं उनका बेसिक कोटा बढ़ेगा । इकाई प्रमुख ने कहा कि कहा 20 से 25 मार्च तक किसान भाई मिल चलाने में सहयोग करें । इससे चीनी मिल ज्यादा गन्ना पेराई करेगी, जिससे गन्ना मूल्य भुगतान में काफी तीव्रता आयेगी।

# तुलसीपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनी शिकायते, निस्तारण के दिये निर्देश

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



तहसील तुलसीपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा जनसामान्य की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस रजिस्टर का अवलोकन करते हुए पूर्व में आयोजित समाधान दिवस में निस्तारित प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने रैंडम आधार पर शिकायतकर्ताओं से फोन/वार्ता कर निस्तारण की स्थिति का फीडबैक लिया तथा स्पष्ट किया कि केवल कागजी निस्तारण नहीं, वास्तविक समाधान ही प्राथमिकता है।

जिलाधिकारी ने विशेष रूप से भूमि विवाद, राजस्व एवं कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा स्वीकार्य नहीं है, इसकी नियमित निगरानी संबंधित अधिकारी अनिवार्य रूप से करें। उल्लेखनीय है कि इसी क्रम में तहसील उतरौला एवं बलरामपुर में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, जहां प्राप्त जनशिकायतों को सुनते हुए उनके निस्तारण की कार्यवाही प्रारम्भ कराई गई।

इस दौरान एसडीएम तुलसीपुर, सीओ तुलसीपुर, जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तालाब की भूमि पर बोई गई गेहूं की फसल कुर्क

जन एक्सप्रेस । तिलोई ,अमेठी

ग्राम समाज की तालाब भूमि पर अवैध रूप से बोई गई गेहूं की फसल पर तहसील तिलोई प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए उसे कुर्क कर लिया है।पूरा मामला विकास खण्ड सिंहपुर क्षेत्र के रामपुर पांवरा के पूरे चौबे गांव में तालाब में बोई हुई गेहूं की फसल को तहसील तिलोई प्रशासन की इस कार्रवाई से भूमाफियाओं में हड़कंप मच गया है।बताया जा रहा है कि ग्राम समाज की सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर लगातार अवैध कब्जा कर खेती की जा रही थी। मामले की शिकायत के बाद तहसील प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर जांच की और तालाब की जमीन पर बोई गई गेहूं की फसल को राजस्व विभाग की टीम द्वारा कब्जे में ले लिया गया।अधिकारियों का कहना है कि तालाब और सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में दोबारा कब्जा करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।ग्रामीणों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है।

# ग्रामीण भारत के नवजागरण का शंखनाद,रोजगार और आजीविका को मिली नवचेतना

जन एक्सप्रेस । अमेठी




जनपद मुख्यालय स्थित जिला भाजपा कार्यालय में शनिवार आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने ग्रामीण भारत के नवयुग का उद्घोष करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का गांव अब केवल योजनाओं का उपभोक्ता नहीं,बल्कि राष्ट्रनिर्माण का सशक्त शिल्पकार बन चुका है।विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण आत्मनिर्भर भारत के महासंकल्प को जमीन पर उतारने वाली युगांतरकारी पहल है।उन्होंने कहा कि भाजपा का ग्रामीण विकास दर्शन अब आवश्यकता की सीमाओं से निकलकर उत्पादकता, नवाचार,आत्मविश्वास और भविष्यदृष्टि से जुड़ चुका है,जो सीधे विकसित भारत ञ्च2047 के महालक्ष्य को नई ऊर्जा प्रदान करता है।उन्होंने बताया कि विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम के अंतर्गत रोजगार सृजन और ग्रामीण उत्थान को समग्र और संगठित दृष्टिकोण से आगे बढ़ाया जा रहा है।इसके तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 125 दिन का सुनिश्चित,सम्मानजनक और उत्पादक रोजगार,सुदृढ़ और भरोसेमंद आजीविका सुरक्षा का कवच,टिकाऊ,सुंदर और गुणवत्तापूर्ण ग्रामीण परिसंपत्तियों का सृजन,तकनीक आधारित पारदर्शी व्यवस्था से भ्रष्टाचार पर कठोर प्रहार,केंद्र और राज्य के बीच जवाबदेह एवं संवेदनशील साझेदारी,ग्राम योजनाओं का राष्ट्रीय इंफ्रास्ट्रक्चर प्राथमिकताओं से समन्वित उत्थान किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से स्वरोजगार से जोड़कर स्वावलंबन की शक्ति दी जा रही है,वहीं युवाओं को कौशल विकास और स्थानीय अवसरों से जोड़कर पलायन की विवशता पर विराम लगाया जा रहा है।कांग्रेस पर प्रहार करते हुए सुधांशु शुक्ला ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने जनकल्याण योजनाओं को राष्ट्रनिर्माण की भावना से हटाकर परिवारवाद के संकुचित दायरे में कैद कर दिया,जबकि नेताजी सुभाष चंद्र बोस,सरदार वल्लभभाई पटेल और लाल बहादुर शास्त्री जैसे महापुरुषों को उनका यथोचित सम्मान तक नहीं मिला।भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का स्वप्न तभी साकार होगा। जब देश का हर गांव सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनेगा।भाजपा उसी राष्ट्र धर्म के साथ निरंतर सेवा, समर्पण और संकल्प के पथ पर अग्रसर है।प्रेस वार्ता में युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विषुव मिश्रा सहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।पूरे वातावरण में विकास विश्वास और राष्ट्रनिर्माण की चेतना गूंजती रही।

# वनवासी छात्रावास में खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में वनवासी कल्याण आश्रम अंतर्गत सेवा समर्पण संस्थान द्वारा संचालित महाराणा प्रताप वनवासी छात्रावास में शनिवार को खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

वनवासी छात्रावास संचालन समिति के अध्यक्ष मल के पीजी कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभाग अध्यक्ष डॉ राजीव रंजन ने 17 जनवरी को बताया कि खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम का आयोजन छात्रों को भारतीय संस्कृति, परम्परा, तीज त्यौहार तथा समाज के प्रबुद्ध वर्गों से जोड़ने के उद्देश्य से कराया गया । मुख्य अतिथि पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि नेपाल राष्ट्र के पूर्व सांसद नरसिंह चौधरी तथा एमएलके पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडे ने सहभोज कार्यक्रम का शुभारंभ किया । आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत वर्मा जी कल्याण आश्रम के क्षेत्रीय संगठन मंत्री सचिन जी एवं महामंत्री इंदू भूषण जायसवाल द्वारा किया गया । सहभोज कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि व सदस्य सम्मिलित हुए । कार्यक्रम के दौरान आगंतुकों में एचडी के इंटर कॉलेज की प्राचार्य साधना पांडे, ललिता तिवारी, वंदना पांडे, रीना श्रीवास्तव, डॉक्टर सीबी सिंह, डॉक्टर शरद सिंह, पायनियर पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉक्टर एमपी तिवारी, रामनरेश तिवारी, कमलेश त्रिपाठी, जय प्रकाश सिंह, रामनरेश त्रिपाठी, डब्बू मिश्रा, महेश मिश्रा, बाबू मिश्रा, प्रोफेसर जेएस चौहान, आद्या सिंह सहित आयोजन समिति की ओर से डॉ राजन सिंह, मंगल बाबू, रमेश पहवा, जय सिंह अखिलेश्वर तिवारी व वेद प्रकाश मिश्र सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे । सहभोज कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गाना नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# जनपद में लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक अध्यापक परीक्षा सकुशल सम्पन्न: एडीएम

**रायबरेली।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने बताया कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित सहायक अध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी (पुरुष/महिला शाखा) (प्रा0) परीक्षा-2025 जनपद के 11 परीक्षा केन्द्रों में दो पाली में सकुशल सम्पन्न हुई। जिसमें प्रथम पाली में सामाजिक विज्ञान के कुल अभ्यर्थी 4608 के सापेक्ष 2628 अभ्यर्थी उपस्थित रहे व 1980 अभ्यर्थी अपनुपस्थित रहें। इसी प्रकार द्वितीय पाली में जीव विज्ञान के कुल अभ्यर्थी 4463 के सापेक्ष 2401 अभ्यर्थी उपस्थित रहे व 2062 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) सिद्धार्थ व अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा द्वारा भ्रमण कर विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

# दिनदहाड़े दिल दहला देने वाली वारदात, सरकारी मास्टर की पत्नी की नृशंस हत्या

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

शहर के रामजीपुरम बास्तेपुर इलाके में शुक्रवार सुबह तक़रीबन 11ः40 बजे उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक सरकारी मास्टर की पत्नी की घर में घुसकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। लूट की नीयत से आए आरोपी वैभव तिवारी पुत्र संतोष तिवारी ने स्वप्निल तिवारी पत्नी अनमोल तिवारी को पहले लात-घूंसों से पीटा। जब इतनी मारपीट के बाद भी महिला की जान नहीं गई तो आरोपी ने तकिया से मुंह दबाकर उसे मौत के घाट उतार दिया। हत्या के बाद आरोपी ने घर में रखी अलमारी खोलकर गहने और आभूषण चुराने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि आरोपी नशेबाज और जुआ खेलने का आदी है। वारदात को छिपाने के लिए उसने मृतका के मोबाइल फोन से ही पति को मैसेज भेज दिया– ÷अभी काम कर रही हूं, बाद में फोन करती हूं÷, ताकि किसी को शक न हो। वारदात को छिपाने के लिए उसने मृतका के मोबाइल फोन से ही पति को मैसेज भेज दिया– ÷अभी काम कर रही हूं, बाद में फोन करती हूं÷, ताकि किसी को शक न हो। घटना के समय मृतका की बेटी स्कूल गई हुई थी और पति अनमोल तिवारी सरकारी मास्टर होने के कारण विद्यालय गए थे। घर में महिला अकेली थी, इसी का फायदा उठाकर आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया। मृतका के पति और आरोपी के पिता दोनों जनपद प्रतापगढ़ के थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम काकरिहा के रहने वाले हैं। दोनों परिवारों में पहले से परिचय था और आरोपी व उसके पिता का मृतका के घर आना-जाना था। रिश्ते में आरोपी मृतका को चाची लगता था। नौकरी लगने के बाद मृतका का परिवार करीब 13 वर्षों से रायबरेली के रामजीपुरम बास्तेपुर में रह रहा था। वहीं आरोपी के पिता का भी इसी इलाके में निजी आवास है। वारदात के बाद पड़ोसियों को शक हुआ तो उन्होंने आरोपी को मौके से पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की विधिक कार्रवाई में जुट गई है। दिनदहाड़े हुई इस जघन्य हत्या से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। लोग सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं, वहीं मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में बीएलओ द्वारा दावे/आपत्तियां की गई प्राप्त: एडीएम

**रायबरेली।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत दावें और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि में आयोग द्वारा चार विशेष अभियान की तिथियां यथा-17 जनवरी 2026 (शनिवार), 18 जनवरी 2026 (रविवार), 31 जनवरी 2026 (शनिवार) तथा 01 फरवरी 2026 (रविवार) निर्धारित की गयी है। इस क्रम में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में 06 जनवरी 2026 को निर्वाचक नामावलियों के आलेख्य प्रकाशन के पश्चात् आयोग के निर्देशानुसार विशेष अभियान तिथियों के अन्तर्गत आज 17 जनवरी 2026 (शनिवार) को जनपद में समाविष्ट छः विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा 177-बछरावां (अ0जा0), 179-हरचन्दपुर, 180-रायबरेली, 181-सलोन (अ0जा0), 182-सरेनी एवं 183-ऊँचाहार में विद्यमान समस्त मतदेय स्थलों/बूथों

# समस्त मतदाता अपना नाम आलेख्य सूची में अवश्य करें चेक: हर्षिता माथुर

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस0आई0आर0) कार्यक्रम के अन्तर्गत 18 जनवरी 2026 (रविवार) को समस्त बी0एल0ओ0 द्वारा अपने बूथ पर उपस्थित होकर सम्बन्धित आलेख्य निर्वाचक नामावलीयों को पढ़कर सुनाये जाने का कार्यक्रम भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित किया गया है। बी0एल0ओ0 द्वारा 18 जनवरी 2026 दिन रविवार को अपने बूथ पर उपस्थित रहकर सम्बन्धित क्षेत्र के पार्षद/ग्राम प्रधान/वार्ड सदस्य/बूथ लेवल एजेंट/स्थानीय प्रतिनिधियों इत्यादि की उपस्थिति में आलेख्य प्रकाशन को पढ़ कर सुनाया जायेगा तथा सूची का अवलोकन कराया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि सभी बूथ लेवल अधिकारियों को उपरोक्त कार्यक्रम हेतु नाम बढ़ाने/अपमार्जन/संशोधन इत्यादि के लिए पर्याप्त मात्रा में फार्म-6, फार्म-7 फार्म-8 एवं घोषणा पत्र उपलब्ध करा दिए गए है। आलेख्य निर्वाचक नामावली पढ़े जाने संबंधी कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित किया जाना है कि प्रकाशित नामावली में यदि कोई कमी प्रदर्शित हो रही है तो उस कमी को दूर करने हेतु आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही इसी अवधि में की जा सकेगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के समस्त मतदाताओं से अपील की है कि वे अपना नाम आलेख्य मतदाता सूची में अवश्य चेक करें। यदि किसी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है, तो वे फॉर्म 06 ऑफलाइन बी0एल0ओ0 के पास अथवा ऑनलाइन voters.eci.gov.in या ceouttarpradesh.nic.in पर भर सकते है। उन्होंने बताया कि दावे एवं आपत्तियों की अवधि 06 फरवरी 2026 तक निर्धारित है।

# बीएमसी चुनाव परिणाम आते ही उल्लास में डूबे भाजपाई, बांटी मिठाई

**रायबरेली।** महाराष्ट्र के बीएमसी चुनाव में भाजपा की जबरदस्त जीत के बाद ऊंचाहार क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाई। भाजपा ओबीसी मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अभिलाष कौशल के कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाते हुए मिठाइयां बांटी और आतिशबाजी की। शुक्रवार को जैसे ही बीएमसी चुनाव के परिणाम घोषित हुए, भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री ने कहा कि इस चुनाव परिणाम ने भाजपा कार्यकर्ताओं में नया जोश और ऊर्जा भर दी है। उन्होंने कहा कि देश के हर शहर और गांव में भाजपा के प्रति आम मतदाताओं का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है। जनता विपक्ष के झूठे प्रचार को नकारते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर विश्वास जता रही है। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और जमकर आतिशबाजी की।

# सेना भर्ती में बलरामपुर के एनसीसी कैडेटों ने बढ़ाया जिले का मान

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में एमएलके पीजी कॉलेज के एनसीसी कैडेटों ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। विभिन्न वर्षों में एनसीसी 'सी' सर्टिफिकेट उत्तीर्ण करने वाले पांच कैडेटों का चयन एसएससी जीडी के अंतर्गत कांस्टेबल पद पर केंद्रीय सशस्त्र बलों में हुआ है। इस उपलब्धि से महाविद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल है और छात्रों में देशसेवा के प्रति नई प्रेरणा जगी है।

जानकारी के अनुसार एमएलके महाविद्यालय से वर्ष 2023 में एनसीसी 'सी' सर्टिफिकेट उत्तीर्ण कैडेट बसंत लाल यादव का चयन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (ष्टक्रक्कस्न) में हुआ है। वर्ष 2024 में 'सी' सर्टिफिकेट उत्तीर्ण कैडेट अजय कुमार मिश्र का चयन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (ष्टढ्ढस्स्न) में हुआ है। वहीं, वर्ष 2020 में 'सी' सर्टिफिकेट उत्तीर्ण कैडेट अभिषेक उपाध्याय का भी चयन ष्टढ्ढस्स्न के लिए हुआ है। इसी क्रम में वर्ष 2022 में एनसीसी 'सी' सर्टिफिकेट उत्तीर्ण कैडेट आलोक कुमार तिवारी का चयन सशस्त्र सीमा बल (स्स्क्च) में हुआ है, जबकि वर्ष 2025 में 'सी' सर्टिफिकेट उत्तीर्ण कैडेट रूबी वर्मा का चयन भारतीय नौसेना के लिए हुआ है। सभी का चयन एसएससी जीडी के तहत कांस्टेबल पद पर हुआ है । महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे.पी. पाण्डेय ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि एनसीसी के माध्यम से छात्रों में अनुशासन, नेतृत्व और देशभक्ति की भावना विकसित होती है, जिसका सकारात्मक परिणाम लगातार सामने आ रहा है।

महाविद्यालय के एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. देवेन्द्र कुमार चौहान ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि पिछले वर्ष भी कॉलेज के 13 कैडेटों का चयन एसएससी जीडी, पुलिस भर्ती और अग्निवीर योजना के अंतर्गत विभिन्न विभागों में हुआ था। उन्होंने कहा कि एनसीसी प्रशिक्षण के कारण छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं और शारीरिक दक्षता परीक्षण में बढ़त मिलती है।

कैडेटों की इस उपलब्धि से कॉलेज के अन्य छात्रों में भी केंद्रीय सशस्त्र बलों में जाने का उत्साह बढ़ा है। शिक्षकों और अभिभावकों ने भी चयनित कैडेटों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी और आने वाले समय में और अधिक छात्र देशसेवा के लिए आगे आएंगे।

# हाईवे हुए डिजिटल: QR कोड स्कैन करते ही मिलेगी टोल, अस्पताल और पेट्रोल पंप की पूरी जानकारी

**रायबरेली।** नेशनल हाईवे से गुजरने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ओर से एक सराहनीय पहल की गई है. अब सड़क मार्ग पर लगाए गए क्यूआर कोड को मोबाइल से स्कैन करते ही संबंधित राष्ट्रीय राजमार्ग की समस्त जानकारी उपलब्ध हो जाएगी. इस पहल से खासतौर पर दूर-दराज से आने वाले यात्रियों और तीर्थ यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी.

लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर दरियापुर बाईपास के पास क्यूआर कोड लगाया गया हैं. इसी तरह रायबरेली के अन्य हाईवों पर भी यह सुविधा उपलब्ध है. इन क्यूआर कोड को स्कैन करने पर यात्रियों को नजदीकी पेट्रोल पंप, अस्पताल, पुलिस सहायता केंद्र, टोल प्लाजा, होटल, ढाबे और आपातकालीन संपर्क नंबरों की जानकारी तुरंत स्क्रीन पर दिखाई देगी. इस व्यवस्था से यात्रियों को रास्ते में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा. विशेषकर रात के समय या अपरिचित मार्ग पर यात्रा करने वाले लोगों के लिए यह सुविधा बेहद



# इंदौर में होगा 'महासंग्राम', सीरीज कब्जाने के इरादे से उतरेगी टीम इंडिया

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच यह 'करो या मरो' का मुकाबला 18 जनवरी को खेला जाएगा। इंदौर की पिच हमेशा से बल्लेबाजों की मददगार रही है, ऐसे में यहां रनों की बारिश देखने को मिल सकती है।

**तारीख:** 18 जनवरी 2026 (रविवार)

**मैदान:** होल्कर क्रिकेट स्टेडियम, इंदौर

**टॉस का समय:** दोपहर 1:00 बजे

**मैच शुरू:** दोपहर 1:30 बजे

**लाइव टेलीकास्ट और स्ट्रीमिंग: कहां देखें मैच?**

यदि आप मैदान पर जाकर मैच नहीं देख पा रहे हैं, तो घर बैठे इन माध्यमों से लाइव एक्शन का लुत्फ उठा सकते हैं:

**टीवी पर:** स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर मैच का सीधा प्रसारण होगा।

**मोबाइल पर:** जियो-हॉटस्टार ऐप पर आप मैच की लाइव स्ट्रीमिंग देख सकते हैं।

**दोनों टीमों का स्क्वॉड: कौन होगा इन-आउट?**

भारतीय टीम की कमान युवा शुभमन गिल के हाथों में है, जबकि कीवी टीम का नेतृत्व माइकल ब्रैसवेल कर रहे हैं।

**टीम इंडिया:** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), रवीन्द्र जड़ेजा, नितीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आयुष बडोनी, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, अर्शदीप सिंह।

**न्यूजीलैंड टीम:** माइकल ब्रैसवेल (कप्तान), डेवोन कॉनवे, हेनरी निकोल्स, विल यंग, डैरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, मिशेल हे (विकेटकीपर), जैकरी फाउल्क्स, क्रिस्टियन क्लार्क, काइल जैमीसन, जेडेन लेनोक्स, निक केली, जोश क्लार्कसन, माइकल रे, आदित्य अशोक।

### इंदौर टीम इंडिया के लिए है लकी

इंदौर का होल्कर स्टेडियम भारतीय टीम के लिए काफी लकी रहा है। यहां की बाउंड्री छोटी होने के कारण रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे बल्लेबाजों से आतिशी पारी की उम्मीद की जा रही है। वहीं, कीवी गेंदबाज काइल जैमीसन भारतीय टॉप ऑर्डर के लिए चुनौती बन सकते हैं।

# बारिश की वजह से रुका मैच भारत ने गंवाए 6 विकेट

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और बांग्लादेश के बीच अंडर-19 विश्व कप का 7वां मैच शनिवार को क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में खेला जा रहा है। बारिश की वजह से टॉस देरी से हुआ। बांग्लादेश के कप्तान ने भारत के खिलाफ टॉस जीतकर पहले फील्डिंग चुनी है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को तीसरे ओवर में डबल झटके लगे हैं। टीम के कप्तान आयुष म्हात्रे 12 गेंद में 6 रन बनाकर आउट हुए। वेदांत त्रिवेदी खाता नहीं खोल सके। विहान 24 गेंद में सात रन बनाकर पवेलियन लौटे। वैभव सूर्यवंशी 67 गेंद में 72 रन बनाकर पवेलियन लौट गए हैं। हरवंश पंगालिया 7 गेंद में दो रन ही बना सके। कनिष्क ने 6 गेंद में 28 रन की पारी खेली। अमब्रिश और कुंडू क्रीज पर मौजूद हैं।

भारत का आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप 2026 का ये दूसरा ग्रुप स्टेज मैच है, इससे पहले भारतीय टीम ने अमेरिका को 6 विकेट से मात देकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी। वहीं बांग्लादेश की टीम पहली बार जारी विश्व कप में खेलेनी उतरी है। क्वींस स्पोर्ट्स क्लब की पिच बल्लेबाजों के लिए काफी मददगार है और यहां पर गेंदबाजों का बाउंस भी मिलता है।

# सूर्यवंशी ने तोड़ा विराट कोहली का रिकॉर्ड, यूथ क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन वाले बल्लेबाज,



14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। वैभव अब अंडर 19 यूथ वनडे में भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में कोहली से आगे निकल गए हैं। कोहली ने अंडर 19 यूथ वनडे में 28 मैच खेलकर कुल 978 रन बनाए हैं तो वहीं, अब वैभव इस मामले में उनसे आगे निकल गए हैं। बता दें कि भारत की ओर से अंडर 19 वनडे में सबसे ज्यादा रन विजय जोल के नाम है जिन्होंने 36 मैच में 1404 रन बनाए हैं, दूसरे नंबर पर जायसवाल हैं। यशस्वी जायसवाल ने 27 मैच में 1386 रन बनाए हैं, तीसरे नंबर पर तन्मय श्रीवास्तव हैं जिनके नाम 34 मैच में 1316 रन दर्ज है। उन्मुक्त चंद ने 21 मैच में 1149 रन बनाने का कमाल किया है। शुभमन गिल ने 16 मैच में 1149 रन बनाए हैं। सरफराज खान ने 33 मैच में 1080 रन बनाने का कमाल किया है।

बता दें कि वैभव सूर्यवंशी ने 14 साल और 294 दिन की उम्र में 19 वर्ल्ड कप में डेब्यू किया था। वैभव 15 साल का होने से पहले वर्ल्ड कप मैच खेलने वाले पहले भारतीय हैं। इससे पहले, 19 ग्लोबल टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र के भारतीय डेब्यू करने वाले खिलाड़ी कुमार कुशाग्र थे, जिन्होंने 2020 में श्रीलंका के खिलाफ एक मैच खेला था, जब वह 15 साल और 88 दिन के थे। अंडर 19 वर्ल्ड कप में अपने पहले मैच में वैभव यूएसए के खिलाफ केवल दो रन ही बना पाए थे।

# टॉस के समय कप्तानों ने हाथ मिलाने से किया इंकार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

19 वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप ए मैच में टॉस के दौरान भारत के कप्तान आयुष म्हात्रे और बांग्लादेश के उप-कप्तान ज़वाद अबरार के बीच कोई हैंडशेक नहीं हुआ। हैंडशेक कंट्रोवर्सी अब अंडर 19 वर्ल्ड कप में भी देखने को मिला है।



भारत और बांग्लादेश के बीच मैच से पहले भारत और बांग्लादेश के कप्तानों ने टॉस के बाद एक दूसरे से हाथ नहीं मिलाया है। बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में भारत और बांग्लादेश के बीच मैच खेला जा रहा है। इस मैच से पहले टॉस के बाद भारत के कप्तान आयुष म्हात्रे ने बांग्लादेशी कप्तान से हाथ नहीं मिलाया। जिसके बाद मैच का माहौल तनावपूर्ण बन गया। हैरानी की बात यह थी कि बांग्लादेश के कप्तान अज़ीज़ुल हकीम की जगह उपकप्तान अबरार टॉस के लिए आए, जबकि हकीम प्लेइंग इलेवन में शामिल थे।

बारिश की वजह से देरी के बाद, अबरार ने टॉस जीता और बुलावायो पिच की नमी को देखते हुए पहले बॉलिंग करने का फैसला किया, बता दें कि हाल के समय में भारत और बांग्लादेश के बीच संबंध ठीक नहीं है, यह तनाव और तब बढ़ गया जब मुस्ताफिजुर रहमान के आईपीएल 2026 से रिलीज कर दिया गया था।

# वैभव से भिड़े बांग्लादेशी ज़वाद अबरार, जमकर हुई बहसबाजी

भारत और बांग्लादेश के बीच अंडर-19 वर्ल्ड कप में मुकाबला हुआ जिसमें बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी वैभव सूर्यवंशी ने 72 रन बनाकर अपना प्रदर्शन शानदार रखा और युवा क्रिकेटर के रूप में ध्यान आकर्षित कियावैभव सूर्यवंशी और बांग्लादेशी खिलाड़ी ज़वाद अबरार के बीच बहस हुई जिसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई अंडर 19 वर्ल्ड कप में भारत और बांग्लादेश की टीम एक दूसरे के खिलाफ मैदान पर है। इस मैच में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारत के युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी 72 रन बनाकर आउट हुए। भले ही वैभव शतक से चूक गए लेकिन उनकी बल्लेबाजी शानदार रही। वैभव ने जहां अपनी पारी से फैन्स का दिल जीता तो वहीं दूसरी ओर मैच के दौरान सूर्यवंशी और बांग्लादेशी ज़वाद अबरार के बीच बहस हुई जिसकी तस्वीर वायरल हो रही है।

# श्रेयस अय्यर की 25 माह बाद टीम में वापसी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय वनडे टीम के उपकप्तान श्रेयस अय्यर की 25 महीने बाद टी-20 टीम में वापसी हुई है। उन्हें चोटिल तिलक वर्मा की जगह मौका दिया गया है। शुक्रवार को बीसीसीआई ने न्यूजीलैंड के भारत दौरे के लिए रिप्लेसमेंट खिलाड़ियों की घोषणा की। 31 साल के श्रेयस अय्यर के अलावा रवि बिश्नोई को भी टीम में शामिल किया गया है। उन्हें चोट के कारण बाहर हुए वाशिंगटन सुंदर की जगह टीम में जगह मिली है। टी-20 वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया को न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 सीरीज खेलनी है। इस सीरीज का पहला मुकाबला 21 जनवरी को नागपुर में खेला जाएगा।



# इंदौर आए गिल 3 लाख का वाटर प्यूरीफायर साथ लाए

**भोपाल।** न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला खेलने के लिए टीम इंडिया इंदौर पहुंच चुकी है। कप्तान शुभमन गिल अपने साथ करीब तीन लाख रुपए की एक विशेष वॉटर प्यूरीफिकेशन मशीन लेकर इंदौर आए हैं।

होटल से जुड़े सूत्रों ने बताया कि यह मशीन आरओ और पैक्ड बोतलबंद पानी को भी दोबारा पूरी तरह शुद्ध करने में सक्षम है। शुभमन गिल ने इस मशीन को अपने कमरे में ही रखवाया है। होटल स्टाफ को भी इसके इस्तेमाल और तकनीक से जुड़ी विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है।

हालांकि, यह साफ नहीं हो पाया है कि गिल ने यह कदम इंदौर में हाल ही में दूषित पानी पीने से हुई मौतों को देखते हुए एहतियात के तौर पर उठाया है या इसके पीछे कोई और वजह है। इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी के कारण अब तक 24 लोगों की मौत हो चुकी है।

# 5 भारतीय खिलाड़ी जो इंजरी की वजह से विश्व कप मिस कर चुके, वॉशिंगटन सुंदर का भी दिल टूटेगा?

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

वॉशिंगटन सुंदर इंजरी की वजह से न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे के बाद टी20 सीरीज नहीं खेलेंगे। उनके टी20 विश्व कप से भी बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर को टी20 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। 7 फरवरी से टूर्नामेंट की शुरुआत होने वाली है। उससे पहले सुंदर चोटिल हो गए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले सीरीज के पहले मुकाबले में उन्हें चोट लगी। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज से भी बाहर हो गए हैं। सुंदर फिट नहीं हुए तो विश्व कप से भी बाहर होना पड़ सकता है। भारत के कई खिलाड़ी इंजरी की वजह से टीम में आने के बाद भी विश्व कप मिस कर चुके हैं। हम आपको 5 ऐसे ही नामों के बारे में बताते हैं।



### जसप्रीत बुमराह

जसप्रीत बुमराह 2022 टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाए थे। वह टीम का हिस्सा थे लेकिन पीठ में परेशानी के कारण नहीं खेल पाए। टूर्नामेंट शुरू होने से ठीक पहले उनकी जगह मोहम्मद शमी टीम में शामिल किए गए थे।



### वीरेंद्र सहवाग

वीरेंद्र सहवाग चोट की वजह से दो टी20 विश्व कप नहीं खेल पाए। 2009 में कंधे की चोट के कारण वह टीम में आने के बाद बाहर हो गए थे। 2010 में ही कंधे की चोट के कारण उनकी जगह टीम में मुरली विजय को जगह मिली थी।



### अक्षर पटेल

विश्व कप 2023 के लिए जब भारतीय टीम चुनी गई थी तो उसमें अक्षर पटेल का नाम शामिल था। हालांकि टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही वह चोटिल हो गए और उनकी जगह आर अश्विन को टीम में शामिल कर लिया गया।



### ईशांत शर्मा

ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की मेजबानी में 2015 विश्व कप खेला गया था। ईशांत शर्मा टीम का हिस्सा थे लेकिन टूर्नामेंट शुरू होने से पहले घुटने की चोट के कारण टीम से बाहर हो गए। मोहित शर्मा उनके रिप्लेसमेंट बने थे।



### प्रवीण कुमार

2011 विश्व कप के लिए प्रवीम कुमार को भारतीय टीम में शामिल किया गया था। वह नई गेंद से कमाल की बॉलिंग करते थे। लेकिन कोहनी में चोट की वजह से उन्हें बाहर होना पड़ा था। उनकी जगह एस श्रीसंत को टीम में जगह मिली थी।

# 'अमेरिकी दालों पर दरियादिली दिखाए भारत' टैरिफ पर अमेरिकी सांसदों ने ट्रंप से लगाई गुहार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर लगातार बातचीत जारी है। इस बीच अमेरिकी सीनेट के सांसदों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को चिट्ठी लिखकर मांग की है कि भारत में अमेरिकी दाल पर टैरिफ को कम कराया जाए। दालों के वैश्विक खपत में 27 फीसदी हिस्सेदारी रखने वाला भारत, अमेरिकी दालों पर 30 फीसदी टैरिफ लगाता है। सांसदों का कहना है कि इससे अमेरिका के नॉर्थ डकोटा और मोंटाना जैसे दलहन उत्पादक क्षेत्रों के किसानों को नुकसान हो रहा है। दालों पर टैरिफ कम होने पर किसानों की आय बढ़ेगी।



### 'पीली मटर पर टैरिफ सही नहीं!'

दोनों सीनेटरों ने भारत में अमेरिकी पीली मटर पर लगाए गए 30 प्रतिशत टैरिफ को 'अनुचित' बताया है। पत्र के मुताबिक, भारत ने 30 अक्टूबर 2025 को इस टैरिफ की घोषणा की थी, जो 1 नवंबर 2025 से लागू हो गया। उनका कहना है कि इस तरह के हाई टैरिफ अमेरिकी किसानों के लिए भारत जैसे बड़े बाजार में अवसर सीमित कर देते हैं।

### किन सांसदों ने पत्र में क्या कहा?

अमेरिकी सीनेट के दो सांसदों, केविन क्रेमर (नॉर्थ डकोटा) और स्टीव डाइन्स (मोंटाना) ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से भारत के साथ होने वाले किसी भी व्यापार समझौते में पल्स क्रॉप (दलहन) को प्राथमिकता देने की मांग की है। 16 जनवरी 2026, शुक्रवार को ट्रंप को भेजे गए पत्र में दोनों सीनेटरों ने कहा कि अमेरिका के कृषि उत्पादकों, खासकर नॉर्थ डकोटा और मोंटाना के किसानों के लिए भारत में बेहतर मार्केट एक्सेस सुनिश्चित करना जरूरी है।

### ट्रंप के पहले कार्यकाल में भी हुई थी पीएम मोदी से बात

सीनेटरों ने ट्रंप से आग्रह किया कि ट्रेड वार्ताओं के दौरान भारत के साथ किसी भी समझौते में दलहन से जुड़े अनुकूल प्रावधान शामिल किए जाएं और टैरिफ घटाने को प्राथमिक एजेंडा बनाया जाए। पत्र में यह भी कहा गया है कि ट्रंप के पहले कार्यकाल में इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत हुई थी और इससे अमेरिकी उत्पादकों को बातचीत के टेबल तक पहुंचने में मदद मिली थी। सीनेटरों के अनुसार, अमेरिका के किसान वैश्विक मांग को पूरा करने की क्षमता रखते हैं और यदि व्यापार के अवसर बढ़ें तो यह कदम अमेरिकी उत्पादकों के साथ-साथ भारतीय उपभोक्ताओं के लिए भी लाभकारी हो सकता है।

# 200 रुपये रोज बचाकर कमाएं 25 लाख

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

रईस बनना इस पर निर्भर नहीं करता कि आप कितना कमाते हैं, बल्कि इस पर निर्भर करता है कि आप कितनी समझदारी से निवेश करते हैं। अक्सर लोग सोचते हैं कि अमीर बनने या बड़ा फंड बनाने के लिए एक साथ बहुत सारे पैसों की जरूरत होती है। लेकिन बदलते दौर में निवेश के इतने सारे विकल्प उपलब्ध हैं कि ये धारणा गलत साबित हो रही है। अब आप अपनी रोजमर्रा की छोटी बचत से भी लाखों का फंड तैयार कर सकते हैं। आप रोज चाय, कॉफी और नाश्ते के खर्च के बराबर बचत कर 25 लाख का मोटा फंड बना सकते हैं। आपकी आमदनी 50 हजार रुपये/महीने हो या फिर 30 हजार रुपये से कम ही क्यों न हो, आपको बस 200 रुपये रोज बचाने हैं। बस इतने पैसे रोज बचाकर भी आप 25 लाख से ज्यादा का कॉर्पस तैयार कर सकते हैं। आइए समझते हैं यह कैसे काम करता है।




### छोटे निवेश की बड़ी ताकत

आजकल म्यूचुअल फंड कंपनियां 'डेली एसआईपी' की सुविधा दे रही हैं। इसमें आप रोजाना 100 या 200 जैसा छोटा अमाउंट भी निवेश कर सकते हैं। यह उन लोगों के लिए बेहतरीन है जिनके पास एकमुश्त बड़ी रकम नहीं है, जैसे कि सैलरी पाने वाले कर्मचारी, फ्रीलांसर या छोटे कारोबारी।

### 25 लाख का सफर: कैलकुलेशन समझें

मान लीजिए आप रोजाना 200 की एसआईपी शुरू करते हैं। इसका मतलब है कि आप महीने में करीब 6,000 निवेश कर रहे हैं। अगर हम सालाना 12प्रतिशत का अनुमानित रिटर्न मानकर चलें, तो सिर्फ 14 साल के अनुशासन से आप 25 लाख का आंकड़ा पार कर सकते हैं।

# यूपीआई से निकाल सकेंगे पीएफ का पैसा

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के करीब 8 करोड़ सब्सक्राइबर्स को यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) से पीएफ का पैसा निकालने की सुविधा मिलेगी। केंद्र सरकार एक ऐसा सिस्टम तैयार कर रही है जिससे पीएफ मेंबर्स सीधे यूपीआई के जरिए अपना पैसा निकाल सकेंगे।

केंद्रीय श्रम मंत्रालय इस प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है और इसे अप्रैल 2026 तक रोलआउट करने का लक्ष्य रखा गया है। इस सुविधा के शुरू होने से क्लेम सेटलमेंट की लंबी प्रक्रिया खत्म हो जाएगी और मेंबर्स को तुरंत फंड मिल सकेगा। नए सिस्टम में ईपीएफ फंड का एक हिस्सा 'फ्रीज' (सुरक्षित) रखा जाएगा, जबकि एक बड़ा हिस्सा मेंबर्स के लिए उपलब्ध रहेगा। मेंबर्स अपने बैंक अकाउंट से लिंक्ड यूपीआई पिन का इस्तेमाल करके इस पैसे को सीधे अपने खाते में ट्रांसफर कर सकेंगे। एक बार पैसा बैंक अकाउंट में आने के बाद, यूजर उसे एटीएम से निकाल सकता है या डिजिटल पेमेंट के लिए इस्तेमाल कर सकता है। अभी पीएफ निकालने के लिए मेंबर्स को ऑनलाइन या ऑफलाइन क्लेम फार्म भरना पड़ता है, जिसमें काफी समय लगता है। हालांकि ईपीएफओ ने ऑटो-सेटलमेंट मोड शुरू किया है, लेकिन इसमें भी कम से कम 3 दिन का समय लगता है। सूत्रों के मुताबिक, ईपीएफओ अभी सॉफ्टवेयर से जुड़ी कुछ तकनीकी दिक्कतों को दूर करने में जुटा है। इसके ठीक होते ही 8 करोड़ मेंबर्स को सीधा फायदा मिलेगा। अगर किसी मेंबर की नौकरी चली जाती है तो वह 1 माह के बाद अकाउंट से 75 प्रतिशत पैसा निकाल सकता है।

# एचडीएफसी बैंक का मुनाफा 11.5 प्रतिशत बढ़कर 18,654 करोड़ हुआ




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

देश के सबसे बड़े प्राइवेट सेक्टर के लेंडर एचडीएफसी बैंक ने शनिवार (17 जनवरी) को वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही के नतीजे घोषित कर दिए हैं। दिसंबर तिमाही में बैंक का स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 11.5 प्रतिशत बढ़कर 18,654 करोड़ रुपए रहा है। पिछले साल इसी तिमाही में बैंक ने 16,735 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा कमाया था। बैंक के नतीजे बाजार के अनुमानों से बेहतर रहे हैं, क्योंकि एक्सपर्ट्स ने करीब 18,473 करोड़ रुपए के मुनाफे की उम्मीद जताई थी।

बैंक ने नतीजों के साथ एक महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की है। बैंक के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर भावेश जवेरी ने रिटायरमेंट का फैसला लिया है। वे 18 अप्रैल 2026 को अपना पद छोड़ देंगे। जवेरी लंबे समय से बैंक के साथ जुड़े हुए थे और उन्होंने बैंक के ऑपरेशंस और बिजनेस स्ट्रैटेजी में अहम भूमिका निभाई है। बोर्ड ने उनके योगदान की सराहना की है।

बैंक की एसेट क्वालिटी में इस तिमाही सुधार देखने को मिला है। बैंक का ग्रॉस नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स सितंबर तिमाही के मुकाबले कम हुआ है। बैंक के लोन बुक की सेहत बेहतर बनी हुई है, जिससे प्रोविजनिंग (फंसे हुए कर्ज के लिए अलग रखी जाने वाली राशि) में भी स्थिरता आई है। बैंक ने बताया कि ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों में लोन की मांग मजबूत बनी हुई है।

पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# यूरोपीय नेताओं को गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि बना कर मोदी ने पूरे यूरोप को साध लिया

**वहीं यूरोप के लिए भारत अब चीन का विकल्प ही नहीं बल्कि उससे बेहतर साझेदार बनकर उभर रहा है। लोकतांत्रिक व्यवस्था, युवा आबादी, तकनीकी क्षमता और विशाल बाजार भारत को स्वाभाविक आकर्षण देते हैं। साथ ही भारत के लिए यूरोप उच्च तकनीक, स्वच्छ ऊर्जा, रक्षा सहयोग और वैश्विक नियम आधारित व्यवस्था में समर्थन का स्रोत है। यह साझेदारी वैश्विक शक्ति संतुलन को बहुध्रुवीय दिशा में धकेलती है। रणनीतिक स्तर पर इसका सबसे बड़ा प्रभाव एशिया प्रशांत और हिंद महासागर क्षेत्र में दिखेगा।**

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंतोनियो लुईस सैंटोस दा कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डर लेयेन भारत आ रहे हैं और वह 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे। कोस्टा और लेयेन 16वें भारत यूरोपीय यूनियन शिखर सम्मेलन की सह अध्यक्षता भी करेंगे। भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में जानकारी दी गयी है कि यात्रा के दौरान कोस्टा और लेयेन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे तथा प्रधानमंत्री मोदी के साथ सीमित और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे। देखा जाये तो भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में यूरोपीय यूनियन की शीर्ष उपस्थिति बदलती वैश्विक राजनीति का साफ संकेत है। यह दृश्य यह भी बताता है कि भारत और यूरोप का रिश्ता अब रणनीतिक धरातल पर पहुंच चुका है। हम आपको बता दें कि भारत और यूरोपीय यूनियन 2004 से रणनीतिक साझेदार हैं लेकिन पिछले दो वर्षों में इस रिश्ते ने असाधारण गति पकड़ी है। फरवरी 2025 में यूरोपीय आयोग के पूरे प्रतिनिधिमंडल का भारत आना इस बात का प्रमाण था कि ब्रसेल्स अब नई दिल्ली को केवल एक उभरता बाजार नहीं बल्कि एक अनिवार्य शक्ति मान रहा है। अब गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि बनकर आना उसी निरंतरता की अगली कड़ी है। हम आपको यह भी बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी की एंतोनियो लुईस सैंटोस दा कोस्टा और उर्सुला वॉन डर लेयेन के साथ पिछले साल हुई संयुक्त दूरभाष वार्ता ने भी स्पष्ट कर दिया था कि बातचीत केवल शिष्टाचार तक सीमित नहीं है। व्यापार, प्रौद्योगिकी, निवेश, नवाचार, रक्षा-सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन जैसे मुद्दों पर ठोस प्रगति हुई है। सबसे अहम यह कि भारत व यूरोपीय यूनियन मुक्त व्यापार समझौते को शीघ्र पूरा करने की साझा प्रतिबद्धता दोहराई गई है। वाणिज्य सचिव के अनुसार चौबीस में से बीस अध्याय पूरे हो चुके हैं और शेष पर रोजाना स्तर पर संवाद चल रहा है। देखा जाये तो यह सब ऐसे समय में हो रहा है जब वैश्विक व्यापार व्यवस्था उथल पुथल के दौर से गुजर रही है। अमेरिका की संरक्षणवादी नीतियां और चीन की आपूर्ति श्रृंखला पर पकड़ ने यूरोप को वैकल्पिक साझेदार खोजने पर मजबूर किया है। इसी क्रम में जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने भारत यात्रा के दौरान संकेत दिया था कि जनवरी के अंत तक मुक्त व्यापार समझौता संभव है। उनका यह कहना कि दुनिया दुर्भाग्यपूर्ण संरक्षणवाद के पुनरुत्थान से गुजर रही है दरअसल भारत यूरोप निकटता की वैचारिक जमीन को रेखांकित करता है। हम आपको बता दें कि यूरोपीय यूनियन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और 2024 में द्विपक्षीय व्यापार 120 अरब यूरो तक पहुंच चुका है। बताया जा रहा है कि प्रस्तावित समझौता केवल शुल्क कटौती तक सीमित नहीं होगा बल्कि खनिज, स्वास्थ्य, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उन्नत विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में नई साझेदारी की राह भी खोलेगा। साथ ही भारत मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा जैसी परियोजनाएं भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के केंद्र में स्थापित करेंगी। हम आपको बता दें कि यूक्रेन संघर्ष पर भी भारत और यूरोप के बीच संवाद खुलकर हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने शांति और स्थिरता पर भारत की निरंतर नीति दोहराई है। यूरोपीय पक्ष यह भी मानता है कि भारत की भूमिका संतुलनकारी है और वह संवाद का सेतु बन सकता है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**बच्चों में विवेकपूर्ण खर्च और बचत की आदत बचपन से ही डाली जानी चाहिए। माता-पिता यदि स्वयं संतुलित व्यवहार अपनाएं, तो उसका प्रभाव स्वाभाविक रूप से अगली पीढ़ी पर पड़ता है। शिक्षा व्यवस्था में भी वित्तीय अनुशासन और आर्थिक साक्षरता को स्थान दिया जाना चाहिए, ताकि युवा पीढ़ी केवल कमाने पर ही नहीं, संभालने और संजोने पर भी ध्यान दे। यह याद रखना आवश्यक है कि भविष्य की चिंता करना भय नहीं, बल्कि बुद्धिमानी है। बचत का अर्थ जीवन का आनंद त्याग देना नहीं, बल्कि भविष्य के आनंद को सुरक्षित करना है। संतुलित खर्च और नियमित बचत से ही एक सुरक्षित, आत्मनिर्भर और स्थिर समाज का निर्माण संभव है।**

# बचत और खर्च का असंतुलन: नये भारत के लिए बड़ी चुनौती



ललित गर्ग

**भारत यदि आर्थिक महाशक्ति बनने का सपना देख रहा है, तो उसे केवल उपभोग-आधारित विकास से आगे बढ़कर बचत-संवर्धित विकास मॉडल अपनाना होगा। अंततः, बचत और खर्च के बीच संतुलन केवल व्यक्तिगत निर्णय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आवश्यकता है। आर्थिक अनुशासन अपनाकर ही हम भावी पीढ़ी के लिए मजबूत आधार तैयार कर सकते हैं।**

महामारी के बाद की दुनिया केवल स्वास्थ्य के स्तर पर ही नहीं, बल्कि आर्थिक सोच और व्यवहार में भी एक बड़े संक्रमण से गुज़री है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं की अस्थिरता, भू-राजनीतिक तनाव, बढ़ती महंगाई, तकनीक-आधारित बाजार और उपभोक्तावादी संस्कृति के तीव्र प्रसार ने लोगों की खर्च करने की प्रवृत्ति को असाधारण रूप से बढ़ा दिया है। इस बदलाव का सबसे गहरा असर घरेलू बचत पर पड़ा है। भारत सहित अनेक देशों में घरेलू बचत दरें ऐतिहासिक रूप से निचले स्तर पर पहुंच चुकी हैं। उपभोग बढ़ रहा है, लेकिन भविष्य की सुरक्षा के लिए आवश्यक बचत निरंतर घटती जा रही है। यह स्थिति केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक चिंता का विषय भी बनती जा रही है। भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्था के लिए घरेलू बचत सदैव विकास की रीढ़ रही है। बुनियादी ढांचे से लेकर औद्योगिक निवेश तक, भारत की विकास गाथा में घरेलू बचत की भूमिका निर्णायक रही है। परंतु आज स्थिति यह है कि विशेषकर युवा पीढ़ी में बचत की दर 10 से 15 प्रतिशत तक सिमट गई है। यह आंकड़ा किसी भी उभरती अर्थव्यवस्था के लिए संतोषजनक नहीं कहा जा सकता। जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, तब बचत और खर्च के बीच असंतुलन एक गंभीर चेतावनी के रूप में सामने आ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में युवाओं की भूमिका को हमेशा निर्णायक माना है और वे बार-बार यह संदेश देते रहे हैं कि बचत केवल व्यक्तिगत सुरक्षा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नींव है। उनके अनुसार उपभोग से पहले बचत की संस्कृति युवाओं में आत्मनिर्भरता, अनुशासन और दीर्घकालिक सोच का विकास करती है। जन-धन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, अटल पेंशन योजना, डिजिटल बचत और निवेश के माध्यमों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने यह स्पष्ट किया है कि छोटे-छोटे नियमित निवेश भविष्य की बड़ी आर्थिक शक्ति बनते हैं। मोदी का विचार है कि जब युवा वर्ग आज अनावश्यक खर्च से बचकर बचत और उत्पादक निवेश की ओर अग्रसर होगा, तभी भारत की अर्थव्यवस्था स्थिर, समावेशी और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकेगी; क्योंकि आत्मनिर्भर युवा ही सशक्त भारत की सबसे बड़ी पूंजी है। भारतीय परंपरा में बचत को केवल आर्थिक क्रिया नहीं, बल्कि एक सद्गुण माना गया है। 'आज की बचत, कल का संबल' जैसी कहावतें हमारे सामाजिक व्यवहार का हिस्सा रही हैं। गृहस्थ जीवन में संतुलन, संयम और संचय को जीवन-मूल्य के रूप में स्वीकार किया गया। बच्चों की गुल्लक, अनाज के कोठार, गहनों के रूप में सुरक्षित धन, और त्योहारों पर सीमित व सादगीपूर्ण खर्च-ये सब भारतीय जीवनशैली के अभिन्न अंग थे। संकट के समय भारतीय परिवार किसी के सामने हाथ फैलाने की बजाय अपनी जमा पूंजी और संसाधनों पर भरोसा करता था।



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में युवाओं की भूमिका को हमेशा निर्णायक माना है और वे बार-बार यह संदेश देते रहे हैं कि बचत केवल व्यक्तिगत सुरक्षा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नींव है। उनके अनुसार उपभोग से पहले बचत की संस्कृति युवाओं में आत्मनिर्भरता, अनुशासन और दीर्घकालिक सोच का विकास करती है।**

यह आत्मनिर्भरता भारतीय समाज की शक्ति रही है। लेकिन बदलती जीवनशैली और बाजार-प्रेरित संस्कृति ने इस परंपरा को कमजोर किया है। आज 'जियो अभी' की मानसिकता, आसान कर्ज, ईएमआई संस्कृति, क्रेडिट कार्ड, ऑनलाइन शॉपिंग और सोशल मीडिया पर दिखावे की प्रतिस्पर्धा ने खर्च को एक प्रकार की पहचान बना दिया है। उपभोग अब आवश्यकता से अधिक आकांक्षा से संचालित होने लगा है। अनुभवों, ब्रांड और त्वरित संतुष्टि को प्राथमिकता देने से दीर्घकालीन वित्तीय सुरक्षा पीछे छूटती जा रही है। विशेषकर जेन-जी और युवा मिलेनियल पीढ़ी के लिए बचत एक बोझ या भविष्य की अस्पष्ट चिंता जैसी प्रतीत होने लगी है। यह स्थिति भारतीय दर्शन की मूल भावना के विपरीत है। भारतीय विचार परंपरा न अति भोग की पक्षधर है, न अति त्याग की। संयम, संतुलन और विवेक का मार्ग ही श्रेष्ठ माना गया है। यही सिद्धांत आर्थिक जीवन में भी लागू होता है। उपभोग आवश्यक है, क्योंकि इससे अर्थव्यवस्था गतिशील रहती है, रोजगार सृजन होता है और नवाचार को प्रोत्साहन मिलता है। परंतु जब खर्च अनियंत्रित हो जाए और बचत उपेक्षित हो जाए, तब व्यक्ति ही नहीं, समाज और राष्ट्र भी असुरक्षित हो जाते हैं। अनुभवों, ब्रांड और त्वरित संतुष्टि को प्राथमिकता देने से दीर्घकालीन वित्तीय सुरक्षा पीछे छूट रही है। भारतीय आर्थिक सोच में बचत को आर्थिक सुरक्षा और विकास का आधार माना जाता है, जहाँ घर-परिवार की आय का एक बड़ा हिस्सा (लगभग 70 प्रतिशत) घरेलू बचत से आता है, जो सोने, स्थायी जमा और पीपीएफ जैसी योजनाओं में होता है, लेकिन नई पीढ़ी में 'खर्च करो' की सोच बढ़ी है, जिससे बचत की दरें घट रही हैं, जबकि वित्तीय साक्षरता और सरकारी योजनाओं (पीपीएफ, एनएससी, सुकन्या समृद्धि) के जरिए इसे फिर से बढ़ाने पर जोर है, क्योंकि बचत से ही निवेश और आर्थिक विकास संभव है। आज की वैश्विक परिस्थितियां इस असुरक्षा को और गहरा कर रही हैं। भू-राजनीतिक तनाव, युद्ध, जलवायु संकट, तकनीकी बदलाव और रोजगार की अनिश्चितता यह संकेत देती है कि भविष्य पहले से अधिक अस्थिर है। ऐसी स्थिति में बचत और निवेश दोनों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि भारतीय समाज अपनी बचत संस्कृति से दूर होता गया, तो दीर्घकाल में आर्थिक आत्मनिर्भरता कमजोर पड़ सकती है। विदेशी पूंजी पर निर्भरता बढ़ेगी और घरेलू संसाधनों की भूमिका सीमित होती जाएगी। युवाओं को वित्तीय साक्षरता के माध्यम से बचत और निवेश का महत्व समझाना होगा। यह भी ध्यान देने योग्य है कि बचत में गिरावट का सीधा प्रभाव पारिवारिक एवं सामाजिक सुरक्षा पर पड़ता है। भारत में अभी भी व्यापक सामाजिक सुरक्षा तंत्र सीमित है। पेंशन, स्वास्थ्य बीमा और बेरोजगारी सहायता जैसी व्यवस्थाएं पूरी आबादी को नहीं कवर करतीं। ऐसे में व्यक्तिगत और पारिवारिक बचत ही संकट के समय सहारा बनती है। यदि बचत घटती रही, तो आर्थिक झटकों का असर अधिक विनाशकारी होगा। समस्या केवल युवाओं की मानसिकता तक सीमित नहीं है। वित्तीय साक्षरता की कमी भी इसका एक बड़ा कारण है। आज भी बड़ी संख्या में युवा यह नहीं समझ पाते कि बचत और निवेश में अंतर क्या है, महंगाई का असर कैसे पड़ता है, और छोटी-छोटी नियमित बचत किस प्रकार दीर्घकाल में बड़ा संबल बन सकती है।

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | अमावस्या 13:21 तक |
| नक्षत्रः | पूर्वाषाढा 10:14 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | रविवार |
| योगः | हर्षण, 09:11 |
| सूर्योदयः | 07:14 |
| सूर्यास्तः | 17:45 |
| चंद्रमाः | धनु राशि में |
| राहुकालः | 04:29-05:49 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | माघ |
| शुभ मुहूर्तः | 12:10-12:52 |

## जन एक्सप्रेस

### है जनता जनार्दन !

*फैसला फिर जनता ने ।*
*है अपना सुनाया ।।*
*किसी को हटाया ।*
*किसी को अपनाया ।।*
*है जनता जनार्दन ।*
*फिर से याद दिलाया ।।*
*होगा करना काम ।*
*वरना तय सफाया ।।*
*मिलीं जिसको सीटें ।*
*बढ़ी जिम्मेदारी ।।*
*जो गया है हार ।*
*आगे फिर तैयारी ।।*
*है दुनिया ये गोल ।*
*रखना इसका ध्यान ।।*
*शुरू किया फिर काम तो ।*
*तय मिलना सम्मान ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# अर्जुन की छाल ही नहीं, पत्तों का सेवन भी सेहत के लिए है फायदेमंद



**आयुर्वेदिक** जड़ी-बूटियों में से एक अर्जुन की छाल में बहुत से पोषक तत्व होते हैं। ऐसे में इसका इस्तेमाल करना स्वास्थ्य के लिए कई तरीकों से फायदेमंद माना जाता है। आयुर्वेद में अर्जुन की छाल स्वास्थ्य की कई समस्याओं से राहत देने में मदद मिलती है, लेकिन न सिर्फ अर्जुन की छाल के साथ-साथ आयुर्वेदिक गुणों से भरपूर अर्जुन के पत्तों का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। औषधीय गुणों से भरपूर अर्जुन की पत्तों में भी बहुत से पोषक तत्व होते हैं। आयुर्वेदिक डॉक्टर चंचल शर्मा के अनुसार, आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी अर्जुन की छाल और अर्जुन के पत्तों में हृदय रोगियों के लिए अमृत का काम करती है। आयुर्वेद के अनुसार, अर्जुन के पत्तों में अच्छी मात्रा में एंटी-ऑक्सीडेंट गुण मौजूद होते हैं जो बिमारियों से लड़ने में आपकी मदद करते हैं। इसके साथ ही इसमें एंटी-बैक्टीरियल और फ्लेवोनॉयड्स गुण भी पाए जाते हैं, जिसके कई स्वास्थ्य लाभ हैं।

**अर्जुन के पत्तों की चायः** जिनको हृदय या पाचन संबंधित कोई भी परेशानी है वह अर्जुन के ताजे या सूखे पत्तों का इस्तेमाल करके हर्बल चाय बना सकते हैं। यह आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद है। कैसे बनाएं: आप अर्जुन के ताजे या सूखे पत्तों को एक गिलास में डालकर 5 मिनट तक उबाल लें फिर इसे किसी कप में छानकर हल्का गुनगुना की पिएं।

**अर्जुन के पत्तों का काढ़ाः** आयुर्वेद के अनुसार अर्जुन के पत्तों का काढ़ा बनाकर पीना सबसे असरदार तरीका है और काफी प्रचलित भी। फायदाः इसके सेवन से आपका ब्लड प्रेशर सही रहता है, शरीर को ताकत मिलती है और डायबिटीज में भी सहायक होता है।

**अर्जुन के पत्तों का पाउडरः** आप चाहें तो अर्जुन के सूखे पत्तों को पीसकर उसका पाउडर तैयार कर सकते हैं। सेवन तरीकाः ताजा तैयार किए गए पाउडर को हल्के गुनगुने पानी या शहद के साथ मिलाकर फिर इसका सेवन करें।

**अर्जुन पत्तों का रसः** इसके आलावा आप अर्जुन के ताजे पत्तों का रस भी निकाल सकते हैं और इसका सेवन कर सकते हैं। **फायदाः** अर्जुन के ताजे पत्ते का रस आपके शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है और इम्युनिटी को बूस्ट करता है।

**अर्जुन के पत्ते का लेप के रूप में उपयोगः** अगर आपको कोई घाव या किसी प्रकार का संक्रमण है तो आप अर्जुन के पत्तों को पीस लें और उसका लेप तैयार कर लें। उसे घाव वाले हिस्से पर लगाएं और इससे संक्रमण ठीक हो जायेगा साथ ही आपका जख्म जल्दी भर जाएगा।

**सेवन से पहले रखें ये सावधानियां**

अगर आपको कोई गंभीर बीमारी है तो इसके सेवन से पहले किसी विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें प्रेग्नेंट महिलाओं को भी अपने डॉक्टर से परामर्श करने के बाद ही इसका उपयोग शुरू करना चाहिए। हमेशा इसका प्रयोग एक सीमित मात्रा में ही करें अन्यथा इसका नुकसान हो सकता है।

### एक्सप्रेस विशेष

# पीड़ितों का शास्त्र न बन जाए उमर-शरजील की हिरासत



उमेश चतुर्वेदी

**यह तो भला हो कि हिंदुत्ववादी मानस इन दिनों बेहद सचेत हो चुका है। निश्चित तौर पर इसकी वजह मुस्लिम तुष्टिकरण की हकीकत का सामने आना तो है ही, केंद्रीय सत्ता में मोदी की अगुआई में हिंदुत्ववादी ताकतों का प्रभावी बनना भी है।**

**शरजील इमाम और उमर खालिद के पक्ष में उठती आवाजों का प्रतिकार भी जरूरी है। इन आवाजों की पोल खोलना भी जरूरी है। राष्ट्रवादी धारा के प्रबुद्धजन वामपंथी विमर्श के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं, लेकिन जिस तरह कभी वामपंथी वैचारिकी के अगुआओं को देश की मौजूदा व्यवस्था में राजकीय तवज्जो मिल रहा है, उससे प्रखर राष्ट्रवादी वैचारिकी किंचित परेशान भी है और दुखी भी।**

**छह** साल पहले राजधानी दिल्ली के उत्तरी-पूर्वी हिस्से के जाफराबाद और मौजपुर में हुए दंगों पर राजनीति थम नहीं रही है। राजनीति तब भी खूब हुई, जब 23 फरवरी 26 फरवरी 2020 के बीच हुए दंगों का घाव बिल्कुल हरा था। इस बार इन दंगों पर राजनीति की वजह पांच जनवरी को सुप्रीम कोर्ट से आया एक आदेश है, जिसमें इन दंगों के पांच आरोपियों गुलफिशां फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, शादाब अहम और मोहम्मद सलीम खान को जमानत दे दी गई है। इस आदेश को लेकर राजनीति ही नहीं हो रही, प्रकारांतर से देश की सबसे बड़ी अदालत भी निशाने पर है। सर्वोच्च अदालत ने इन दंगों के आरोपी शरजील इमाम उमर खालिद को जमानत देने से साफ इनकार कर दिया। इस फैसले के खिलाफ सोशल मीडिया पर इन दोनों आरोपियों के पक्ष और सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के खिलाफ बयानबाजी तेज हो गई। मनमोहन सिंह की सत्ता और कांग्रेस के आंख के तारे रहे जेएनयू के पूर्व छात्र रहे एक बड़े पत्रकार ने इन दोनों आरोपियों को देश का प्रखर बुद्धिजीवी बताते हुए उन्हें जमानत ना दिए जाने पर आश्चर्य जताया। वामपंथी वैचारिकी की एक खासियत है। वह अपने पक्ष में अकादमिक तर्क गढ़ने में माहिर रही है। अपने लिहाज के तथ्यों को चुनकर उसके हिसाब से वह तर्क गढ़ने और अपने पक्ष में माहौल बनाने के साथ ही अपनी वैचारिकी के लोगों को पीड़ित दिखाने में वह हमेशा आगे रहती रही है। शरजील इमाम और उमर खालिद के पक्ष में वामपंथी वैचारिकी उसी तरह से उमड़ पड़ी है। वह दोनों के बारे में यह राय बनाने की भरपूर और प्रभावी कोशिश कर रही है कि दोनों दंगाई नहीं, दंगे के शातिर षड्यंत्रकारी नहीं, बल्कि वे प्रखर बुद्धिजीवी हैं। वामपंथी वैचारिकी यह साबित करने की भी कोशिश कर रही है कि दोनों चूंकि अल्पसंख्यक यानी मुस्लिम समुदाय से हैं, और चूंकि केंद्र में हिंदुत्ववादी सत्ता है। इसलिए अल्पसंख्यक बुद्धिजीवियों को दबाया और प्रताड़ित किया जा रहा है। वामपंथी वैचारिकी और उसकी बुद्धिजीवी जमात यह विमर्श खड़ा करने की कोशिश कर रही है कि हिंदुत्ववादी सत्ता के इशारे पर अदालत मुस्लिम समुदाय के निर्दोष बुद्धिजीवियों को बलि का बकरा बना रही है। यह विमर्श खड़ा करके वामपंथी वैचारिकी और उसकी बुद्धिजीवी जमात दरअसल दंगाईयों को पीड़ित के तौर पर स्थापित करने की कोशिश कर रही है। दिलचस्प यह है कि उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत को नकारने के लिए जहां सर्वोच्च न्यायालय को निशाना बनाया जा रहा है, वहीं बाकी पांच आरोपियों को जमानत दिए जाने के आदेश को जबरदस्ती नेपथ्य में धकेलने की कोशिश की जा रही है। दो लोगों को जमानत ना मिलने को, पांच लोगों को जमानत मिलने की प्रक्रिया के सामने पक्षपाती दिखाया जा रहा है। पांच आरोपियों को मिली जमानत को यह दिखाने की कोशिश हो रही है कि ऐसा करके सर्वोच्च अदालत ने कोई एहसान नहीं किया है। वामपंथी वैचारिकी के इस विमर्श का पूरा मकसद यह भुलाना है कि 2020 के दिल्ली दंगे हिंदू-मुस्लिम दंगे नहीं थे। इस विमर्श का लक्ष्य यह भी भुलाना है कि इन दंगों में अधिसंख्य हिंदू समुदाय के लोग मारे गए थे। इस विमर्श का यह भी मकसद है कि इन दंगों के दौरान आईबी के मासूम अधिकारी अंकित शर्मा की हुई हत्या को सामान्य अपराध दिखाने की कोशिश हो रही है। इन दंगों में आधिकारिक रूप से 53 लोग मारे गए थे। दंगा खत्म होने के बाद कई लाशें नाले में बहती मिलीं। जिस तरह उस दौरान दंगे के एक आरोपी आम आदमी पार्टी के तत्कालीन पार्षद ताहिर हुसैन के घर पत्थर, हथियार और बड़ी-सी गुलेल मिली, उससे तो यही साबित होता है कि दिल्ली के ये दंगे हिंदू समाज को सबक सिखाने की मुस्लिम समाज के कुछ दंगाइयों की कोशिश थी। इन दंगों की टाइमिंग को भी भुलाना आसान नहीं है। जब ये दंगे हुए थे, उसके कुछ ही दिन बाद अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप का भारत दौरा हुआ था। इन दंगों के जरिए कोशिश यह भी की गई थी कि दंगा के षड्यंत्रकारियों का मकसद ट्रंप की भारत यात्रा को निरस्त कराना।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# जिला संयुक्त बार एसोसिएशन पीलीभीत का वार्षिक चुनाव सम्पन्न, राजीव अवस्थी अध्यक्ष निर्वाचित

- महामंत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष समेत कई पदों पर नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की घोषणा
- चुनाव में भारी उत्साह, अनुशासन और पारदर्शिता, अधिवक्ताओं ने जताई नई कार्यकारिणी में भरोसा





जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जिला संयुक्त बार एसोसिएशन पीलीभीत का वार्षिक चुनाव 2026 शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता कुलदीप सक्सेना तथा सह चुनाव अधिकारी पूर्व उपभोक्ता फोरम सदस्य वीरेंद्र सक्सेना की देखरेख में आयोजित किया गया। चुनाव के दौरान पूरे परिसर में कड़ी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। शनिवार सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक संयुक्त बार सभागार में मतदान संपन्न हुआ। कुल 408 पंजीकृत मतदाताओं में से 368 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान केंद्र पर अधिवक्ताओं की लंबी कतारें लगी रहीं और सभी ने अनुशासित ढंग से मतदान प्रक्रिया में भाग लिया। मतदान समाप्त होने के बाद निर्धारित समय पर मतगणना शुरू हुई और देर शाम परिणाम घोषित किए गए।

### अध्यक्ष पद पर राजीव अवस्थी की जीत

अध्यक्ष पद के लिए त्रिकोणीय मुकाबला रहा। राजीव अवस्थी ने 189 मत प्राप्त कर पूर्व अध्यक्ष बाबूराम शर्मा (139 मत) और पूर्व सचिव साबिर हुसैन अंसारी (54 मत) को 50 मतों के अंतर से पराजित किया। इस पद पर 2 मत निरस्त रहे। परिणाम घोषित होते ही परिसर में समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और विजयी प्रत्याशी को फूल-मालाओं से लादकर जश्न मनाया गया।

### महामंत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष के परिणाम

महामंत्री पद पर बहुकोणीय मुकाबले में विद्याराम वर्मा ने 142 मत प्राप्त कर 31 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। अन्य प्रत्याशी सुधीर मिश्रा को 111, ज्ञानेन्द्र गौतम को 68, अजय किशोर शर्मा को 24, विनीता सक्सेना को 18 और ज्योति प्रकाश शुक्ला को 17 मत मिले। इस पद पर 3 मत निरस्त हुए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अखिलेश शर्मा ने 209 मत प्राप्त कर संजय सिंह तोमर (168 मत) को 41 मतों के अंतर से पराजित किया। इस पद पर 4 मत निरस्त हुए। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर लेखराज गंगवार और संजय बरूआ के बीच सीधा मुकाबला हुआ। लेखराज गंगवार ने 250 मत प्राप्त कर संजय बरूआ (129 मत) को 121 मतों के अंतर से पराजित किया। इस पद पर 4 मत निरस्त हुए। कनिष्ठ उपाध्यक्ष वरिष्ठ वर्ग पद पर रोहित सिंह यादव निर्वाचित हुए निर्विरोध पद और अन्य पदाधिकारी नामांकन पत्र एकमात्र होने के कारण कई पदों पर प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।



### जीत का जश्न और नारों की गूंज

परिणाम घोषित होते ही अधिवक्ताओं ने वकील एकता जिंदाबाद, राजीव अवस्थी जिंदाबाद और विद्याराम वर्मा जिंदाबाद के नारे लगाए। विजयी पदाधिकारियों को फूल-मालाओं से लादकर मिठाइयां वितरित की गई और आतिशबाजी कर जीत का उत्सव मनाया गया। इसी के साथ नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजीव अवस्थी और महासचिव विद्याराम वर्मा ने सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपने कार्यकाल में अधिवक्ताओं के हित, सम्मान और बार भवन की सुविधाओं के विस्तार के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने सभी को साथ लेकर बार को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया।

### चुनाव में भारी उत्साह और अनुशासन देखने को मिला

नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को अधिवक्ताओं ने भविष्य के प्रति बड़ी उम्मीदें जताई। जिला संयुक्त बार एसोसिएशन पीलीभीत का यह चुनाव केवल नेतृत्व का चुनाव नहीं बल्कि अधिवक्ताओं की संगठनात्मक ताकत, लोकतांत्रिक चेतना और भविष्य की दिशा का प्रतिबिंब है। नई कार्यकारिणी के सामने अब कई जिम्मेदारियां हैं—अधिवक्ता हितों की सुरक्षा, न्यायिक व्यवस्था को मजबूत बनाना और बार की सुविधाओं का विस्तार करना। चुनाव ने यह साफ कर दिया है कि पीलीभीत का अधिवक्ता समाज अपने नेतृत्व और संगठन के प्रति सजग और जागरूक है।

**इनमें शामिल हैं।**

**सह सचिव प्रकाशन**
- सैयद शाह अली हैदर जाफरी

**सह सचिव प्रशासन**
- निरंजन प्रसाद

**सह सचिव पुस्तकालय**
- कुलदीप राठौर

**कनिष्ठ उपाध्यक्ष कनिष्ठ वर्ग**
- कमलेश कुमार पाल
- जयप्रकाश वर्मा

**कार्यकारिणी सदस्य**
- धर्मेंद्र कुमार
- राजीव त्रिपाठी
- अशोक पाठक

# केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद का सफल प्रयास

## एम्स दिल्ली से लापता पीलीभीत निवासी डॉक्टर कर्तव्य गंगवार सकुशल मिले



**मंत्री तक पहुंचा मामला, तुरंत हुई कार्रवाई**

डॉक्टर के पिता रमेश गंगवार ने पूरी जानकारी फोन पर देव स्वरूप पटेल को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए देव स्वरूप पटेल ने परिजनों से संयम बनाए रखने की अपील की और सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद को संबोधित एक प्रार्थना पत्र तैयार कर तत्काल उन्हें भेजा। पत्र के माध्यम से डॉक्टर के लापता होने से जुड़ी पूरी स्थिति से अवगत कराया गया।

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

एम्स दिल्ली से गत सप्ताह लापता हुए पीलीभीत निवासी डॉक्टर कर्तव्य गंगवार को केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के हस्तक्षेप से सकुशल बरामद कर लिया गया है। डॉक्टर के सुरक्षित मिलने की सूचना मिलते ही परिजनों सहित क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली और ईश्वर का धन्यवाद किया। एम्स दिल्ली में कार्यरत हैं डॉक्टर कर्तव्य गंगवार किसान नेता एवं क्रांतिकारी विचार मंच उत्तर प्रदेश के प्रांतीय संरक्षक देव स्वरूप पटेल ने बताया कि पीलीभीत जनपद के ग्राम डंडिया भिसौड़ी निवासी रमेश गंगवार के पुत्र डॉक्टर कर्तव्य गंगवार वर्तमान में एम्स दिल्ली में चिकित्सकीय सेवाएं दे रहे हैं। वे गंभीर रोगियों के उपचार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे। बीते सप्ताह किसी कारणवश वे अचानक लापता हो गए, जिससे परिवार और एम्स प्रशासन में हड़कंप मच गया। खोजबीन के बावजूद नहीं मिला सुराग डॉक्टर के लापता होने के बाद परिजनों और एम्स प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर खोजबीन की गई, लेकिन कई प्रयासों के बावजूद उनका कोई पता नहीं चल सका। इससे परिजन गहरे तनाव में आ गए और उनकी चिंता लगातार बढ़ती गई।

### गृह मंत्रालय व दिल्ली पुलिस को दिए गए निर्देश

सूचना मिलते ही केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और दिल्ली पुलिस कमिश्नर से संपर्क कर डॉक्टर कर्तव्य गंगवार की तलाश के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इसके बाद पुलिस और संबंधित एजेंसियों ने तलाश अभियान में तेजी लाई। देव स्वरूप पटेल ने बताया कि केंद्रीय राज्य मंत्री के प्रभावी प्रयासों के चलते मात्र 24 घंटे के भीतर डॉक्टर कर्तव्य गंगवार को सकुशल खोज लिया गया। उनके सुरक्षित मिलने से परिवार में खुशी का माहौल है। देव स्वरूप पटेल ने इस त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने डॉक्टर कर्तव्य गंगवार के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे स्वस्थ और प्रसन्न रहते हुए अपने चिकित्सकीय ज्ञान और अनुभव से निरंतर मानव सेवा करते रहें। यह घटना जनपद में चर्चा का विषय बनी रही और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भूमिका का उदाहरण भी मानी जा रही है।

# पीलीभीत में गांधी प्रेक्षागृह में आयोजित हुआ जीएसटी 2.0 सुधार संवाद कार्यक्रम



- व्यापारियों को नई सुविधाओं और अनुपालन प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार आज गांधी प्रेक्षागृह, पीलीभीत में जीएसटी 2.0 सुधार संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम व्यापारियों, महिला उद्यमियों और विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं को जीएसटी प्रणाली में किए गए नवीन सुधारों से अवगत कराने और उनकी समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में विजय कुमार गौड़, संयुक्त आयुक्त कार्यपालक, राज्य कर, बरेली संभाग-बी, बरेली उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारीगण, महिला उद्यमी और कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए।

कार्यक्रम में दी गई जानकारी

जीएसटी 2.0 के अंतर्गत किए गए सुधार और नए नियम

रिटर्न दाखिले की प्रक्रिया और समाधान योजना

ईंट-भट्ठा राजस्व एवं टीडीएस कटौती की प्रक्रिया

व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना की सुविधाएँ अधिकारियों ने सरल भाषा में नियमों को समझाते हुए व्यापारियों को अनुपालन में आने वाली व्यवहारिक समस्याओं का समाधान बताया। साथ ही, उपस्थित व्यापारियों से जीएसटी से संबंधित समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना गया, ताकि भविष्य में प्रणाली को और अधिक सरल, पारदर्शी एवं व्यापारी हितैषी बनाया जा सके। इस अवसर पर उपायुक्त रिकेश सिंह, नोडल अधिकारी संजीव कुमार ओमर, उपायुक्त राजेन्द्र प्रसाद चौहान, सहायक आयुक्त रुचि यादव, कर्मवीर सिंह, सुरेश कुमार सिंह, राज्यकर अधिकारी विपिन कुमार मिश्रा, रूप किशोर, वकील उल्ला खाँ, कल्पना शुक्ला सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा, अधिवक्ता एवं कर सलाहकार मुरली मनोहर अग्रवाल, उमेश चन्द्र अग्रवाल, विनोद कुमार वैश्य भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

अधिकारियों ने अंत में आश्वासन दिया कि व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा और जीएसटी प्रणाली को और अधिक सुगम बनाने के लिए ऐसे संवाद कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।

# दियोरिया कलां सीएचसी में शुरू हुई एक्सरे सुविधा, 50 हजार आबादी को मिली बड़ी राहत

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

आखिर कार लंबे इंतजार के बाद दियोरिया कलां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी में शनिवार से एक्सरे मशीन का संचालन शुरू हो गया। इस महत्वपूर्ण सुविधा के प्रारंभ होने से क्षेत्र की लगभग 50 हजार की आबादी को अब एक्सरे जांच के लिए दूर-दराज के स्वास्थ्य केंद्रों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे पीलीभीत के मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) के निर्देश पर एक्सरे मशीन का इंस्टॉलेशन कार्य पूर्ण किया गया था, जिसके बाद शनिवार को इसका विधिवत संचालन शुरू किया गया। अब तक मरीजों को एक्सरे कराने के लिए सीएचसी बिलसंडा या बीसलपुर जाना पड़ता था, जिससे उन्हें समय और धन दोनों का अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ता था। नई सुविधा से यह परेशानी पूरी तरह समाप्त हो गई है। पहले ही दिन एक्सरे सुविधा का लाभ लेते हुए पांच मरीजों की जांच की गई। टेक्नीशियन धीरेंद्र कुमार द्वारा किए गए एक्सरे में पैर दर्द, पेट दर्द और कमर दर्द की शिकायत लेकर आए मरीज शामिल रहे। एक्सरे कराने वालों में महेश, पातीराम और शिवदेई सहित कुल पांच मरीजों के नाम दर्ज किए गए। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सक डॉ. तपस कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शनिवार को आए मरीजों की समस्याओं को देखते हुए एक्सरे कराए गए हैं, ताकि उन्हें समुचित और समय पर उपचार उपलब्ध कराया जा सके। स्थानीय लोगों ने सीएचसी में एक्सरे सुविधा शुरू होने पर खुशी और संतोष जताते हुए इसे क्षेत्र के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा कदम बताया है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न, 55 शिकायतें प्राप्त





जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर में तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस के दौरान जनसमस्याओं को गंभीरता से सुना गया और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में कुल 55 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से मौके पर 6 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभागीय शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर शिकायतों का निरीक्षण करें तथा शिकायतकर्ता और संबंधित पक्षों को बुलाकर निष्पक्ष ढंग से समस्याओं का समाधान कराएं। निस्तारण की आख्या अनिवार्य रूप से पोर्टल पर अपलोड की जाए। राजस्व से जुड़े मामलों में आवश्यकता पड़ने पर पुलिस प्रशासन को साथ लेकर मौके पर ही निस्तारण कराने के निर्देश भी दिए गए।

### 18 जनवरी को विशेष मतदाता अभियान

जिलाधिकारी ने बताया कि 18 जनवरी 2026 को प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान उन सभी विद्यालय भवनों में, जहां मतदेय स्थल स्थापित हैं, मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य किया जाएगा।अभियान में संबंधित क्षेत्र के पार्षद, ग्राम प्रधान, सदस्य, बूथ लेवल ऑफिसर, नामित अधिकारी एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहेंगे। 1 जनवरी 2026 के आधार पर 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पात्र युवक-युवतियों और छूटे हुए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए फार्म-6 भरवाकर जमा कराया जाएगा, ताकि कोई भी पात्र मतदाता वंचित न रह जाए।

### चाइनीज मांझे पर सख्ती और दिव्यांगजनों के लिए निर्देश

जिलाधिकारी ने चाइनीज मांझे की बिक्री करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही दिव्यांगजनों के चिन्हीकरण कर उन्हें आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। वहीं इस अवसर सम्पूर्ण समाधान दिवस में एआरटीओ ने राह-वीर योजना की जानकारी देते हुए बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की जान बचाने वाले नेक व्यक्तियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा यह योजना चलाई जा रही है। योजना के तहत गोल्डन आवर में घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपये का नकद पुरस्कार और प्रशंसा पत्र दिया जाता है, ताकि लोग पुलिस के भय के बिना मदद के लिए आगे आएं।

### कई विभागों के अधिकारी रहे उपस्थित

सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आलोक कुमार, उप जिलाधिकारी सदर श्रद्धा सिंह, तहसीलदार अर्चित गुप्ता, सीओ सिटी, जिला विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, एआरटीओ, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, खंड विकास अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस के माध्यम से आमजन की समस्याओं के समाधान को लेकर प्रशासन की सक्रियता स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

# जल जीवन मिशन के तहत खोदी गई सड़कों की मरम्मत नहीं, ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन



जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

पूरनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम नरायनपुर ता. घुंघचाई में जल जीवन मिशन के तहत खोदी गई सड़कों की मरम्मत न होने पर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ गया है। ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए जल्द मरम्मत की मांग की।सरकार द्वारा घर-घर स्वच्छ जल पहुंचाने के उद्देश्य से जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाई जा रही है। इसके लिए ग्राम पंचायत में बनी पक्की सड़कों को जेसीबी से खोदा गया। पाइपलाइन बिछाने के बाद ठेकेदार सड़कों की मरम्मत किए बिना ही चले गए। ग्रामीणों ने बताया कि कई महीनों से सड़क टूटी हुई है। बरसात में स्थिति और बिगड़ जाती है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। आए दिन सड़क टूटने से दुर्घटनाएं भी हो रही हैं।नाराज ग्रामीणों में पूरनलाल, हरिओम, उमा शंकर, अवधेश, धनीराम, रघुनंदन, धर्मेंद्र, सुखलाल, रिंकू, विनोद कुमार, द्वारका प्रसाद सहित दर्जनों लोग शामिल थे। उन्होंने जल निगम विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर जल्द सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की।

# दो सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रीय योगी सेना का चीनी मिल पुलिस चौकी पर घेराव

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

बीसलपुर। राष्ट्रीय योगी सेना के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को दो सूत्रीय मांगों को लेकर चीनी मिल पुलिस चौकी का घेराव कर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने चौकी प्रभारी के विरोध में नारेबाजी की और कार्रवाई की मांग को लेकर अड़े रहे। सूचना पर पहुंचे कोतवाल के समझाने-बुझाने के बाद मामला शांत हुआ। राष्ट्रीय योगी सेना के कार्यकर्ताओं का कहना है कि आठ जनवरी को उन्होंने गोवंशीय पशुओं से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़कर चीनी मिल पुलिस चौकी को सौंपने का प्रयास किया था, लेकिन चौकी प्रभारी ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को सुपुर्दगी में लेने से इनकार कर दिया। आरोप लगाया गया कि इस दौरान चौकी प्रभारी ने कार्यकर्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार भी किया। प्रदर्शन की सूचना मिलने पर कोतवाल संजीव शुक्ला मौके पर पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने उन्हें अपनी दो सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में चौकी प्रभारी को तत्काल हटाने तथा गोवंशीय पशुओं को ले जाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो वे पुनः चौकी परिसर में धरना-प्रदर्शन करेंगे। इससे पूर्व कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर जोरदार नारेबाजी भी की। कोतवाल संजीव शुक्ला ने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि उनका ज्ञापन विभाग के उच्चाधिकारियों को भेज दिया जाएगा और मांगों पर यथासंभव कार्रवाई कराई जाएगी। कोतवाल के आश्वासन के बाद कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन समाप्त कर दिया। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रही और पुलिस-प्रशासन भी पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है।

# धान खरीद में कथित भ्रष्टाचार पर भाकियू टिकैत गुट का प्रदर्शन और ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर



भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने मंडी समिति में धान खरीद के दौरान किसानों के साथ कथित दुर्व्यवहार और भ्रष्टाचार के खिलाफ तहसील परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। किसान नेताओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि सरकारी क्रय केंद्रों पर किसानों का उत्पीड़न किया जा रहा है और अधिकारियों की मिलीभगत से बिचौलियों और राइस मिलरों को प्राथमिकता दी जा रही है।

किसानों की उपज हफ्तों तक मंडी में पड़ी रहती है और अधिकारियों द्वारा गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार किया जाता है।

विशेष रूप से 9 जनवरी 2026 की घटना का उल्लेख करते हुए कहा गया कि किसान गुरकरन सिंह अपनी माता के साथ अपने धान की जानकारी लेने गए थे,

लेकिन क्षेत्रीय विपणन अधिकारी प्रदीप कुमार ने उनके साथ मारपीट की और झूठे आरोप लगाकर फर्जी मुकदमा दर्ज कर दिया। भाकियू (टिकैत) ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, तो संगठन मंडी समिति परिसर में विशाल धरना-प्रदर्शन और उग्र आंदोलन करेगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान उत्पन्न किसी भी अव्यवस्था की जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# बसंत पंचमी की तैयारी: बाजार में रंग-बिरंगी पतंगों की रौनक



जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

बसंत पंचमी का पर्व नजदीक आते ही पूरनपुर क्षेत्र की दुकानों और बाजारों में पतंगबाजी का रंग जम गया है। तहसील क्षेत्र के दर्जनों गांवों में दुकानदार कई दिनों से पतंगों की दुकानें सजाने में जुटे हुए हैं। बाजार में इस बार बच्चों और युवाओं के लिए कई नई डिजाइन की पतंगें उपलब्ध हैं। कार्टून और लोकप्रिय अभिनेता-पत्रकारों के चित्रों वाली पतंगे बच्चों को विशेष रूप से आकर्षित कर रही हैं। सबसे बड़े आकार की पतंग 10 रुपये में उपलब्ध है। देसी मांझा 80 से 120 रुपये प्रति रील, वहीं फाइबर और लकड़ी से बने परेड की कीमत 50 से 100 रुपये तक है। हालांकि, प्रतिबंध के बावजूद बाजार में चाइनीस मांझा चोरी-छुपे बिक रहा है, जिससे सुरक्षा और बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं। पर्व की तैयारियों में जुटे लोग खरीदारी में व्यस्त हैं, और आसमान रंग-बिरंगी पतंगों से सज गया है।

# सड़क हादसा: युवक की मौके पर मौत, पुत्र गंभीर रूप से घायल

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

पूरनपुर में चीनी मिल गेट के पास हुए सड़क हादसे ने स्थानीय लोगों को हिला कर रख दिया। हादसे में मोहल्ला खानकाह निवासी सद्दीक अहमद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका पुत्र मोहम्मद साहिल गंभीर रूप से घायल हो गया। शायरा बानो, मृतक की पत्नी ने बताया कि 12



जनवरी की शाम वह अपने पति और पुत्र के साथ स्कूटी से चीनी मिल गेट पर खड़े थे। इसी दौरान खुटार की ओर से तेज गति से आ रही अर्टिका कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने पत्नी की शिकायत के आधार पर वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

# व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता से होगा निस्तारण: जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस । उरई




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की उपस्थिति में विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में व्यापार संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापारियों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना तथा शासन की व्यापार हितैषी नीतियों की जानकारी प्रदान करना रहा। डीएम ने जीएसटी रिफॉर्म 2.0 के अंतर्गत व्यापारियों एवं आम जनमानस को सरकार द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं एवं लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जीएसटी के अंतर्गत पंजीयन प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। जिससे व्यापारियों को सुगमता हो रही है। जीएसटी लागू होने के पश्चात दैनिक उपयोग की वस्तुएं सस्ती हुई हैं, कृषि उपकरणों पर कर भार कम हुआ है।स्वास्थ्य सेवाओं में आम जनता को लाभ मिल रहा है, वहीं वाहन एवं इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की कीमतों में भी कमी आई है। जिससे प्रदेश आर्थिक विकास की दिशा में तेजी से अग्रसर है। इसीक्रम में राज्य कर विभाग के उपायुक्त अमित कुमार यादव एवं सहायक आयुक्त आशीष मिश्रा द्वारा व्यापारियों को जीएसटी के अंतर्गत किए गए सरलीकरण के संबंध में जानकारी दी गई तथा व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके सुझाव भी प्राप्त किए गए। व्यापारियों को अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत किसी भी व्यापारी की दुर्घटना में असमय मृत्यु होने पर उनके परिजनों को ?10 लाख की सहायता राशि प्रदान की जाती है। जीएसटी लागू होने के पश्चात अब तक प्रदेश में 25 व्यापारियों के परिजनों को ?10 लाख प्रति प्रकरण की सहायता राशि प्रदान की जा चुकी है। डीएम ने व्यापारियों से अपील की कि वे अपने आसपास के व्यापारी बंधुओं को जीएसटी पंजीयन कराने हेतु प्रेरित करें, जिसमें राज्य कर विभाग द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि व्यापारियों से संबंधित सभी समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही डीएम ने व्यापारियों से कर जमा करने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे वे बिना किसी भय के सुचारु रूप से अपना व्यवसाय कर सकेंगे तथा प्रदेश के विकास में भी सहभागी बनेंगे। इस अवसर पर सीडीओ केके सिंह, सीओ अर्चना सिंह, राज्य कर विभाग के उपायुक्त अमित कुमार यादव, उपायुक्त उद्योग प्रभात यादव, सहायक आयुक्त आशीष मिश्रा सहित विभागों के अधिकारी एवं जनपद के व्यापारी उपस्थित रहे।

## शराब के नशे में विद्युत पोल से टकराकर बाइक सवार घायल

जनएक्सप्रेस/हरदोई। साण्डी थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव निवासी सोनू (35) पुत्र धनीराम बाइक से जाते समय एमएस डिग्री कॉलेज के पास सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से अनियंत्रित होकर टकरा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गम्भीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।बताया जा रहा है कि बाइक सवार सोनू शराब के नशे में बाइक पर सवार था।जिससे नशे की हालत में वह अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकराकर दुर्घटना का शिकार हो गया।हालांकि पुलिस मामले की आवश्यक जांच कर रही है।

## समाधान दिवस में प्राप्त 34 शिकायतों में 8 शिकायते निस्तारित

जनएक्सप्रेस/शाहाबाद। शाहाबाद में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता एसडीएम अंकित तिवारी ने की। इस मौके पर पुलिस और राजस्व से संबंधित 34 शिकायतें आईं जिनमें से आठ शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को निस्तारित करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। संपूर्ण समाधान दिवस में अपर पुलिस अधीक्षक मार्तंड प्रकाश सिंह ने भी भाग लिया। इस मौके पर एसडीएम अंकित तिवारी ने समस्त शिकायतों को समय के अंदर निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं।

## विधायक ने स्मृतिशेष मिथिलेश सिंह की पुण्यतिथि पर किया मूर्ति का अनावरण

जनएक्सप्रेस/हरदोई। हरपालपुर विकास खण्ड की ग्राम पंचायत खरगपुर खसौरा निवासी स्मृति शेष मिथिलेश सिंह भूरा की पुण्य तिथि पर परिजनों द्वारा स्थापित मूर्ति के अनावरण समारोह में शामिल होकर विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने जरूरत मंदों को कम्बल वितरित करते हुए स्वर्गीय भूरा सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर भारती भूरा सिंह एवं उनके पुत्र शौर्य सिंह, ब्लाक प्रमुख अनोखे लाल कश्यप, जिला भाजपा पदाधिकारी आजाद सिंह भदौरिया,विधायक प्रतिनिधि रजनीश त्रिपाठी,अजय शुक्ला,आलोक सिंह,अभिराम सिंह सहित तमाम सम्मानित क्षेत्रीय प्रधान गण व ग्राम वासी मौजूद रहे।

# विधायक ने प्रधानों के साथ बैठक कर मतदाता पुनरीक्षण व योजनाओं पर की चर्चा



जन एक्सप्रेस । हरदोई

विकास खण्ड साण्डी के ब्लॉक सभागार में भाजपा विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू की अध्यक्षता में प्रधानों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूचियों के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देना रहा। विधायक ने प्रधानों से अपील की कि वे अपने-अपने ग्राम पंचायतों में नए मतदाताओं के नाम जुड़वाने तथा अपात्र नामों को हटवाने के लिए अधिक से अधिक प्रयास करें, ताकि मतदाता सूची पूरी तरह शुद्ध एवं अद्यतन हो सके।बैठक के दौरान विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने केंद्र सरकार की जी राम जी योजना के बारे में प्रधानों को विस्तार से जानकारी दी और योजना के तहत मिलने वाले रोजगार एवं लाभों को ग्रामीणों तक पहुंचाने पर जोर दिया।इसके साथ ही एक किसान गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। विधायक ने कहा कि प्रधान इन योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाएं, जिससे अधिक से अधिक किसान लाभान्वित हो सकें।इसी क्रम में किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विधायक ने दो जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वाहन गांव-गांव जाकर किसानों को रजिस्ट्री प्रक्रिया एवं सरकारी योजनाओं से मिलने वाले लाभों की जानकारी देंगे।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख अनिल राजपूत, विधायक प्रतिनिधि रजनीश त्रिपाठी, प्रधान शिवनाथ,प्रधान संघ अध्यक्ष आलोक सिंह, इशरत, अजीत पाल, मदनपाल राजपूत सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

# शराबी पति ने महिला संग की मारपीट, पीड़िता ने एसपी से लगाई गुहार

जन एक्सप्रेस । उरई



शहर कोतवाली क्षेत्र से एक महिला उत्पीड़न का एक मामला सामने आया है। पीड़िता किरन कुमारी ने अपने पति पर शराब के नशे में मारपीट कर लगातार प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला के अनुसार, पति आए दिन शराब पीकर घर आता है और विवाद के दौरान उसके साथ मारपीट करता है। ताजा घटना में मारपीट के दौरान महिला को गंभीर चोटें आई, जिससे वह लहूलुहान हो गई। पीड़िता का कहना है कि उसने इस संबंध में पहले भी स्थानीय स्तर पर शिकायत की थी, लेकिन उसे अपेक्षित राहत नहीं मिल सकी। इसके बाद महिला ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र सौंपा और न्याय की गुहार लगाई। किरन कुमारी ने बताया कि उसने करीब तीन वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था, लेकिन शादी के कुछ समय बाद से ही पति का व्यवहार बदल गया और उस पर मानसिक व शारीरिक रूप से अत्याचार करने लगा। महिला ने आरोप लगाया कि घरेलू कलह के चलते उसका जीवन असुरक्षित होता जा रहा है। मामले को लेकर अधिकारियों ने शिकायती पत्र प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए कहा कि प्रकरण की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रशासन सख्त, 49 शिकायतों पर हुई सुनवाई

- डीएम-एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं, 17 शिकायतों का मौके पर निस्तारण
- चकरोड मामलों में संयुक्त टीम को त्वरित कार्यवाही के दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस । उरई




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने तहसील कालपी सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। जिले की समस्त तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान राजस्व, विद्युत, नगर पालिका, पुलिस, जिला पूर्ति सहित अन्य विभागों से संबंधित कुल 113 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से 38 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जैसे तहसील उरई में 28 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 8 का निस्तारण किया गया। वही तहसील कालपी में 49 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 17 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इसीक्रम में तहसील माधौगढ़ में 11 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 4 का निस्तारण किया गया।तहसील कोंच में 15 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 5 का निस्तारण किया गया। तहसील जालौन में 10 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 4 शिकायतों का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने चकरोड से संबंधित प्राप्त शिकायतों को विशेष गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों की संयुक्त टीम को मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही निस्तारण का वास्तविक मानक मानी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। समाधान दिवस में उपायुक्त उद्योग प्रभात यादव, अपर मुख्य अधिकारी एवं श्रम परिवर्तन अधिकारी जगदीश कुमार की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने एक दिन का वेतन काटने एवं स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। एसपी ने पुलिस से संबंधित मामलों में निष्पक्ष जांच एवं त्वरित कार्यवाही के निर्देश देते हुए कहा कि आमजन के साथ संवेदनशील व्यवहार एवं त्वरित राहत सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर सीडीओ केके सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप यादव, सीएमओ डॉ. देवेंद्र भिटौरिया, एसडीएम मनोज सिंह, थाना प्रभारी अवधेश सिंह, पीडी अखिलेश तिवारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# हमलावरों ने ट्रेवल्स ऑफिस संचालक पर किया जानलेवा हमला, फायरिंग कर फैलाई दहशत

जन एक्सप्रेस । उरई

कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार रात दबंगों द्वारा ट्रेवल्स ऑफिस संचालक और उसके साले पर जानलेवा हमला किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हमलावरों ने तमंचे से फायरिंग कर दहशत फैला दी और मारपीट कर दोनों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुईया निवासी सशेन्द्र राजपूत पुत्र वीरपाल राजपूत इंडियन पेट्रोल पंप के पास शताब्दी ट्रेवल्स नाम से कार्यालय संचालित करते हैं। बताया गया कि कार्यालय की देखभाल में उनका साला लवकुश पुत्र ग्याचरण निवासी ग्राम ददरी थाना आटा उनकी मदद करता है। पीड़ित के अनुसार बीते दिन शुक्रवार की रात करीब 8 बजे तीन बाइकों से सवार होकर विशाल राजपूत पुत्र जगपाल राजपूत निवासी ग्राम ददरी थाना आटा हाल पता तुफैलपुरवा इन्द्रानगर उरई, अमित राजपूत पुत्र देशराज राजपूत प्रधान सुनैहता, रोबिन राजपूत निवासी बम्हौरी थाना आटा, रामविशाल निवासी बरारा थाना सरीला जिला हमीरपुर, सहिल निवासी घनश्याम मंडी इन्द्रानगर सहित सात अन्य लोग अचानक कार्यालय पर आ पहुंचे। आरोप है कि सभी ने मिलकर सशेन्द्र राजपूत और लवकुश के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान विशाल राजपूत और अमित राजपूत के पास तमंचे थे। विशाल ने जान से मारने की नीयत से सशेन्द्र पर फायर किया, लेकिन वह बाल-बाल बच गया। वहीं अमित ने हवा में फायर किया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद विशाल ने तमंचे की बट से सशेन्द्र के सिर पर वार कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया। वहीं लवकुश को कुल्हाड़ी के पिछले हिस्से से सिर पर मारा गया, जिससे वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना से आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर बाबू ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# डीसीएम श्रीराम शुगर यूनिट रूपापुर में पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित

जन एक्सप्रेस । हरदोई



हरदोई।डीसीएम श्रीराम शुगर मिल रूपापुर इकाई प्रमुख संजीव कुमार तोमर ने पत्रकार सम्मान समारोह में पत्रकारों को नववर्ष की बधाई देते हुए उन्हें सम्मानित किया।उन्होंने पत्रकारो से चीनी मिल के साथ तालमेल रखते हुए क्षेत्र के किसानों तक गन्ना उत्पादन व किसानों की आर्थिक समृद्धि के लिए तमाम समस्याओं पर विचार साझा किए।

शुगर मिल में आयोजित सम्मान समारोह में पत्रकारों को संबोधित करते हुए डीसीएम शुगर यूनिट रूपापुर के महा प्रबंधक संजीव तोमर ने कहा कि चीनी मिल और किसान एक विकास रूपी गाड़ी के दो पहिए हैं।आज किसान भाइयों को आवश्यकता है कि गन्ने के रकबे के साथ-साथ गन्ने की उपज बढ़ाने पर भी ध्यान दिया जाए।उन्होंने कहा कि आपके अपने चीनी मिल के एरिया में भी ऐसे किसान तैयार हो गए हैं जो कि इस वर्ष 200 कुंतल प्रति बीघा की दर से गन्ने का उत्पादन किये है।मिल प्रबंधक ने कहा कि वह पत्रकार बन्धुओं के माध्यम से क्षेत्र के किसानों को बताना चाहते है कि अभी केन हारवेस्टर का डेमो चकौती खुर्द गाँव में कराया है। और इस वर्ष अभी से तथा अगले वर्ष पेराई सत्र के प्रारम्भ से गन्ना कटाई केन हारवेस्टर से कराने के लिए शासन को पत्र भी भेजा गया है। जिससे अगले वर्ष पर्ची कैलेण्डर उसी अनुसार किसानों का बनाये का प्रावधान शासन ने सट्टा नीति में कर दिया है। केन हारवेस्टर के आने से निश्चित रूप से लेबर की समस्या दूर होगी।सम्मान समारोह में विभागाध्यक्ष (गन्ना) ए. सिद्दीकी ने बताया कि इस वर्ष वसंत कालीन गन्ना बुवाई में चीनी मिल किसानों के लिए अच्छा अनुदान दे रही है। गन्ना प्रजाति को0 15023 ,को. 0118, कोलख. 14201 , कोलख. 16202 , कोशा. 17231 ,एवं कोशा. 13235 इत्यादि का बीज देने वाले कृषको को 28 फरवरी तक 50 रुपये प्रति कुन्तल एवं 01 मार्च से 75 रुपये प्रति कुन्तल बोनस दिया जायेगा। तथा जल प्लावित क्षेत्र में कोलख. 94184 एवं को. 98014 गन्ना प्रजाति का बीज देने वाले किसानों को 01 मार्च से 50 रुपये प्रति कुन्तल बोनस दिया जायेगा । इसलिए आवश्यकता है कि अपना गन्ना बीज रोककर दूसरे किसानों को गन्ना बुवाई में मदद करें।ताकि गन्ने का रकबा बढ़ाया जा सके । इस वर्ष बीज वितरण करने वाले कृषकों को उनके प्रीमियम धनराशि से फ्री में नायलोन नेट का भी प्रबंध किया गया है। उन्होंने फसल अमृत पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि गन्ना प्रजाति को.15023 , को.0118 , कोलख. 14201 , कोलख.16202, कोशा.17231 एवं कोशा. 13235 गन्ना प्रजाति की बुबाई करने वाले किसानों को 05 बोरी फसल अमृत प्रति एकड़ की दर से 50 प्रतिशत छूट पर दिया जायेगा । इसके अलावा चीनी मिल द्वारा गन्ना बुवाई मशीन एम.टी.पी. पर 35000 रुपया, पेडी प्रबंध मशीन आर.एम.डी. पर 20000 रूपया, आधूनिक मशीन एफ.डी.पी.ए. पर 25000 रु0 एवं ट्रैंच प्लान्टर पर 5000 रुपये तक की छूट दी जा रही है। इसके अतिरिक्त पावर वीडर पर 20000 रूपया , ट्रैक्टर चालित रोटरी पर 10000 रुपया , डिस्क प्लाऊ पर 5000 रूपया एवं छोटे ट्रैक्टर पर 50000 रुपये तक की छूट दी जा रही है । श्री सिद्दीकी ने चीनी मिल के सभी योजनाओं के बारे में बृहद रूप से पत्रकार बन्धुओ को अवगत कराया और अपील की कि इसको जन-जन तक पहुंचाएं। जिससे चीनी मिल क्षेत्र के किसानों का विकास हो।इस समारोह में इंजिनियरिंग हेड संजय सिंह, प्रोसेस हेड समीर चौधरी, मानव संसाधन विभाग हेड अनुराग तोमर, कमर्शियल हेड अभिजित सेन गुप्ता, लीगल हेड उमेश नरायन सिंह आदि उपस्थित थे।

# विधायक ने जरूरत मंदों को वितरित किये कम्बल,सड़क का किया लोकार्पण

जन एक्सप्रेस । माधौगंज

नगर पंचायत कुरसठ में विधायक आशीष सिंह आशू ने जरूरत मंदो को कंबल वितरण किया। वही ग्राम पंचायत में क्षेत्र पंचायत निधि से बनी इंटरलॉकिंग सड़क का लोकार्पण किया। नगर पंचायत कुरसठ में राम प्रसाद,मनोज कुमार,,अब्दुल अनवर, मो युनुस,राजेश कुमार, आदि 900 जरूरत मन्द लोगो को कंबल वितरण किया गया। विधायक आशीष सिंह आशू ने कहा कि ठंड से बचने के लिए कंबल का वितरण किया जा रहा है जिससे कड़कड़ाती ठंड से लोगों को राहत मिल सके। वही ग्राम पंचायत शहब्दा के मजरा रुद्दीखेड़ा में ब्रह्मदेव स्थान से राजेन्द्र के मकान तक बनी सड़क का लोकार्पण विधि विधान से पूजन कर किया। गांव के बूथ संख्या 97 व 98 के बीएलओ श्याम सिंह से एस आई आर में सूची से कटे मतदाताओं के बारे में जानकारी की।उन्होंने गांव के लोगो से नए नाम सूची में बढ़ाने व पुराने नाम जो सूची से हटे है उन्हें ढूढने के लिए प्रधान प्रतिनिधि महेंद्र सिंह से कहा। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश वर्मा,नगर पंचायत कुरसठ अध्यक्ष प्रतिनिधि विमलेश कुमार , सभासद सरला देवी, राम देवी, पुष्पा,लौंग अखिलेश कुमार,संदीप कुमार, पुष्पेंद्र कुमार मौजूद रहे।

# किशोर को बचाने के प्रयास में पेड़ से टकराई कार, एमएलसी गनर व पीए घायल

जन एक्सप्रेस । माधौगढ़

- कंबल वितरण कार्यक्रम में जाते समय हुआ हादसा, बाल बाल बची विधान परिषद सदस्य रमा निरजंन आरपी निरंजन

कंबल वितरण कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे विधान परिषद सदस्य की फॉरचूनर कार अचानक सड़क पर आए किशोर को बचाने को प्रयास में पेड़ से टकरा गई। हादसे में एमएलसी गनर व पीए सहित दो लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने इलाज के बाद घर भेज दिया। माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मिहौनी निवासी पूर्व प्रधान विनोद प्रताप सिंह के आवास पर शनिवार को कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित था। कार्यक्रम मे शामिल होने आ रहे विधान परिषद सदस्य रमा निरजंन प्रतिनिधि आरपी निरजंन, गनर आशीष कुमार, पीए नितिन पटेल आ रहे थे। कार जैसे ही सुल्तानपुरा के पास पहुंची थी कि सड़क पर अचानक किशोर आ गया। किशोर को बचाने को लेकर फारचूनर कार पेड़ से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। इसमें एमएलसी के गनर आशीष कुमार, पीए नितिन पटेल घायल हो गए। वहीं विधान परिषद सदस्य रमा निरजंन आरपी निरंजन बाल-बाल बच गए। सूचना पर कोतवाल विकेश बाबू पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।सीएचसी प्रभारी डाक्टर मनीष राजपूत ने बताया कि गनर के नाक में व पीए के सीने में चोटें आई थी। इलाज के बाद घर भेज दिया गया।

# क्षेत्र के सभी दबंग, अपराधी एवं आराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखें: एसपी

जन एक्सप्रेस । हरदोई



तहसील बिलग्राम में आहूत सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए सीडीओ सान्या छाबड़ा ने उपस्थित जनपद स्तरीय अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक दिन कार्यालय में प्रातः 10 से 12 बजे तक जनसुनवाई करें और आने वाले फरियादियों की समस्यों का ससमय निस्तारण करायें। भूमि विवाद संबंधी शिकायतों के सम्बन्ध में सीडीओ ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सरकारी एवं गरीबों की अवैध कब्जा की गयी भूमि कब्जा मुक्त कराने हेतु अभियान चलायें और चिन्हिान कर पुलिस टीम के साथ समन्वय बनाकर सभी सरकारी एवं गरीबों की भूमि कब्जा मुक्त कराये और कब्जा करने वालों के विरूद्व कठोर कार्यवाही करायें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में विद्युत संबंधी शिकायतों के लिए सीडीओ ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों का निस्तारण त्वरित करायें और नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में रोस्टर के अनुरूप विद्युत आपूर्ति कराना सुनिशिचित करायें। राशन वितरण अनियमिताओं के संबंध में उन्होने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि राशन वितरण में अनियमिता करने वाले कोटेदारों की जांच कराये और शिकायत सही पाये जाने पर कोटेदार के विरूद्व कार्यवाही करें।पेंशन संबंधी शिकायतों के संबंध में सीडीओ ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन लोगों की पेंशन किसी कारण रूक गयी है या निरस्त हो गयी उनका सत्यापन कराकर पात्र लोगों की पेंशन बहाल करायें। समाधान दिवस में अन्य विभागों की प्राप्त शिकायतों के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय में कराना सुनिश्चित करें।सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने उपस्थित थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि अपने क्षेत्र के सभी दबंग, अपराधी एवं आराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखें और ऐसे लोगों के संबंध में गांव के चौकीदारों एवं बीट सिपाहियों के माध्यम से प्रत्येक दिन की गतिविधियों की जानकारी लें और अवैध भूमि कब्जा मुक्त कराने में राजस्व टीम का सहयोग करें। इस अवसर पर सीएमओ डा0 भावनाथ पाण्डे,डीडीओ,एसडीएम व तहसीलदार बिलग्राम सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# फर्जी आधार कार्ड के जरिये जमीन का बैनामा करने आये भूस्वामी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । कालपी

फर्जी आधार कार्ड के जरिये शुक्रवार को बेशकीमती जमीन का बैनामा करने आये जालसाज कानून के दायरे में आ ही गये। पुलिस ने मामले में दो नामजदो सहित लगभग एक दर्जन लोगों के खिलाफ मामला दर्जकर लिया है। कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बबीना निवासी वासुदेव सिंह व उनके परिवार की मौजा बबीना स्थित 20 बीघा जमीन बिकाऊ थी। जिसके लिए कई लोगों से बातचीत चल रही थी। इसी बीच उक्त भूस्वामियों को पता चला था कि फर्जी आधार कार्ड के जरिये उनकी जमीन की बिक्री हो सकती हैं। जिसके चलते? वह लोग तहसील में सन्दिगध लोगों पर नजर रख रहे थे और शुक्रवार को संदिग्ध जालसाज दो गाडियों में सवार होकर बैनामा कराने तहसील आ गए थे। जिसकी सूचना? भूस्वामी गम्भीर सिंह ने कोतवाली कालपी पुलिस को दी थी। सूचना पर पुलिस ने बगैर समय गंवाए अधिवक्ता इस्लाम अहमद के चैम्बर में छापा मारकर आधा दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लिया था। जिनके कब्जे से चार फर्जी आधार कार्ड बरामद हुए थे। हालाकि मामला कदौरा थाना क्षेत्र का होने के चलते कोतवाली पुलिस ने उन्हें कदौरा थाना पुलिस को सौंप दिया था और शनिवार को कदौरा थाना पुलिस ने भूस्वामी गम्भीर सिंह पुत्र दृगपाल सिंह निवासी बबीना थाना कदौरा की तहरीर पर बादल खां निवासी मुहारी थाना कदौरा व दीपक तिवारी निवासी ममना जिला हमीरपुर व आधा दर्जन से अधिक अज्ञात के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं, निस्तारण के निर्देश

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



जनपद के निचलौल तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने की। इस दौरान उन्होंने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 102 जनशिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 17 शिकायतों का निस्तारण जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही करा दिया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित करते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी मामलों का समय सीमा के भीतर निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने भूमि संबंधी प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर स्थलीय निरीक्षण के उपरांत ही निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिकायतों के समाधान हेतु मौके पर जाकर जांच करें, स्पॉट मेमो बनाएं तथा निस्तारण की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाते हुए स्वयं निगरानी करें। समाधान दिवस के दौरान चकबंदी कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अनुपस्थिति की शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी निचलौल को नियमित आकस्मिक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। साथ ही एसओसी को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थिति किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं होगी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा जरूरतमंदों को कंबल भी वितरित किए गए। साथ ही समाधान दिवस में विभिन्न विभागों द्वारा हेल्प डेस्क लगाए गए, जिनमें आयुष्मान भारत, आयुष स्वास्थ्य, कृषि विभाग द्वारा किसान सम्मान निधि, तथा खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा किसान पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई। हेल्प डेस्क के माध्यम से फरियादियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिया गया और पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण कराया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील परिसर में पीएम सूर्यघर योजना के अंतर्गत जागरूकता कैंप का भी आयोजन किया गया। कैंप में 100 से अधिक लोगों ने योजना में रुचि दिखाते हुए अपना विवरण दर्ज कराया। जिलाधिकारी ने पीओ नेडा को निर्देश दिया कि सभी इच्छुक व्यक्तियों से संपर्क कर अधिक से अधिक आवेदन कराए जाएं।

इस मौके पर प्रभारी सीएमओ डॉ. नवनाथ प्रसाद, उपजिलाधिकारी निचलौल सिद्धार्थ गुप्ता, डीडीओ बी.एन. कन्नौजिया, सीओ निचलौल एस.पी. सिंह, एआर कोऑपरेटिव सुनील गुप्ता, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कन्हैया यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक पी.के. शर्मा, डीपीआरओ श्रेया मिश्रा, बीएसए ऋद्धि पांडेय सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## अमिताभ ठाकुर को जेल में मिली जान से मारने की धमकी

जन एक्सप्रेस । देवरिया

जिला कारागार में बंद पूर्व आईजी अमिताभ ठाकुर को जान से मारने की धमकी मिली है। अमिताभ ठाकुर इंडस्ट्रियल एरिया पुरवां में पत्नी नूतन ठाकुर के नाम में हेरफेर कर जमीन आवंटन मामले में जेल में बंद हैं।

पूर्व आईजी अमिताभ ठाकुर 11 दिसंबर से देवरिया जिला कारागार में बंद हैं। उन पर लखनऊ निवासी संजय शर्मा ने सदर कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस प्रकरण में उनके अधिवक्ता लगातार जमानत लेने का प्रयास कर रहे हैं। इसी के तहत जिला जज के कोर्ट में 17 जनवरी को सुनवाई होनी है। इस मामले में अमिताभ ठाकुर से जेल में मिलकर आए अधिवक्ता प्रवीण द्विवेदी का कहना है कि अमिताभ ठाकुर ने उन्हें एक कागज दिखाया। इसमें जान से मारने की धमकी के साथ अपशब्द लिखा हुआ था। यह पत्र कंप्यूटर से टाइप किया गया था। इस कागज को बैरक के पास पत्थर से दबाकर रखा गया था। अधिवक्ता का कहना है कि इससे अमिताभ ठाकुर भयभीत हो गए हैं।

## सम्पूर्ण समाधान दिवसः एडीएम ने सुनी फरियादियों की शिकायत, 06 का मौके पर निस्तारण



जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

जिले की पट्टी तहसील में शनिवार को अपर जिलाधिकारी आदित्य प्रजापति की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 186 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 06 शिकायते इस प्रकृति की पायी गयी जिनका एडीएम ने मौके पर निस्तारण कराया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 186 शिकायतों में से 87 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 28, विकास विभाग से 22, समाज कल्याण से 05, शिक्षा से 02, स्वास्थ्य से 03 एवं 39 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। एडीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं में जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सर्वोपरि है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि गरीब, वंचित और जरूरतमंदों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाये, साथ ही उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश भी दिए। कोई भी गरीब व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये, इसका विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने उप जिलाधिकारी तथा थाना प्रभारियों से कहा कि जो भूमि संबंधी मामले हैं उसमें राजस्व, चकबंदी तथा पुलिस की संयुक्त टीम गठित करके मौके पर भेजकर निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि शासन का सख्त निर्देश है की जमीन संबंधी मामलों को तत्काल निस्तारण कराएं। शिकायकतकर्ताओं की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही कदापि न बरती जाये। इस दौरान एसडीएम पट्टी पूर्णेन्दु मिश्र सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति अभियानः मिशन शक्ति टीम ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले में शनिवार को महेशगंज थाने की मिशन शक्ति टीम द्वारा एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के तहत विश्वनाथ प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज टेंडा में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। टीम ने छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध एवं नए आपराधिक कानूनों के संबंध में जागरूक किया। इस दौरान शासन द्वारा संचालित पुलिस आपातकालीन सेवा, वुमेन पावर लाइन, महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं साइबर अपराध हेल्पलाइन समेत विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में बताया गया तथा किसी भी समस्या या आपात स्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त करने हेतु इनके उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से पुलिस का उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना, अपराधों की रोकथाम करना एवं उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है, ताकि वे निर्भय होकर अपने दैनिक जीवन का संचालन कर सकें। इसके अतिरिक्त टीम द्वारा नए आपराधिक कानूनों के बारे में जानकारी देते हुए छात्र-छात्राओं की समस्याओं के संबंध में संवाद किया गया। साथ ही उन्हें थाना स्तर पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क एवं मिशन शक्ति टीम के सीयूजी नंबर के बारे में भी अवगत कराया गया, ताकि आवश्यकता पड़ने पर त्वरित सहायता प्राप्त की जा सके। पुलिस द्वारा छात्र-छात्राओं से अपील की गई कि वे किसी भी प्रकार की समस्या या अपराध की स्थिति में बिना संकोच हेल्पलाइन नंबरों अथवा पुलिस से संपर्क करें।

## शुरू हुआ ओडीओपी योजना के तहत 10 दिवसीय प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

जिला उद्योग केंद्र की तरफ से रामकोला के एक विवाह भवन परिसर में एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना का दस दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। इसमें प्रशिक्षुओं को केला रेसा से बने उत्पदों की जानकारी दी गई। रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोंड ने कहा कि यह प्रशिक्षण केवल रोजगार प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि रोजगार देने की दिशा में आगे बढ़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागी अपने जीवन स्तर को ऊंचा उठाएं और अपने साथ कार्य करने वाले लोगों को भी आत्मनिर्भर बनाएं। प्रशिक्षण को पडरौना मनीष जायसवाल और भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने भी संबांधित किया। इसके बाद ओडीओपी के 10 लाभार्थियों को स्टडी किट वितरण किया गया।

# श्रद्धालुओं से भरी पिकअप में प्राइवेट बस ने मारी टक्कर, 23 घायल, जिलाधिकारी और एसपी पहुंचे अस्पताल

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले में प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग पर नगर कोतवाली थाना इलाके के जोगापुर में मौनी अमावस्या के अवसर पर माघ मेला जा रहे श्रद्धालुओं से भरे एक पिकअप वाहन को प्राइवेट बस ने टक्कर मार दी। जिससे 23 श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

मिली जानकारी के अनुसार संत कबीरनगर जिले के लोहरौली थाना क्षेत्र के एक ही गांव के रहने वाले लगभग तीन दर्जन श्रद्धालु मौनी अमावस्या पर स्नान दर्शन हेतु पिकअप वाहन से प्रयागराज माघ मेला के लिए निकले थे। शनिवार सुबह लगभग चार बजे के करीब जैसे ही जिले की नगर कोतवाली थाना इलाके के जोगापुर पहुंचे ही थे कि पीछे से आ रही एक प्राइवेट बस ने श्रद्धालुओं से भरे पिकअप में टक्कर मार दी। जिससे पिकअप पलट गई और उसमें सवार तेइस श्रद्धालु घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीण भी इकट्ठा हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही सहायक पुलिस अधीक्षक ( सीओ सिटी ) प्रशांत राज हुड्डा व कोतवाल सुभाष यादव पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुँचे। पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को तुरन्त मेडिकल कॉलेज पहुंचाया जहां सभी का इलाज चल रहा है। इस दुर्घटना में महिलाओं और पुरुषों को मिलाकर कुल तेइस श्रद्धालु घायल हुए हैं। वहीं पुलिस ने पीछा करते हुए प्राइवेट बस को अपने कब्जे में ले लिया और क्रेन की मदद से पिकअप को सड़क से हटवाया और यातायात बहाल कराया। सूचना के बाद डीएम शिवसहाय अवस्थी और एसपी दीपक भूकर ने अस्पताल पहुँचकर दुर्घटना में घायल श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका हालचाल लिया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा चिकित्सकों से घायलों के उपचार की जानकारी प्राप्त करते हुए उचित एवं बेहतर चिकित्सीय उपचार सुनिश्चित कराने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। एसपी दीपक भूकर ने बताया कि प्राइवेट बस ने श्रद्धालुओं से भरी पिकअप को टक्कर मार दी। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां एक की हालत गम्भीर थी जिसे एसआरएन प्रयागराज रेफर किया गया जबकि अन्य सभी को इलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है।

# गोकशी से ग्रामीणों में रोषः अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले के देल्हूपुर थाना इलाके में गोकशी का बड़ा मामला सामने आया है। जहां पर चोरी हुई चार गायों में से दो का कटा हुआ सिर, खाल व पैर नदी के किनारे पड़ा हुआ मिला। मौके पर पहुंचे पूर्व विधायक धीरज ओझा ने कहा कि 24 घण्टे के अंदर गोतस्करों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो अपनी टीम के साथ राजमार्ग पर चक्काजाम करेंगे।

मिली जानकारी के अनुसार देल्हूपुर थाना इलाके के बरसंडा गांव निवासी जगदीश बहादुर सिंह ने शुक्रवार देर रात घर के बाहर आवाज होने पर उठकर घर से बाहर आये तो देखा उनकी दो गाय दरवाजे के बाहर से गायब थी। उन्होंने डायल-112 पर घटना की सूचना दी। सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची। इसी बीच गांव के अन्य लोग भी मौके पर इकट्ठा हो गए। तभी पता चला कि पड़ोसी आकाश सिंह की भी एक गाय अज्ञात चोर उठा ले गए हैं। लोगों ने रात में ही गायों को ढूढ़ना शुरू कर दिया लेकिन कुछ पता नहीं चला। सुबह जब लोग गायों को खोजते हुए नदी के पुल पर पहुंचे तो देखा गाय के कटे हुए सिर, खाल व पैर नदी के किनारे पड़े हैं। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। शनिवार सुबह काफी संख्या में ग्रामीण देल्हूपुर थाने पहुंचे और कार्रवाई की मांग की। जानकारी के बाद पूर्व विधायक धीरज ओझा ने भी मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गोतस्करों को अगर 24 घण्टे में नहीं पकड़ा गया तो हम अपनी टीम के साथ प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग पर चक्काजाम करेंगे। फिलहाल जगदीश बहादुर सिंह ने गोकशी की आशंका व्यक्त करते हुए देल्हूपुर थाने पर तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। थाना प्रभारी देल्हूपुर ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। दोषियों को जल्द ही गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पिपरा बघेल को पराजित कर करमैनी की टीम विजयी

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

क्षेत्र के महरुटोला गांव स्थित गेंदा खेली खेल मैदान में हाजी इब्राहिम व हाजी गौहर अली शाह की तरफ से आयोजित तीन दिवसीय नाइट दुक्की क्रिकेट प्रतियोगिता का बृहस्पतिवार की रात फाइनल मुकाबला हुआ। इसमें पिपरा बघेल की टीम को हराकर करमैनी की टीम विजेता घोषित हुई। अंत में आयोजकों ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया। पिपरा बघेल की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवर में कुल 56 रन बनाए। इसके जबाव में खेलने उतरी करमैनी की टीम ने एक ओवर शेष रहते हुए 9 विकेट के नुकसान पर 57 रन बना ली। इस तरह मैच में करमैनी की टीम विजेता घोषित हुई। मैच में मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज सर्वाधिक रन बनाने वाले करमैनी के खिलाड़ी उस्मान को चुना गया।

# एसपी ने किया भूपियामऊ व कोहड़ौर में रूट डायवर्जन का स्थलीय निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले में शनिवार को एसपी दीपक भूकर ने माघ मेला- 2026 को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के मद्देनजर भ्रमण के दौरान थाना कोतवाली देहात अंतर्गत भुपियामऊ व कोहड़ौर थाना इलाके में मदाफरपुर मोड़ पर रूट डायवर्जन स्थल पर तैनात यातायात ड्यूटी में लगे पुलिस बल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, डायवर्जन की प्रभावशीलता तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की सतर्कता का गहनता से जायजा लिया गया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूर्ण मुस्तैदी, अनुशासन एवं आपसी समन्वय के साथ ड्यूटी का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं एवं आमजन की सुरक्षा, सुचारु यातायात व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि मेला अवधि एवं पर्व के दौरान किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी पुलिस कार्रवाही सुनिश्चित की जाए, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि कोई भी वाहन सड़क के किनारे नहीं खड़े होने चाहिए। सभी को पार्किंग में व्यवस्थित ढंग से खड़ा करवाएं। साथ ही श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा के साथ ही यातायात व्यवस्था का पूरा ध्यान रखा जाय।

# सलेमपुर में लगा जाम, घंटों फंसी रही एंबुलेंस व स्कूल वाहन अटके

जन एक्सप्रेस । देवरिया



नगर में शुक्रवार की दोपहर जाम लग गया। जाम के चलते सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। बस स्टैंड से लेकर हरैया वार्ड होते हुए मझौली मोड़ तक करीब आधे घंटे तक यातायात पूरी तरह ठप रहा। मझौली मोड़ से लेकर फ्लाईओवर तक स्थिति इतनी खराब हो गई कि गंभीर मरीजों को ले जा रहीं दो एंबुलेंस और दर्जनों स्कूली वाहन जाम में फंसे रहे। आधे घंटे के बाद जाम खुलने पर लोगों ने राहत की सांस ली। दोपहर का समय होने के कारण स्कूलों की छुट्टी के बाद घर लौट रहे स्कूली वाहन भी जाम में फंस गए। बसों और वैन में बैठे बच्चों को घंटों इंतजार करना पड़ा, जिससे अभिभावकों की चिंता भी बढ़ गई। जाम में फंसी एंबुलेंस के सायरन लगातार बजते रहे लेकिन भारी वाहनों और बेतरतीब खड़े ट्रकों के कारण उन्हें रास्ता नहीं मिल सका। जाम देख कुछ राहगीरों ने एंबुलेंस को निकालने का प्रयास किया लेकिन सड़क पर जगह न होने से काफी मशक्कत के बाद रास्ता बन पाया। लोगों ने आरोप लगाया कि हरैया जैसे व्यस्त मार्ग पर सुव्यवस्थित ट्रैफिक प्रबंधन का अभाव है।

मझौली मोड़ से फ्लाईओवर तक भारी वाहनों की आवाजाही के कारण अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है लेकिन पुलिस की नियमित तैनाती नहीं होने से समस्या बनी रहती है।

## विवाहिता की मौत मामले में आरोपी पति गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । देवरिया

सेमरहा गांव में विवाहिता के आत्महत्या के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को उसके पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

महुआडीह थानाक्षेत्र के चिउरहा गांव के सेमरहा टोला पर बुधवार की देर शाम संजू देवी (28) ने घर पर ही कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज के डाक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया।

लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई थी। संजू देवी के पिता लालबिहारी चौहान की तहरीर पर पुलिस ने बृहस्पतिवार को ही पति अमर चौहान पर प्रताड़ित करने की प्राथमिकी दर्ज कर लिया था।

शुक्रवार को अमर चौहान को पुलिस ने गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई के बाद कोर्ट में पेश किया।

# 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर होगा ब्लैकआउट व मॉक ड्रिल

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़




जिले में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर 23 जनवरी को पुलिस लाइन में ब्लैकआउट एवं मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर एडीएम आदित्य प्रजापति ने शुक्रवार को सायंकाल एनआईसी सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में एडीएम ने बताया कि 23 जनवरी 2026 को शाम छः बजे पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। मॉक ड्रिल के दौरान हवाई हमले की स्थिति को दर्शाया जाएगा। सायरन बजते ही सभी लोगों को जमीन पर लेटने तथा खुले स्थानों पर मौजूद लोगों को निकटतम सुरक्षित (भूमिगत) स्थानों में जाने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान सायरन ध्वनि होते ही सभी निर्धारित स्थलों की विद्युत आपूर्ति बंद कर दी जाएगी। एडीएम ने बताया कि मॉक ड्रिल में हवाई हमले के पश्चात आग लगने, लोगों के घायल होने अथवा मृत्यु जैसी परिस्थितियों का भी अभ्यास कराया जाएगा। आग लगने की स्थिति में अग्निशमन विभाग द्वारा तत्काल आग पर काबू पाया जाएगा। स्वयंसेवकों एवं स्वास्थ्य विभाग की मदद से घायलों को अस्पताल भेजकर प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही क्षतिग्रस्त दूरसंचार एवं विद्युत व्यवस्था को बहाल कराया जाएगा। इस संपूर्ण अभ्यास में आपदा प्रबंधन विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग, नगर पालिका, होमगार्ड, स्वयंसेवक, एनसीसी सहित सभी विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। एडीएम ने सभी विभागों को अपने-अपने दायित्वों के प्रति पूर्ण सजग रहने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आम जनमानस में इस संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए, ताकि सायरन बजने पर लोग घबराएं नहीं और शांति बनाए रखें। बैठक में समस्त सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जौनपुर में बिना बैठक करोड़ों का टेंडर! सुईथाकला ब्लॉक में क्षेत्र पंचायत निधि पर बड़ा खेल, फर्जी भुगतान की आशंका

- पहले 45, फिर 84 कार्यों का टेंडर जारी, प्रस्ताव और बैठक दोनों नदारद
- जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय जांच कमेटी गठित कर जांच आख्या मांगी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जिले के सुईथाकला विकास खंड में क्षेत्र पंचायत निधि से कराए जाने वाले विकास कार्यों को लेकर गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। आरोप है कि बिना क्षेत्र पंचायत की विधिवत बैठक और प्रस्ताव के ही करोड़ों रुपये के विकास कार्यों के टेंडर प्रकाशित कर दिए गए। इतना ही नहीं, फर्जी और दोहरे भुगतान की भी आशंका जताई जा रही है। मामले को लेकर क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने शुक्रवार को जिलाधिकारी जौनपुर से मुलाकात कर लिखित शिकायत सौंपी।

शिकायत के बाद जिलाधिकारी दिनेश प्रताप सिंह ने जिला परियोजना अधिकारी के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच टीम गठित कर पूरे प्रकरण की जांच आख्या मांगी है। हालांकि इससे पहले भी जांच समितियां गठित हो चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है।





## जौनपुर में टेंडर प्रक्रिया पर फिर उठा सवाल?

### सुईथाकला क्षेत्र पंचायत में कथित फर्जी टेंडर का आरोप, सदस्यों ने बीडीओ को सौंपा शिकायती पत्र

जन एक्सप्रेस। जौनपुर


जिले के विकास खंड सुईथाकला क्षेत्र पंचायत में टेंडर प्रक्रिया को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने खंड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपते हुए कथित भ्रष्टाचार की परतें खोल दी हैं। सदस्यों का आरोप है कि लंबे समय से क्षेत्र पंचायत की बैठक ही नहीं बुलाई गई, जिससे विकास कार्यों की पारदर्शी योजना बनाने की प्रक्रिया पूरी तरह ठप पड़ी है। आरोप है कि बार-बार लिखित प्रार्थनापत्र देने के बावजूद 30 दिसंबर 2025 को बिना क्षेत्र पंचायत की बैठक बुलाए नियमों को दरकिनार कर टेंडर प्रक्रिया शुरू

मामला तब और संदिग्ध हो गया जब सोशल मीडिया पर खबर सामने आने के बाद सदस्यों ने टेंडर की शर्तों और कार्यों की सूची का अवलोकन किया। क्षेत्र पंचायत सदस्यों का दावा है कि टेंडर में करीब दस ऐसे कार्य शामिल हैं, जिन्हें पहले ही समय से पूर्व पूरा कराया जा चुका है।

इतना ही नहीं, कुछ कार्य ऐसे भी पाए गए जिनके लिए पूर्व में टेंडर निकाला गया था, लेकिन जांच में अनियमितता मिलने पर उसी विभाग ने पूरी टेंडर प्रक्रिया को निरस्त कर दिया था। हैरानी की बात यह है कि उन्हीं विवादित कार्यों को दोबारा नए टेंडर में शामिल कर दिया गया। इस पूरे मामले को

केवल सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है, बल्कि क्षेत्र पंचायत जैसी लोकतांत्रिक संस्था की गरिमा भी तार-तार हो रही है। सदस्यों ने मांग की है कि कथित फर्जी टेंडर को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए, पहले क्षेत्र पंचायत की बैठक बुलाकर नई कार्ययोजना तैयार की जाए और उसके बाद ही नियमों के अनुसार टेंडर प्रकाशित किया जाए। सदस्यों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच नहीं हुई तो वे उच्च अधिकारियों और शासन स्तर तक शिकायत करने को मजबूर होंगे।

अब निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं कि



### जांच समितियां बनीं, लेकिन जांच अब तक कागजों में ही सिमटी

### पहले भी बिना बैठक 45 कार्यों का टेंडर

जानकारी के अनुसार 14 सितंबर 2025 को विकास खंड सुईथाकला द्वारा क्षेत्र पंचायत के 45 विकास कार्यों का टेंडर जारी किया गया था। चौंकाने वाली बात यह रही कि टेंडर से पूर्व न तो क्षेत्र पंचायत सदस्यों की कोई बैठक बुलाई गई और न ही किसी प्रकार का प्रस्ताव पारित किया गया। यह पूरी प्रक्रिया पंचायती राज नियमों के विपरीत बताई जा रही है।

### शिकायत के बाद जांच, फिर भी नहीं रुका खेल

क्षेत्र पंचायत सदस्यों की शिकायत पर 6 अक्तूबर 2025 को निविदा प्रक्रिया स्थगित करते हुए तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई थी। जांच रिपोर्ट के आधार पर 6 दिसंबर 2025 को पूरा टेंडर निरस्त कर दिया गया। इसके बावजूद 29 दिसंबर 2025 को पुराने कार्यों को दोबारा शामिल करते हुए कुल 84 विकास कार्यों का नया टेंडर जारी कर दिया गया।

### न बैठक, न नया प्रस्ताव फिर भी टेंडर

आरोप है कि इस बार भी क्षेत्र पंचायत की कोई विधिवत बैठक नहीं कराई गई।

टेंडर की अंतिम तिथि 19 जनवरी 2026 तय की गई, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया गया कि टेंडर किस समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ। शुरुआत में टेंडर सूचना ब्लॉक कार्यालय पर भी नहीं चस्पा की गई। क्षेत्र पंचायत सदस्यों की शिकायत और सोशल मीडिया पर मामला सामने आने के बाद ही सूचना लगाई गई।

### जांच समिति बनी, जांच नदारद

8 जनवरी 2026 को खंड विकास अधिकारी द्वारा दो सदस्यीय जांच टीम गठित कर तीन दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन अब तक न तो मौके पर जांच हुई और न ही कोई रिपोर्ट सार्वजनिक की गई। इससे प्रशासनिक मंशा पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### निजी लाभ के लिए कार्य कराने का आरोप

शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि पूर्व में कराए गए कई विकास कार्य लोगों की निजी बाउंड्रीवॉल के भीतर या व्यक्तिगत दरवाजों तक सीमित रहे। वर्तमान टेंडर में भी अधिकांश कार्य व्यक्तिगत लाभ से जुड़े बताए जा रहे हैं। यह भी आरोप है कि कुछ कार्यों का भुगतान पहले ही ग्राम प्रधान निधि से किया जा चुका है और अब वही कार्य क्षेत्र पंचायत निधि से दिखाकर दोबारा भुगतान कराने की तैयारी है।

### टेंडर फॉर्म देने में भी मनमानी

टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता पर भी सवाल उठ रहे हैं। ठेकेदारों का आरोप है कि टेंडर फॉर्म खरीदने पहुंचने पर उन्हें यह कहकर लौटा दिया जाता है कि संबंधित बाबू मौजूद नहीं हैं।

### कार्रवाई की मांग

क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच किसी जिला स्तरीय अधिकारी के नेतृत्व में कराई जाए, वर्तमान टेंडर को तत्काल निरस्त किया जाए और दोषी अधिकारियों व पदाधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो। साथ ही विधिवत बैठक बुलाकर प्रस्ताव पारित करने के बाद ही नई टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाए। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस गंभीर मामले में क्या कदम उठाता है।

# महिला शौचालय से लेकर नीलगाय तक, चार सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रवादी पार्टी का महाज्ञापन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर





आम जनमानस की मूलभूत समस्याओं को लेकर राष्ट्रवादी पार्टी द्वारा शनिवार को जिलाधिकारी जौनपुर को महाज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से पार्टी ने जिले की चार प्रमुख क्षेत्रीय समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया कि नरेन्द्रपुर बाजार में प्रतिदिन लगभग 50 से अधिक गांवों के लोग खरीदारी के लिए आते हैं, लेकिन बाजार क्षेत्र में महिलाओं के लिए एक भी शौचालय की व्यवस्था नहीं है। इससे महिलाओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। जनहित को ध्यान में रखते हुए यहां सुलभ शौचालय निर्माण की मांग की गई है।

दूसरे बिंदु में मछलीशहर तहसील के देवकली ग्रामसभा अंतर्गत निश्राइनपट्टी भोलेनाथ मंदिर से पाल बस्ती तक लगभग 200 मीटर मार्ग न होने का मुद्दा उठाया गया। रास्ता न होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी होती है तथा आपात स्थिति में एम्बुलेंस तक नहीं पहुंच पाती। इस समस्या के त्वरित समाधान की आवश्यकता बताई गई।

तीसरे मुद्दे के रूप में जिले में नीलगाय की बढ़ती समस्या को उठाया गया। प्रतिवर्ष किसानों की फसल नीलगाय द्वारा नष्ट की जा रही है, जिससे किसान आर्थिक रूप से परेशान हैं। पार्टी ने किसान हित में ठोस एवं प्रभावी व्यवस्था किए जाने की मांग की है।

चौथे बिंदु में सुजानगंज बाजार स्थित ग्राम तिलहुओं में नाले पर बनी अधूरी पुलिया का मामला रखा गया। यह ग्रामीणों के आवागमन का मुख्य मार्ग है,

लेकिन निर्माण कार्य अधूरा होने से लोगों को खतरे के बीच आवाजाही करनी पड़ रही है। पूर्व में भी इस संबंध में ज्ञापन दिया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

ज्ञापन सौंपते हुए जितेन्द्र चौहान, जिलाध्यक्ष राष्ट्रवादी पार्टी जौनपुर ने कहा कि यदि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो पार्टी जनहित में आगे आंदोलन करने को बाध्य होगी।

इस अवसर पर सुभद्रा सिंह (जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ), सन्तोष पाल (जिलाध्यक्ष मीडिया प्रकोष्ठ), रितेश कुमार जैन (तहसील अध्यक्ष मछलीशहर), दिलीप सोनी (जिला सचिव) सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# दिव्यांग मतदाताओं को लेकर डीएम सख्त, हर वोटर का नाम सूची में हो शामिल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर




जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में दिव्यांग मतदाता जागरूकता हेतु गठित समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में दिव्यांग मतदाताओं की मतदान केंद्रवार मैपिंग, अद्यतन डाटा संधारण तथा उन्हें मतदाता सूची से जोड़ने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि जिन दिव्यांग मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज है, लेकिन ईआरओ नेट पर टैगिंग नहीं हुई है, उनकी शीघ्र टैगिंग कराई जाएगी। वहीं जिन दिव्यांगजनों का नाम अभी मतदाता सूची में शामिल नहीं है, उन्हें चिन्हित कर फॉर्म-6 भरवाते हुए सूची में सम्मिलित कराने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला को निर्देशित किया कि दिव्यांग पेंशन के ऐसे लाभार्थी जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, उन्हें चिन्हित कर उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज कराया जाए। साथ ही जिन दिव्यांग मतदाताओं की ईआरओ नेट पर टैगिंग नहीं हुई है, उसे संबंधित ईआरओ/एईआरओ से समन्वय कर सुनिश्चित किया जाए। बैठक में दिव्यांगजनों के लिए सक्षम और बाधा-मुक्त वातावरण उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया। इसमें सुलभ मतदान केंद्रों की व्यवस्था, सुलभ मतदाता जागरूकता अभियान तथा जिला स्तर पर स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से विशेष सुविधाओं की जानकारी विभिन्न माध्यमों से पहुंचाने पर चर्चा हुई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी कि वर्तमान में मतदाता सूची में शामिल कुल मतदाताओं में 0.88 प्रतिशत दिव्यांग मतदाता हैं। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। इनमें सपा जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य, बसपा जिलाध्यक्ष संग्राम भारती, कांग्रेस उपाध्यक्ष राकेश सिंह 'डब्बू', भाजपा से सुदर्शन सिंह व स्कंद पटेल, सीपीआईएम से किरण शंकर रघुवंशी, अपना दल (एस) से लाल बहादुर पटेल, आम आदमी पार्टी से सुभाष चंद्र गौतम सहित अन्य प्रतिनिधिगण शामिल रहे।

इसके अतिरिक्त उप जिला निर्वाचन अधिकारी परमानंद झा, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, स्वीप कोऑर्डिनेटर मोहम्मद मुस्तफा, जेसीआई चेतना से सरला माहेश्वरी व अंशिका, लायंस क्लब से संजीव साहू व डॉ. सूरज जायसवाल, रोटरी क्लब से विवेक सेठी तथा रचना विशेष विद्यालय से डॉ. संतोष कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# अशोका हॉस्पिटल में महिला कर्मियों की इज्जत से खिलवाड़ अस्पतालो पर उठ रहा सवाल



- खानपुर अकबरपुर स्थित अस्पताल में ओटी के भीतर दरवाजा बंद कर जबरन का आरोप





### मैनेजर पर छेड़खानी और जान से मारने की धमकी का आरोप
### पीड़िता का वीडियो वायरल, सूचना के बाद पुलिस मौन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जिले में अवैध रूप से संचालित अशोका हॉस्पिटल पर कार्रवाई न होने का खामियाजा महिला कर्मचारी भुगतने को मजबूर हैं। ताजा मामला खानपुर अकबरपुर क्षेत्र में संचालित एक निजी अस्पताल का है, जहां काम करने वाली एक युवती ने अस्पताल के मैनेजर पर गंभीर आरोप लगाते हुए वीडियो जारी किया है। युवती का कहना है कि अस्पताल में कार्यरत महिला कर्मचारियों के साथ आए दिन शारिरिक शोषण की जाती थी, लेकिन नौकरी जाने के डर से कोई खुलकर विरोध नहीं कर पा रहा था।

पीड़िता के अनुसार घटना वाले दिन भोर करीब पांच बजे अस्पताल के मैनेजर ने उसे फोन कर ऑपरेशन थिएटर में इमरजेंसी का हवाला देकर बुलाया। जैसे ही वह ओटी के अंदर पहुंची, मैनेजर ने अंदर से दरवाजा बंद कर लिया और उसके साथ जबरदस्ती करने लगा। युवती ने आरोप लगाया कि उसने लगातार विरोध किया, खुद को बचाने की कोशिश की, लेकिन मैनेजर नहीं माना और शारीरिक शोषण का प्रयास करता रहा। युवती ने वीडियो में कहती हुई दिखाई दे रही की मैनेजर ने उससे कहा कि मुझमें कोई कमी नहीं तुम मुझे अपना परेशान मत रहो मैं तुम्हारी सारी इच्छाओं को पूरा करूंगा।

युवती का यह भी आरोप है कि घटना के बाद मैनेजर ने उसे धमकाया और कहा कि अगर इस बारे में किसी को बताया तो न सिर्फ नौकरी से निकाल दिया जाएगा बल्कि जान से भी मरवा दिया जाएगा। लोक-लाज और सामाजिक बदनामी के डर से वह लंबे समय तक चुप रही। बाद में रोते हुए उसने पूरी आपबीती अपनी मां को बताई। मामला सामने आने के बाद परिजनों ने युवती को उस अस्पताल में दोबारा काम पर जाने से मना कर दिया। पीड़िता का कहना है कि उसने अस्पताल की नौकरी छोड़ दी, लेकिन इसके बाद भी उसे लगातार परेशान किया जा रहा है। फोन कॉल और दबाव बनाकर शिकायत न करने की कोशिश की जा रही है। युवती ने यह भी आरोप लगाया कि अस्पताल का मैनेजर विश्व हिंदू परिषद से जुड़ा हुआ है और अस्पताल के संचालक का भाई बताया जा रहा है, जिसके चलते वह खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही है। वहीं अस्पताल संचालक पंकज मौर्या ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि युवती को काम से निकाल दिया गया था, उसी रंजिश में वह इस तरह के आरोप लगा रही है। उन्होंने दावा किया कि अस्पताल में इस तरह की कोई घटना नहीं हुई है और आरोप पूरी तरह बेबुनियाद हैं। इस पूरे मामले में थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार पांडे ने बताया कि अभी तक इस संबंध में उन्हें कोई लिखित शिकायत या तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। न ही थाने स्तर पर कोई सूचना दी गई है। तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। मैनेजर को पुलिस ने किया गिरफ्तार पूछताछ किया जा रहा है पुलिस द्वारा।

# जनपद के 1644 परिषदीय स्कूलों का निपुण असेसमेंट 27 जनवरी से



जन एक्सप्रेस। बस्ती

आगामी 27 जनवरी से जनपद के 1644 परिषदीय विद्यालयों में निपुण एसेसमेंट प्रस्तावित है। जिसको लेकर सदर ब्लाक के बीआरसी सभागार में शनिवार को एक बैठक हुई। बैठक में जनपद के समस्त विद्यालयों को निपुण बनाने पर चर्चा हुई। महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक के निर्देश के क्रम में डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल के द्वारा पूर्व में ही शेड्यूल जारी किया जा चुका है। जारी शेड्यूल के अनुसार असेसमेंट 27 जनवरी से प्रारम्भ होकर 17 फरवरी तक चलेगा। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा होने वाले असेसमेंट के लिए कुल 51 टीमें लगाई गई हैं। इसके तहत प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों की पढ़ने, समझने, लिखने और गणितीय गणनाओं से जुड़ी क्षमताओं की जांच की जाएगी। आकलन के दौरान बच्चों से प्रश्न पूछे जाएंगे और गतिविधियों के माध्यम से उनकी समझ को परखा जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए निपुण भारत मिशन के प्रभारी डायट प्रवक्ता अलीउद्दीन खान ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक दक्षता का मूल्यांकन करना है, ताकि यह निश्चित किया जा सके कि बच्चे अपनी कक्षा के अनुरूप आवश्यक शैक्षिक स्तर हासिल कर रहे हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि निपुण असेसमेंट के दौरान किसी भी डीएलएड प्रशिक्षु को किसी भी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए सभी एआरपी उनका सहयोग करेंगे। 27 जनवरी से पहले के कार्यदिवसों में विद्यालयों पर बच्चों का ऐप पर बार-बार आकलन किया जाए ताकि डायट प्रशिक्षुओं द्वारा होने वाले आकलन में सभी बच्चे निपुण हो सकें।

बैठक में डायट प्रवक्ता कल्याण पाण्डेय, कुलदीप चौधरी, एसआरजी आशीष श्रीवास्तव और जनपद के सभी एआरपी मौजूद रहे।

### बंद स्कूल में रखा एक दर्जन कम्प्यूटर चोरी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत चकराज सहावें गांव स्थित पी एम सी विद्यालय में बंद कम्प्यूटर कक्ष में रखा एक दर्जन कम्प्यूटर चोरी हो गया।शीत कालीन छुट्टी खत्म होने पर घटना की जानकारी होने पर प्रधानाचार्य ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। क्षेत्र के चकराज सहावें गांव स्थित पी एम सी विद्यालय शीत कालीन छुट्टी के चलते 15 दिनों से बंद था।

# विधायक के सहयोग से 5000 यात्री मौनी अमावस्या स्नान के लिए प्रयागराज रवाना

जन एक्सप्रेस। बस्ती





हरैया विधायक अजय सिंह ने मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान के लिए क्षेत्र वासियों को निशुल्क निजी बस सुविधा मुहैया कराकर बड़ी सौगात दी है। शनिवार को 100 बसों में 5000 यात्री प्रयागराज के लिए रवाना हुए। यात्रा को गोरखपुर भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानन्द राय, अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी और अन्य ने झंडी दिखाकर रवाना किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने विधायक के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र के जो अक्षम लोग हैं उनके लिए इस तरह के कार्य करना निश्चित तौर पर सराहनीय है। उन्होंने कहा कि संगम स्नान हिंदू धर्म की सबसे पवित्र परंपराओं में से एक है और इससे श्रद्धालुओं को आस्था और आत्मशुद्धि का अद्भुत अवसर प्राप्त होता है। महापौर ने कहा कि मौनी अमावस्या पर तीर्थराज प्रयाग के संगम पर स्नान का विशेष महत्व है। यहां पर स्नान और दान करने से पूर्वज प्रसन्न होते हैं साथ ही आने वाली पीढ़ियों को भी इसका विशेष फल मिलता है। कहा कि इससे मोक्ष व सुख-समृद्धि मिलती है। उन्होंने विधायक की सराहना करते हुए कहा कि विधायक द्वारा क्षेत्रवासियों को दी जा रही यह सुविधा प्रशंसनीय है। भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र ने श्रद्धालुओं के सुखद और मंगल यात्रा की कामना करते हुए शुभकामना दिया। विधायक अजय सिंह ने कहा कि यात्रियों के लिए रहने खाने इत्यादि की भी व्यवस्था निःशुल्क कराई गई है। बताया कि यह बसें तीर्थयात्रियों को लेकर प्रयागराज जाएंगी, जहां उन्हें दर्शन स्नान कराने के बाद वापस अयोध्या दर्शन कराते हुए उनके गंतव्य तक पहुंचाएंगी। कहा कि मौनी अमावस्या का संगम स्नान केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति परंपरा का केंद्र है। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ जय श्रीराम के नारे लगाए। विधायक ने यात्रा के लिए आवश्यक वस्तुओं का वितरण भी श्रद्धालुओं में किया।

इस अवसर पर सुशील सिंह, यशवंत सिंह, पवन कसौधन, प्रेमसागर तिवारी, रवि सोनकर, प्रत्यूष विक्रम सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, श्रीश पाण्डेय, दुष्यन्त विक्रम सिंह, रघुनाथ सिंह, अंकुर वर्मा, भोला निषाद, दिवाकर मिश्र, सरोज बाबा, अजय तिवारी, अमरनाथ सिंह, धर्मध्वज सिंह सभासद, प्रेम शंकर ओझा, विवेक कान्त पाण्डेय सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# दबंगों ने अधेड़ पर किया हमला

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

लाइन बाजार थाना क्षेत्र के मूरादगज में दबंगों ने घर जा रहें व्यक्ति पर जानलेवा हमला कर मरणासन्न कर दिया। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि मुरादगंज निवासी रईस उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र वकील शुक्रवार रात्रि लगभग 10-00 बजे अपने घर जा रहे थे। उसी समय पुरानी रंजिश को लेकर छ- और सात की संख्या में दबंगो ने उसके सिर पर गंभीर वार किया। सर के अलावा शरीर पर भी कई स्थान पर हमला कर घायल कर दिया है। गंभीर चोट लगने के कारण रईस सड़क पर गिरकर तड़प रहा था। उसी समय इस घटना की जानकारी घायल के परिजनों को मिल गई। परिवार के लोग भागे-भागे हुए मौके पर पहुंचे तो देखा कि वह खून से लथपथ अवस्था में सड़क पर पड़ा हुआ था। हालत गंभीर देखकर परिवार के लोग उसे तत्काल जिला अस्पताल ले आए। घटना की जानकारी जब थाने पर जाकर पुलिस को दी गई तो पुलिस ने भी ठंडी का हवाला देते हुए रिपोर्ट दर्ज करने के लिए सुबह बुला लिया। पुलिस के इस रवैया के कारण घायल का चिकित्सकीय परीक्षण नहीं हो सका और ना ही उसकी रिपोर्ट दर्ज हुई। जनपद में लगातार बढ़ रहे अपराध शायद इसी कारण से बढ़ रहे हैं कि पुलिस अपने दायित्व का पालन करने में टाल मटोल करती है जिसके कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं।

# हरिजन आबादी से अवैध अतिक्रमण रोकने की मांग

जन एक्सप्रेस। बस्ती



बस्ती सदर विकास खण्ड क्षेत्र के उसका निवासी अखिलेश, सुजीत, राजेश पुत्रगण श्याम किशोर के साथ ही ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी सदर को पत्र देकर हरिजन आबादी में कराये जा रहे अतिक्रमण को रोके जाने की मांग किया है।

पत्र में ग्रामीणों ने कहा है कि वल्टरगंज थाना क्षेत्र के उसका गांव में गाटा सं0 147, 301 हरिजन आबादी हेतु सुरक्षित है परन्तु गांव के कुछ दबंग व्यक्ति ग्राम प्रधान योगेन्द्र के संरक्षण में जमीन पर कब्जा कर रहे हैं और मना करने पर मारपीट और धमकी देते हैं। ग्राम प्रधान के पिता मौके पर मौजूद थे किन्तु कोई जबाब नहीं दिया, ग्राम प्रधान भी चुप्पी साधे हुये हैं।

मामले की सूचना वाल्टरगंज थाने को दिया गया, पुलिस ने अवैध कब्जा करने से मना किया था किन्तु वे नहीं माने। इससे हरिजन आबादी का अस्तित्व समाप्त हो रहा है। गांव के अजय कुमार, राजेन्द्र प्रसाद पुत्र साहेबदीन, गुरुचरन पुत्र रामसमुझ आदि ने मांग किया उक्त जमीन को हरिजन आबादी के पात्र व्यक्तियों को आवन्टित करके समस्या का समाधान कराया जाय।

### मृत्युञ्जय महादेव धाम उमरछा में गूंजा सुंदरकाण्ड

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। उमरछा लिंग थापि विधिवत करि पूजा, सिव समान प्रिय मोहि न दूजा इन पावन चौपाइयों के संग मृत्युञ्जय महादेव धाम उमरछा में आयोजित सस्वर सुंदरकाण्ड प्रतियोगिता का प्रदोष तिथि पर भव्य समापन हुआ। श्रद्धा, भक्ति और संगीत के अद्भुत संगम ने पूरे मंदिर परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। प्रतियोगिता में निर्मल मानस ग्रुप, औरैला (मड़ियाहूं) के कलाकारों ने शुद्ध उच्चारण, लयबद्ध गायन और भावपूर्ण प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुंदरकाण्ड पाठ के उपरांत आयोजित सम्मान समारोह में कलाकारों को अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील कुमार उपाध्याय ने कहा कि सुंदरकाण्ड केवल भक्ति का मार्ग नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाला शास्त्र है। युवा कलाकारों की यह प्रस्तुति नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है और ऐसे आयोजनों से समाज में सनातन मूल्यों का विस्तार होता है। विशिष्ट अतिथि यादवेन्द्र मिश्र एवं दीपक सिंह 'मोंटी' ने कहा कि जब कला और भक्ति एक मंच पर उतरती हैं तो वातावरण दिव्यता से भर उठता है। औरैला के कलाकारों ने अपनी स्वर लहरियों से मृत्युञ्जय महादेव धाम को अयोध्या जैसा आध्यात्मिक स्वरूप प्रदान कर दिया। इस अवसर पर राजीव निर्मल, चांदनी यादव, पंकज विश्वकर्मा, चंचल शर्मा, राजेश पांडेय और प्रेम आसरे पांडेय को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

# ग्राम चौपाल में डीएम गौरांग राठी ने सुनीं समस्याएं, कब्जामुक्ति व 'प्रगतिमाल' दुकानों की घोषणा

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



**नवाबगंज।** विकास खंड नवाबगंज की ग्राम पंचायत कुशहरी में शीतकालीन भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माननीय विधायक मोहान ब्रजेश रावत विशेष रूप से उपस्थित रहे। चौपाल में जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही कई महत्वपूर्ण घोषणाएं व निर्देश जारी किए।

जिलाधिकारी ने 'जीरो पॉवर्टी' श्रेणी के परिवारों से सीधे संवाद कर प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, उज्ज्वला योजना, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड व पेंशन जैसी योजनाओं की स्थिति का स्थलीय सत्यापन किया। जिन परिवारों के श्रम कार्ड नहीं बने थे, वहां जिलाधिकारी ने सहायक श्रमायुक्त को विशेष शिविर लगाकर श्रम कार्ड बनवाने और उनकी उपयोगिता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए।

चौपाल के दौरान आईसीडीएस विभाग के नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन कराया गया तथा गर्भवती महिलाओं को पोषण पोटली भेंट कर उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। इसके साथ ही पीएम सूर्य घर योजना, आयुष्मान योजना, स्वयं सहायता समूह, पेंशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फार्मर रजिस्ट्री व बेसिक शिक्षा सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गई और मौके पर ही पंजीकरण कराया गया। जिलाधिकारी ने आयुष्मान कैंप का निरीक्षण कर निर्देश दिए कि जीरो पॉवर्टी परिवारों व 70 वर्ष से अधिक आयु के पात्र व्यक्तियों के गोल्डन कार्ड प्राथमिकता से बनाए जाएं। पेंशन शिविर के अवलोकन के दौरान कन्या सुमंगला योजना व मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लाभार्थियों का गंभीरता से सत्यापन कर लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों का अवलोकन करते हुए जिलाधिकारी ने उनकी सराहना की। विद्युत सखी व बर्तन बैंक समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भरता और आय वृद्धि के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि हाइवे व सड़क किनारे स्थित ग्राम समाज की भूमि पर दुकानों का निर्माण कर उन्हें ग्राम सभा के लोगों को आवंटित किया जाएगा। इन दुकानों का नाम 'प्रगतिमाल' रखा जाएगा। इसके साथ ही सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों को हटाने के लिए उपजिलाधिकारी व तहसीलदार की टीम को एक माह का विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। मनरेगा के अंतर्गत बकरी पालन के लिए शेड निर्माण हेतु खंड विकास अधिकारी को ग्रामीणों से आवेदन लेने के निर्देश दिए गए। वहीं जीरो पॉवर्टी परिवारों के चिन्हांकन में लापरवाही बरतने पर संबंधित सचिव का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोकने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए।

जिलाधिकारी ने पीएम सूर्य घर योजना को सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बताते हुए कहा कि इससे ग्रामीणों को बिजली बिल में बड़ी राहत मिलेगी, अतः अधिक से अधिक लोग इसका लाभ लें। साथ ही परियोजना निदेशक को निर्देशित किया गया कि ग्रामीणों की समस्याओं के निस्तारण के लिए रजिस्टर तैयार कर 15 दिनों में समाधान सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रम के अंत में ग्राम पंचायत कुशहरी में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन का माननीय विधायक व जिलाधिकारी द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी हसनगंज, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, जिला विकास अधिकारी देव चतुर्वेदी, डीसी मनरेगा, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस पर आयी आठ शिकायतें, तीन निस्तारित

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस उपजिलाधिकारी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तेजस के. की अध्यक्षता और तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा के. संयोजन में सम्पन्न हुआ। दिवस में कुल 8 शिकायत आई जिसमे से 3 शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष 5 शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तेजस के ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे तहसील दिवस को गंभीरता से लें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी समय पर उपस्थित हों और प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समाधान दिवस के दौरान, उपजिलाधिकारी ने उपस्थित पंजिका का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण में कई विभागों के अधिकारी अनुपस्थित पाए गए। इस पर उन्होंने अनुपस्थित सभी अधिकारियों को स्पष्टीकरण नोटिस जारी कर जवाब मांगा और उन्हें समय पर तहसील दिवस में उपस्थित रहने की हिदायत दी है। तहसील दिवस में क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत, पूर्ति निरीक्षक सुनील कुमार, खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता, सीडीपीओ अर्चना वर्मा, डॉक्टर देव प्रताप सिंह, विद्युत एसडीओ विमलेश मौर्य, खंड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्जा सहित तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# जिला मनरेगा बचाओ कोऑर्डिनेटर शिप्रा अवस्थी की मौजूदगी में दर्जनों गांवों में चौपाल सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



शनिवार को जिला मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत कई विधानसभाओं की न्याय पंचायत स्तर पर कार्यक्रम सम्पन्न हुए। विधानसभा पलिया के विकास खंड पलिया की न्याय पंचायत महंगापुर, मुरार खेड़ा, सिंगाही, संपूर्ण नगर, तथा विधानसभा क्षेत्र धौरहरा के विकास खंड ईसानगर की न्याय पंचायत लाखुन में जिला मनरेगा बचाओ कोऑर्डिनेटर शिप्रा अवस्थी की मौजूदगी में चौपाल सम्पन्न हुई।

उधर निघासन ब्लॉक के न्याय पंचायत बल्लीपुर में कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा चौपले आयोजित हुई।

अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी प्रहलाद पटेल जी विधानसभा पलिया के विकासखंड पहिया की न्याय पंचायत महंगापुर मुरार खेड़ा सिंगाही संपूर्ण नगर की चौपाल में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। उक्त चौपाल को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष पटेल ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण जनता, श्रमिकों और किसानों को मनरेगा का महत्व उसके मूल स्वरूप तथा केंद्र सरकार के द्वारा इसे कमजोर किए जाने के प्रयासों से आप लोगों को सजग रहना होगा। साथ ही पटेल ने बताया मनरेगा देश के करोड़ों गरीब परिवारों के लिए जीवन रेखा है। यह योजना न केवल रोजगार की गारंटी देती है। बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करती है केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा के बजट की कटौती भुगतान में देरी और इसके बदलाव जैसे कदम सीधे-सीधे गरीब विरोधी हैं। जिसे हर स्तर पर विरोध किया जाना आवश्यक है। मनरेगा कांग्रेस पार्टी द्वारा देश के गरीब मजदूर किसान को सम्मान के साथ रोजगार देने के उद्देश्य से लाई थी। आज भाजपा सरकार इसे कमजोर करने और जी राम जी के नए प्रयोगों के माध्यम से इसके मूल स्वरूप को खत्म करने पर हमारा है। कार्यकर्ताओं का आवाहन करते हुए कहां के गांव गांव जाकर मनरेगा के प्रति जागरूक करें। मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल कराने तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। उक्त जानकारी कांग्रेस प्रवक्ता रवि तिवारी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी।उक्त कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से उपस्थित पूर्व प्रदेश सचिव बलराम गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष के के मिश्रा ब्लॉक अध्यक्ष पलिया दिनेश शर्मा, रमेश भारती, संजय कुमार,सरदार जीत सिंह, अभिषेक लोधी, रामू राजपूत, दाताराम, अवध राम, दुर्गेश कुमार, ओम प्रकाश, रोहित कुमार, जमाल अहमद रामपाल शाक्य श्री नगर आदि।

# राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में उन्नाव के होनहार खिलाड़ियों का चयन, जिले में खुशी की लहर

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



**शुक्लागंज।** इंडिया ताइक्वांडो के तत्वावधान में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2026 का भव्य आयोजन 18 जनवरी से 22 जनवरी 2026 तक एस.एम.एस. इनडोर स्टेडियम, जयपुर (राजस्थान) में किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उन्नाव जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन होने से जिले के खेल जगत में उत्साह और गौरव का माहौल है,उन्नाव स्थित इंपैक्ट दोजांगा ताइक्वांडो अकादमी के चार होनहार खिलाड़ियों – रिद्धि अवस्थी, सिद्धि अवस्थी, सानिया गौतम एवं माही सोनकर – ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त किया है। इन खिलाड़ियों का चयन कठिन चयन प्रक्रिया के बाद किया गया है,जो उनकी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का प्रमाण है,चयनित सभी खिलाड़ी 17 जनवरी 2026 को कानपुर के रास्ते जयपुर के लिए रवाना होंगे, जहां वे देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ मुकाबला करेंगे और उन्नाव का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उपलब्धि पर जिला उन्नाव ताइक्वांडो कमिटी के अध्यक्ष संजय तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंशुमान तिवारी, सचिव आकाश मिश्रा, तकनीकी प्रबंधक आशीष तिवारी, वैभव सविता एवं दीवा ने टीम कोच सोनू और टीम मैनेजर वर्षा सहित सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पदाधिकारियों ने कहा कि उन्नाव के खिलाड़ी निरंतर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं और आने वाले समय में जिले का नाम और ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

जिले के इन युवा खिलाड़ियों के राष्ट्रीय चैंपियनशिप में चयन से न केवल उन्नाव बल्कि पूरे प्रदेश को गर्व की अनुभूति हो रही है। खेल प्रेमियों और अभिभावकों को उम्मीद है कि ये खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उन्नाव का नाम राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित करेंगे।

# एसआईआर अभियान का विधायक ने किया निरीक्षण

## बीएलओ को मतदाता सूची अपडेट करने के दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। सुनहरा

लखीमपुर खीरी। शनिवार को सदर विधायक योगेश वर्मा ने नकहा ब्लॉक क्षेत्र की न्याय पंचायत बेलवा, बंजरिया और गोडवा गांवों में मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्राथमिक विद्यालयों में बने बूथों पर बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) को मतदाता सूची अपडेट करने के लिए कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान, विधायक ने मतदाता सूची के अद्यतन,सत्यापन और विभिन्न प्रपत्रों की प्रविष्टि की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बूथों पर मौजूद मतदाताओं से बातचीत कर फॉर्म मिलने की जानकारी ली।जिन मतदाताओं को फॉर्म नहीं मिले थे,उन्हें मौके पर ही उपलब्ध कराए गए और उन्हें भरने में सहायता भी प्रदान की गई।विधायक वर्मा ने बीएलओ से प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट ली और कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।उन्होंने विद्यालय में तैनात बीएलओ को ग्रामीणों और अन्य पात्र लोगों को एसआईआर फॉर्म भरने में सहयोग करने तथा अभियान को गति देने के लिए कहा। योगेश वर्मा ने बीएलओ की कार्यप्रणाली, दस्तावेजों के सत्यापन, मतदाता सूची में संशोधन और नाम जोड़ने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन पात्र नागरिकों का नाम सूची में दर्ज नहीं है या जिनकी प्रविष्टियों में त्रुटियां हैं, उन्हें प्राथमिकता के साथ शामिल किया जाए। विधायक ने यह भी बताया कि एसआईआर फॉर्म न भरने पर मतदाताओं का नाम सूची से हट सकता है। इसलिए, हर पात्र व्यक्ति के लिए फॉर्म भरना अनिवार्य है। उन्होंने बीएलओ को शत-प्रतिशत लोगों से फॉर्म भरवाने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कोई भी पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से न छूटे। विधायक योगेश वर्मा ने नागरिकों से अपील की कि मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से समय रहते फॉर्म भरने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आग्रह किया।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष बृजेश शुक्ला, सेक्टर संयोजक भगवान अवस्थी, राजेश वर्मा, अनुराग शुक्ला, मोहित वर्मा, पंचायत सहायक संतोष वर्मा सहित कई लोग और बीएलओ जुबेर खान मौजूद रहे।

# चुगुरजी गांव का रास्ता आसान हुआ पैंटून पुल का निर्माण पूर्ण होने से



जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी

तिकुनिया थाना क्षेत्र में बर्सोला बाबापुरवा से चुगुरजी गांव को जोड़ने वाले मार्ग पर एक पैंटून पुल का निर्माण किया गया है। इस पुल के बनने से ग्रामीणों को शारदा नदी पार करने में सुविधा होगी, जिससे उनकी वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हुआ है। इससे पहले, चुगुरजी गांव जाने के लिए ग्रामीणों को शारदा नदी नाव से पार करनी पड़ती थी। यह गांव नेपाल सीमा के करीब स्थित है और यहां तक पहुंचने का कोई सीधा मार्ग नहीं था। ग्रामीण या तो नेपाल के रास्ते से आवागमन करते थे या बाबापुरवा से नाव के जरिए नदी पार करते थे। लगभग सात महीने पहले, इसी मार्ग पर एक नाव पलटने से छह लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद, प्रशासन ने इस समस्या की गंभीरता को समझा। हादसे की जांच के लिए मौके पर पहुंची जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने घटनास्थल का मुआयना किया था। उन्होंने ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग पर पैंटून पुल के निर्माण को मंजूरी दी थी। जिलाधिकारी के आदेश के बाद अब यह पुल बनकर तैयार हो गया है। इस पुल के निर्माण से स्थानीय ग्रामीणों में खुशी है, क्योंकि अब उन्हें नदी पार करने के लिए अपनी जान जोखिम में नहीं डालनी पड़ेगी।ग्रामीणों ने इस पहल पर संतोष व्यक्त किया है। संजू साहनी ने बताया कि पैंटून पुल बनने से आवागमन में काफी राहत मिली है और रास्ता आसान हो गया है। प्रेम सिंह के अनुसार, भारत में पुल बनने से नेपाल जाने वाले रास्ते पर निर्भरता कम हुई है और सभी लोगों को आने-जाने में सुविधा हुई है।छंगूर निषाद ने कहा कि उनकी खेती नदी के उस पार है, इसलिए अब उन्हें खेती के काम के लिए आने-जाने में आसानी होगी। लल्लू राम ने बताया कि बच्चों की पढ़ाई और बाजार से सामान लाने में सहूलियत होगी, साथ ही प्रशासन के लोगों को भी यहां तक पहुंचने में आसानी होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि अब इस पिछड़े क्षेत्र में विकास होगा और सरकारी योजनाओं का लाभ मिल पाएगा।

## लेखपाल संघ ने पलिया बार एसोसिएशन के खिलाफ एसडीएम को ज्ञापन सौंप सुरक्षा की लगाई गुहार

जन एक्सप्रेस। पलिया कलां खीरी। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ, उपशाखा पलिया के पदाधिकारियों ने शनिवार को पलिया बार एसोसिएशन के किलाफ उपजिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर लेखपालों की सुरक्षा और तहसील की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की है।

लेखपाल संघ की आपात बैठक के बाद अध्यक्ष मनोज कुमार शुक्ला और मंत्री आदित्य मिश्र के नेतृत्व में यह ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन के माध्यम से लेखपालों ने मांग की है कि तहसील में कार्यरत कर्मियों की सुरक्षा के लिए पीएसी की तैनाती की जाए। साथ ही, भू-लेख कार्यालय में बाहरी और अनधिकृत व्यक्तियों के हस्तक्षेप को तुरंत रोका जाए। लेखपालों ने यह भी निर्णय लिया है कि अब वे कोई भी दस्तावेज व्यक्तिगत रूप से (दस्ती) स्वीकार नहीं करेंगे, बल्कि केवल डाक के माध्यम से प्राप्त कागजों पर ही कार्य करेंगे। इसके अलावा, ज्ञापन में तहसील परिसर के प्रवेश मार्ग से अतिक्रमण हटाने और शाम के समय परिसर में होने वाले नशाखोरी व मदिरा सेवन की गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाने की मांग की गई है। संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि इन बिंदुओं पर प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई तो कर्मचारियों में व्याप्त आक्रोश बढ़ सकता है। इस अवसर पर काजल बाजपेई, सतीश कुमार, धीरज शुक्ला, रूबी वर्मा और बलराम राना सहित अन्य लेखपाल मौजूद रहे।

# एक्सप्रेस खबरें...

## गौवंशों की देखभाल के दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी अंजनी मिश्रा द्वारा नगर क्षेत्र स्थित अस्थायी गौशाला का प्रतिदिन निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान संरक्षित गौवंशों को हरी सब्जियां, गुड़ एवं हरा चारा खिलाने की व्यवस्था का जायजा लिया गया। उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था की भी गहनता से जांच की और मौके पर मौजूद गौपालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी गौवंशों को समय से भूसा और हरा चारा उपलब्ध कराया जाए, ताकि कोई भी पशु भूखा न रहे। अधिशासी अधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि यदि किसी गौवंश की तबीयत खराब होती है तो तत्काल नगर पालिका कार्यालय एवं उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को सूचना दी जाए, ताकि समय पर उपचार सुनिश्चित किया जा सके।निरीक्षण के दौरान नगर पालिका के संबंधित कर्मचारी एवं गौशाला कर्मी उपस्थित रहे। नगर प्रशासन ने गौवंशों के संरक्षण और उनके स्वास्थ्य को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## जरूरतमंदों बच्चों को बांटी जाएंगी आवश्यक वस्तुएं

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। जेसीआई कानपुर लगातार कानपुर शहर में जरूरतमंदों को उनके उपयोग से संबंधित वस्तुओं का वितरण एवं सहायता करती चली आ रही है इसी कड़ी में आज 11:30 बजे बिठूर के आरोहम हैप्पीनेस होम्स में स्नेही स्पर्श नन्ही मुस्कान कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंद बच्चों को आवश्यक वस्तुएं जैसे जैकेट, भोजन और स्टेशनरी का वितरण किया जाएगा। यह जानकारी संस्था के तत्क्षण पूर्वध्यक्ष जेकाम चेयरमैन जोन-2 जेसी अमरीश सेंगर ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जेसी अध्यक्ष मनीष झांबर, सचिन जेसी डॉ मनीष गुप्ता, कोषाध्यक्ष जेसी अरुण जिंदल, प्रथम महिला लेडी जेसी संगीता झांवर, संयोजिका लेडी जेसी प्रकोष्ठ विजेता शर्मा, संयोजिका जेजे प्रकोष्ठ लेडी जेसी राखी सक्सरिया मौजूद रहेंगे।

## पनकी में दबँगो ने बाजार गई युवती के साथ मारपीट की

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। पनकी में देर रात बाजार गई युवती के साथ में दबंगों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया। युवती ने 112 नंबर डायल कर घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही पनकी थाने का फोर्स मौके पर पहुंचा और घटना की जांच पड़ताल की। जांच पड़ताल के दौरान पुलिस को दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद मिली। इसके बाद पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।  पनकी थाना क्षेत्र के रतनपुर निवासी ऐमन खान प्राइवेट नौकरी करती है। परिवार में पिता विशाल खान जालौन जिले में रहकर कारोबार करते है। दो भाई जैद व अमन खान है। वह मुंबई में जॉब करते है। वह पनकी रतनपुर के गंगा एक्लेव में अकेले रहती है। शुक्रवार देर रात को वह पनकी रतनपुर पावर हॉउस बाजार गई थीं। वह बाजार से घर वापस लौट रही थी। जैसे ही वह एवन मार्केट के पास पहुंची तभी पीछे से पनकी रतनपुर का रहने वाला राजा सिंह चौहान अपने दो अन्य साथियों के साथ में आया उसे रास्ते में रोक लिया और मारपीट करने लगा। किसी तरह से उसने भाग कर दुकान छिपकर जान बचाई और 112 नंबर डायल कर घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही पनकी थाने का फ़ोर्स मौके पर पहुंचा। वहीं पुलिस के आने से पहले सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस को जांच पड़ताल के दौरान दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में सारी घटना कैद मिली। इसके बाद पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर और दबँगो की तलाश शुरू कर दी। थाना प्रभारी पनकी मनोज सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़िता के साथ में मारपीट हुई है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। जल्द सभी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## मकनपुर में ग्रामीण डॉक्टरों व जनप्रतिनिधियों की अहम बैठक



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

मकनपुर में शुक्रवार को मकनपुर में एस.एम हॉस्पिटल में समस्त ग्रामीण डॉक्टरों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ धर्मेंद्र राजपूत अधीक्षक बिल्हौर ने की। इस दौरान क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, मौसमी बीमारियों तथा बच्चों के नियमित टीकाकरण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में बताया गया कि मकनपुर क्षेत्र में कुछ परिवारों द्वारा झिझक या इंकार के कारण बच्चों का टीकाकरण नहीं हो पा रहा है, जो भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। इसे देखते हुए 20 बच्चों के नियमित टीकाकरण को अत्यंत आवश्यक बताया गया और सभी से सहयोग की अपील की गई।डॉ. विक्रांत सिंह ने उपस्थित सभी ग्रामीण डॉक्टरों को विभिन्न बीमारियों के लक्षण एवं उनके समाधान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं, सभी डॉक्टरों ने अपने-अपने अनुभव साझा करते हुए टीकाकरण अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मकनपुर के वरिष्ठ नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और प्रभावशाली व्यक्तियों के साथ मिलकर सामूहिक प्रयास किए जाएंगे, ताकि टीकाकरण से वंचित बच्चों को समय पर टीका लगाया जा सके।इस अवसर पर मकनपुर प्रधान मजाहिर हुसैन सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामीण डॉक्टर मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर क्षेत्र को स्वस्थ और सुरक्षित बनाने का आश्वासन दिया।

# निर्दोष थारू समाज को न्याय दिलाने की कवायद शुरू, जांच कमेटी ने विधायक रोमी साहनी संग जा की कार्यवाही तेज

जन एक्सप्रेस। पलिया कलां खीरी



पलिया विधानसभा क्षेत्र के निर्दोष थारू समाज के लोगों पर दर्ज हुए मुकदमों को लेकर विधायक रोमी साहनी की कोशिशें रंग लाती दिख रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से विधायक की वार्ता के बाद गठित की गई उच्च स्तरीय जांच कमेटी ने अपनी कार्यवाही तेज कर दी है। शनिवार को जांच कमेटी के सदस्यों ने विधायक के आवास पर पहुंचकर इस संवेदनशील मामले पर विस्तार से चर्चा की। जांच कमेटी के सदस्य धर्मेंद्र द्विवेदी (वन्य जीव प्रतिपालक, किशनपुर वन्य जीव विहार) और मनोज तिवारी (उप प्रभागीय वनाधिकारी, निघासन बफर जोन) ने विधायक रोमी साहनी के पलिया स्थित आवास पर उनसे मुलाकात की। इस दौरान काफी देर तक चली मंत्रणा में मुकदमों के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों और विधायक के बीच यह सहमति बनी कि जांच पूरी तरह निष्पक्ष होगी और मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप किसी भी निर्दोष व्यक्ति को प्रताड़ित नहीं होने दिया जाएगा। विधायक रोमी साहनी ने अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि थारू समाज के भोले-भाले लोगों को गलत तरीके से फंसाया जाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि जिन लोगों का अपराध में कोई हाथ नहीं है, उन्हें जल्द ही इन मुकदमों से राहत दिलाई जाएगी। जांच कमेटी के इस कदम से थारू बाहुल्य इलाकों में न्याय की उम्मीद जगी है।

# ग्राम पंचायत गोला देहात में पत्रकारों का हुआ सम्मान

डिजिटल लाइब्रेरी का कराया गया अवलोकन, प्रधान राजेश गिरी एडवोकेट ने पत्रकारों के सामने रखी अपने मन की बात

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी




आज ग्राम पंचायत गोला देहात के सचिवालय परिसर में ग्राम प्रधान राजेश गिरि एडवोकेट द्वारा नगर के सभी सम्मानित पत्रकार बंधुओं को आमंत्रित कर नववर्ष की शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर प्रधान द्वारा पंचायत भवन में बन रही डिजिटल लाइब्रेरी का भी पत्रकारों को अवलोकन कराया गया। प्रधान राजेश गिरि एडवोकेट ने बताया कि डिजिटल लाइब्रेरी का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं और विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से शिक्षा से जोड़ना है, जिससे वे प्रतियोगी परीक्षाओं एवं सामान्य अध्ययन के लिए बेहतर संसाधनों का लाभ उठा सकें। उन्होंने उपस्थित पत्रकारों से ग्राम पंचायत के विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अपने सुझाव एवं मार्गदर्शन देने का आग्रह किया। पत्रकारों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण शिक्षा के लिए एक सकारात्मक कदम बताया। इस अवसर पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी संवाद हुआ और ग्राम पंचायत के भावी विकास कार्यों पर भी चर्चा की गई।

## शेयर मार्केट में हुए नुकसान के चलते व्यापारी ने की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। पनकी थाना क्षेत्र में शेयर मार्केट में भारी घाटे से मानसिक तनाव में चल रहे एक व्यापारी ने आत्महत्या कर ली। मूल रूप से बांदा जिले के अतर्रा निवासी 36 वर्षीय संजय कुमार त्रिपाठी ने अपने दोस्त के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उसने शेयर बाजार में रुपये गंवाने के चलते तनाव में होने की बात लिखी है। संजय त्रिपाठी किदवई नगर के ई-ब्लॉक में अपनी पत्नी लक्ष्मी, दो वर्षीय बेटे राघव, पिता भारत लाल और छोटे भाई राहुल के साथ रहते थे। परिजनों के अनुसार, कुछ समय पहले पिता भारत लाल ने एक प्लॉट बेचा था। उससे मिली करीब 12 लाख रुपये की रकम उन्होंने बेटे संजय के खाते में ट्रांसफर की थी। संजय ने बेहतर मुनाफे की उम्मीद में यह रकम शेयर बाजार में लगा दी, लेकिन बाजार में आई गिरावट के चलते पूरी राशि डूब गई। इसके बाद से वह लगातार तनाव में रहने लगा था। शुक्रवार को संजय अपने दोस्त धर्मेंद्र से मिलने पनकी यार्ड स्थित उसके घर गया था। दोपहर में दोनों ने साथ खाना खाया, जिसके बाद धर्मेंद्र ड्यूटी पर चला गया। शाम को जब वह लौटा तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी आवाज देने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला। दरवाजा खोलने पर संजय का शव फंदे से लटकता मिला, जिसे देख वह सन्न रह गया।

# मुख्यमंत्री योगी से मिले जनप्रतिनिधि

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र में कथित गौकशी एवं अवैध रूप से गौवंश अवशेष डंपिंग के प्रकरण को लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट कर मामले की विस्तृत जानकारी साझा की। भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने पूरे घटनाक्रम को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को निष्पक्ष जांच तथा आवश्यक व कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश देने का आश्वासन दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था और जनभावनाओं से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। जनप्रतिनिधि ने बताया कि उन्होंने बिल्हौर क्षेत्र की जनता की भावनाओं और स्थानीय स्तर पर उत्पन्न स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाने की मांग की। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मामले की गहन जांच कर कानून के तहत दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि ने क्षेत्र की जनता को आश्वस्त किया कि इस प्रकरण में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और जांच की प्रक्रिया अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाई जाएगी।

# टीएमसी घुसपैठियों को वोटर बना रही: मोदी

## इन्हें बसाकर गरीबों का हक छीना जा रहा, भाजपा इन्हें देश से निकालेगी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता/गुवाहाटी

पश्चिम बंगाल के मालदा में शनिवार को पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल के सामने एक बड़ी चुनौती घुसपैठ की है। बंगाल के कई इलाकों में आबादी का संतुलन बिगड़ रहा है। टीएमसी घुसपैठियों को वोटर बना रही। गरीबों का हक छीना जा रहा है। भाजपा सरकार बनते ही घुसैपठियों पर एक्शन लिया जाएगा। आयुष्मान भारत योजना पर बात करते हुए पीएम ने कहा कि टीएमसी वालों को आपकी तकलीफ की कोई चिंता नहीं है। यहां आयुष्मान योजना लागू नहीं होने दी गई है। ऐसी पत्थर दिल सरकार की बंगाल से विदाई जरूरी है। पीएम ने मालदा में भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का उद्घाटन किया। यह ट्रेन हावड़ा से गुवाहाटी के बीच चलेगी। उन्होंने ट्रेन के ड्राइवर से मुलाकात और उसके बारे में जाना। पीएम ने ट्रेन में मौजूद बच्चों से भी बात की।

- पीएम मोदी ने कहा, टीएमसी घुसपैठियों को वोटर बनाकर गरीबों का हक छीन रही
- बंगाल में आयुष्मान भारत योजना लागू न होने पर जताई नाराजगी
- मालदा से भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का उद्घाटन
- हावड़ा-गुवाहाटी के बीच चलेगी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन




### पूर्वी भारत के लोगों का विश्वास भाजपा के नाम

हमारा देश 2047 तक विकसित होने पर काम कर रहा है। इसलिए लिए पूर्वी भारत का विकास होना जरूरी है। पूर्वी भारत को दशकों तक नफरत करने वालों ने जकड़ रखा था। भाजपा ने नफरत की राजनीति करने वालों से पूर्वी भारत को मुक्त किया है। पूर्वी भारत के लोगों का विश्वास भाजपा के नाम है। उनका विश्वास भाजपा के साथ है।

### पत्थरदिल सरकार की बंगाल से विदाई जरूरी

टीएमसी वालों को आपकी तकलीफ की कोई चिंता नहीं है। वो अपनी तिजोरी भरने में जुटे हैं। मैं चाहता हूं कि देश की तरह बंगाल के गरीबों को 5 लाख का मुफ्त इलाज मिले, यहां आयुष्मान भारत योजना लागू हो। बंगाल देश का एक मात्र ऐसा राज्य है। यहां ये योजना लागू नहीं होने दी गई है। ऐसी पत्थर दिल सरकार, ऐसी निर्मम सरकार की बंगाल से विदाई जरूरी है।

### बंगाल की हर दिशा में सुशासन की सरकार

कुछ दिन पहले बिहार में बीजेपी-एनडीए की सरकार बनी है। यानी बंगाल की हर दिशा में बीजेपी के सुशासन की सरकार है। अब बंगाल की बारी है। इसलिए बिहार चुनाव की जीत के बाद मैंने कहा था- मां गंगा के आर्शीवाद से अब बंगाल में भी विकास की गंगा बहेगी। बीजेपी ये काम करके रहेगी।

### महिला पत्रकार के साथ टीएमसी के गुंडों ने अभद्रता की

बंगाल के युवा साथियों, माता-बहनों की बड़ी जिम्मेदारी है। एक महिला पत्रकार के साथ टीएमसी के गुंडों ने कितनी अभद्रता की। स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी में बेटियां सुरक्षित नहीं। निर्ममता ऐसी की बेटियों की सुनवाई नहीं होगी। पीड़ितों को बात-बात पर कोर्ट जाना पड़ता है। इसे बदलना होगा। ये काम कौन करेगा- ये काम आपका एक वोट करेगा।

### बंगाल के सामने एक बड़ी चुनौती घुसपैठ की है

आप देखिए दुनिया के जो विकसित देश हैं, समृद्ध देश हैं, जिन्हें पैसों की कमी नहीं, वे भी घुसपैठियों को निकाल रहे हैं। प. बंगाल में भी घुसपैठियों को बाहर करना जरूरी है। एक एक घुसपैठिए को निकालना जरूरी है। टीएमसी के रहते ये संभव नहीं है। ये जमीन-हक, बहन-बेटियों की रक्षा नहीं करेंगे। इन्हें सत्ता से बाहर निकालना चाहिए।

### बाढ़ पीड़ितों को यहां पैसा तक नहीं मिलता

मैं मालदा की बाढ़ राहत की कैग रिपोर्ट देख रहा था। टीएमसी के चहेतों के खातों में 40-40 बार बाढ़ राहत का पैसा भेजा गया। जो इसके हकदार नहीं थे, उन्हें लाखों रुपए दिया गया। जिन पर संकट आया उन्हें कुछ नहीं मिला। भाजपा की सरकार बनते ही, टीएमसी के ऐसे सारे काले कारनामें बंद किए जाएंगे।

### मुंबई में ऐतिहासिक जीत

महाराष्ट्र में शहरी निकाय के नतीजे आए, इसमें बीजेपी को एतिहासिक जीत हासिल हुई। खासतौर पर महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में पहली बार बीजेपी को रिकॉर्ड जीत मिली है। जहां कभी बीजेपी के लिए चुनाव जीतना असंभव माना जाता था, वहां भी आज बीजेपी अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है।

---

## पुणे-पिंपरी चुनाव में हार के बाद अजित पवार ने बदले सुर, कहा

# हार पर चर्चा होगी, भाजपा को दी बधाई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पुणे



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शनिवार को भाजपा को जीत की बधाई दी। पुणे और पिंपरी-चिंचवड़ नगर निगम चुनावों में भाजपा ने अजित पवार की एनसीपी और एनसीपी (एसपी) गठबंधन को हरा दिया है। इन चुनावों के नतीजे एक दिन पहले ही आए थे।

### भाजपा को दी बधाई

उन्होंने कहा, 'मतदाता महत्वपूर्ण हैं, और हर राजनीतिक पार्टी को अपने प्रयास जारी रखने चाहिए। भाजपा ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है, और मैं पार्टी को उसके प्रदर्शन के लिए बधाई देता हूं। ये नगर निगम चुनाव मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में भाजपा ने लड़े थे, और दूसरी पार्टियों को हार का सामना करना पड़ा।' उपमुख्यमंत्री ने आगे कहा कि इस हार से निराश नहीं होना है, बल्कि काम करते रहना है। पुणे और पिंपरी चिंचवड़ में हार के संभावित कारणों के बारे में पूछे जाने पर, जो कभी एनसीपी और पवार परिवार का गढ़ था, उन्होंने कहा, 'नतीजे घोषित हुए अभी सिर्फ 24 घंटे हुए हैं। पार्टी बैठकर नतीजों पर चर्चा करेगी। मीडिया ने भी पार्टी के लिए अनुकूल माहौल का अनुमान लगाया था, लेकिन मीडिया के अनुमान भी गलत साबित हुए।'

### क्या बोले पवार?

चुनाव प्रचार के दौरान अजित पवार ने भाजपा पर काफी तीखे हमले किए थे। उन्होंने भाजपा पर भ्रष्टाचार और विकास रोकने के आरोप लगाए थे। जवाब में भाजपा ने भी उन्हें अपने गिरेबान में झांकने की सलाह दी थी। लेकिन शनिवार को मीडिया से बात करते हुए पवार के सुर बदले हुए थे। पवार ने कहा कि मतदाता सबसे अहम हैं।


### हार के कारणों पर होगी चर्चा

भाजपा ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में यह चुनाव लड़ा और बड़ी सफलता हासिल की। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी हार के कारणों पर चर्चा करेगी। कार्यकर्ताओं को निराश होने के बजाय काम करते रहना चाहिए। विपक्ष के ईवीएम पर सवाल उठाने को लेकर पवार ने कहा कि वे इस पर कुछ नहीं बोलेंगे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि हारने पर आरोप लगाना स्वाभाविक है, लेकिन जीत के बाद कोई सवाल नहीं उठाता।

### शरद पवार के साथ नहीं हुई राजनीतिक बैठक

अजित पवार ने शरद पवार के साथ किसी भी तरह की राजनीतिक बैठक से इनकार किया। उन्होंने कहा कि वे बारामती में एक कृषि प्रदर्शनी के लिए आए थे, जहां शरद पवार भी मौजूद थे। दोनों गुटों के विलय की कोई चर्चा नहीं हुई है। महायुति गठबंधन पर उन्होंने कहा कि हम साथ काम कर रहे हैं।

---



# महायुति सरकार ने लगाई फैसलों की झड़ी

## कैबिनेट ने कई परियोजनाओं को दी मंजूरी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई। महाराष्ट्र में निकाय चुनावों में महायुति की बड़ी जीत के अगले ही दिन राज्य सरकार ने तेज रफ्तार में कई फैसले लिए। सरकार ने साफ संकेत दिया है कि अब फोकस विकास और सुशासन पर रहेगा। मुंबई में हुई कैबिनेट बैठक में बुनियादी ढांचे, शहरी परिवहन, कृषि, सिंचाई और आवास से जुड़े कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री फडणवीस ने की। कैबिनेट ने मुंबई के अटल बिहारी वाजपेयी शिवड़ी-न्हावा शेवा अटल सेतु पर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए टोल में छूट को एक और साल के लिए बढ़ा दिया। इससे रोजाना यात्रा करने वाले ईवी उपयोगकर्ताओं को सीधी राहत मिलेगी। इसके साथ ही मुंबई अर्बन ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट-2 के लिए संशोधित लागत और राज्य सरकार के हिस्से को भी मंजूरी दी गई, जिससे उपनगरीय रेल और शहरी यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सकेगा।

### जीत के अगले दिन ही फैसले लेने के क्या मायने?

निकाय चुनावों में जीत के तुरंत बाद लिए गए इन फैसलों को महायुति सरकार की मजबूत राजनीतिक स्थिति और प्रशासनिक सक्रियता से जोड़कर देखा जा रहा है। बुनियादी ढांचे, शहरी परिवहन, कृषि और आवास पर एक साथ फैसले यह संकेत देते हैं कि सरकार विकास एजेंडे को तेज करना चाहती है। आने वाले समय में इन परियोजनाओं का असर सीधे आम जनता और शहरी-ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर दिख सकता है।

### आवास को लेकर क्या बड़े कदम उठे?

- ठाणे जिले के बापगांव में फल-सब्जियों के लिए मल्टी-मॉडल हब और टर्मिनल मार्केट को मंजूरी।
- करीब 7.96 हेक्टेयर जमीन राज्य कृषि विपणन निगम को दी जाएगी।
- यवतमाल जिले की बेंबला नदी परियोजना को 4,775 करोड़ रुपये की मंजूरी।
- इस परियोजना से पांच तालुकाओं की 52,423 हेक्टेयर जमीन को सिंचाई सुविधा मिलेगी।
- मुंबई पुलिस के लिए 45,000 आवासों की हाउसिंग टाउनशिप परियोजना को हरी झंडी।

### परिवहन को लेकर नई पहल क्या है?

राज्य सरकार ने पुणे महानगर परिवहन महामंडल के लिए 1,000 इलेक्ट्रिक बसों की खरीद को भी मंजूरी दी। यह योजना पीएम ई-ड्राइव स्कीम के तहत लागू होगी, जिसमें भुगतान सीधे पुणे और पिंपरी-चिंचवड़ नगर निगम से किया जाएगा। इसके अलावा कुशल युवाओं को विदेशों में रोजगार दिलाने के लिए 'महाराष्ट्र एजेंसी फॉर होलिस्टिक इंटरनेशनल मोबिलिटी एंड एडवांसमेंट्स' यानी महिमा संस्था के गठन को भी मंजूरी दी गई।

### धार्मिक, प्रशासनिक और परिवहन से जुड़े फैसले क्या रहे?

नवी मुंबई के उलवे में तिरुपति देवस्थानम को पद्मावती देवी मंदिर निर्माण के लिए दी गई जमीन पर प्रीमियम माफ करने का फैसला भी कैबिनेट ने लिया। इसके अलावा अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी निदेशालय के 1,901 पदों के पुनर्गठन को मंजूरी दी गई और इसका नाम बदलकर आयुक्तालय करने का निर्णय लिया गया। जिला योजना समितियों और संभागीय आयुक्त कार्यालयों के लिए नए स्टाफ पैटर्न को भी स्वीकृति दी गई।

---

# राज्यसभा में दशकों से अटके हैं विधेयक, 19 की सूची, 34 साल पुराना बिल भी शामिल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली


भारतीय संसदीय व्यवस्था में राज्यसभा एक 'स्थायी सदन' की भूमिका निभाती है। वर्तमान में यहां 19 सरकारी विधेयक लंबित हैं। इनमें से कुछ तो दशकों पुराने हैं। इसमें सबसे पुराना विधेयक जनसंख्या नियंत्रण से जुड़ा हुआ है, जिसे साल 1992 में पेश किया गया था। चूंकि राज्यसभा एक स्थायी सदन है जो कभी भंग नहीं होता। इसलिए यहां पेश किए गए विधेयक स्वतः समाप्त नहीं होते। राज्यसभा के एक तिहाई सदस्य हर दो वर्ष में सेवानिवृत्त होते हैं, जबकि लोकसभा के भंग होने पर वहां लंबित सभी विधेयक खत्म नहीं होता।

### कौन-कौन से बिल है लंबित?

सदन के एक बुलेटिन के मुताबिक, सबसे पुराना 'संविधान (79वां संशोधन) विधेयक 1992' है। इस बिल में छोटे परिवार के नियम को बढ़ावा देने और इसे मौलिक कर्तव्य बनाने की बात कही गई थी। इसमें यह भी प्रस्ताव था कि अगर किसी सांसद या विधायक के दो से ज्यादा बच्चे हों, तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाए।

### ये बिल भी है लंबित

लंबित विधेयकों में 'दिल्ली किराया (संशोधन) विधेयक 1997' भी है। इसे किराया कानूनों को आधुनिक बनाने के लिए लाया गया था, लेकिन मकान मालिकों और किराएदारों ने इसका काफी विरोध किया। इसके अलावा 'बीज विधेयक 2004' भी अटका है, जिसका मकसद बीजों की गुणवत्ता सुधारना था। सरकार अब इसकी जगह बीज विधेयक 2025 लाने की तैयारी कर रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जब श्रम मंत्री थे, तब 2011 में प्रवासी मजदूरों से जुड़ा एक बिल पेश हुआ था, वह भी अभी पास नहीं हुआ है। यूपीए सरकार के समय 2013 में पेश किए गए निर्माण मजदूरों, रोजगार कार्यालय और एससी-एसटी प्रतिनिधित्व से जुड़े बिल भी लंबित हैं।



### एनडीए के भी बिल हैं लंबित

मौजूदा एनडीए सरकार के समय पेश किए गए लंबित विधेयकों में संविधान (एक सौ पच्चीसवां संशोधन) विधेयक 2019 प्रमुख है, जिसका उद्देश्य असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम में स्वायत्त परिषदों की वित्तीय और कार्यकारी शक्तियों को बढ़ाना तथा पूर्वोत्तर में आदिवासी स्वायत्तता को मजबूत करना है। इसी श्रेणी में अनिवासी भारतीयों के विवाह के पंजीकरण से जुड़ा विधेयक 2019 भी शामिल है। राज्यसभा में सबसे नया लंबित विधेयक कीटनाशक प्रबंधन विधेयक 2020 है, जो देश में कीटनाशकों के नियमन और सुरक्षित उपयोग से संबंधित है।

---

# जनपद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



उत्तर प्रदेश शासन के आदेशानुसार के मद्देनज़र तृतीय शनिवार हो सम्पूर्ण समाधान दिवस मनाया जाता है । जिसके क्रम में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता व निर्देशानुसार जनपद गाजियाबाद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। लोनी तहसील में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ की अध्यक्षता में लोनी तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 52 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 04 शिकायतों का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली सभी शिकातयों का पूर्ण गुणवत्ता के साथ शीघ्र निस्तारण किया जाना सुनिश्चित किया जाएं। इस दौरान दीपक सिंघनवाल ज्वाईट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, पुलिस अधिकारी, नगर पालिका सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। मोदीनगर तहसीद्य में एडिशनल कमिश्नर मेरठ अम्बरीष बिन्द की अध्यक्षता में मोदीनगर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान 106 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से मौके पर 02 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान एडीएम ई ज्योति मोर्या, आईएएस अयान जैन, एसडीएम मोदीनगर अजीत कुमार, तहसीलदार, पुलिस अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। सदर तहसील में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 37 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें मौके पर 06 शिकायतों का निरस्तारण किया गया। इस दौरान नगर निगम के अधिकारी, पुलिस अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। इस प्रकार जनपद की तीनों तहसीलों में 195 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 12 शिकायतों का निस्तारण हुआ।

---

# व्यापारी संवाद शिविर के हुआ आयोजन, डीएम ने की शिरकत

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

राज्य कर विभाग में शनिवार को 'व्यापार संवाद कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभाग की ओर से जीएसटी सुधारों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में रिटर्न दाखिला, जीएसटी 2.0 सुधारो के लाभ, पंजीयन, समाधान योजना, ईंट भट्टा, व्यापारी दुर्घटना बीमा की जानकारी दी गई। इस मौके पर जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड ने कहा कि विभाग की कार्रवाई के दौरान यदि तकनीकी पोर्टल की विसंगति के मामले सामने आते हैं तो शासन को अवगत कराया जाए। जिससे तकनीकी त्रुटि को दूर किया जा सके। व्यापारियों ने जो समस्याएं रखी है विभाग के अधिकारी उसे नोट कर लें। समस्या को दूर करने का काम करें। अपर आयुक्त ग्रेड-1, राज्य कर, जोन- प्रथम ग़ाज़ियाबाद मानवेन्द्र प्रताप सिंह व विशिष्ट अतिथि अपर आयुक्त (लेखा) राज्य कर, लखनऊ अशोक कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंजीयन और समाधान योजना पर विंध्यावासिनी वर्मा ने पंजीयन की जानकारी देते हुए कहा कि छोटे व्यापारियों के लिए नियम 14 के अंतर्गत तीन दिन में पंजीयन मिलता है। इससे छोटे व्यापारियों के लिए पंजीयन प्रक्रिया को सरल किया गया। जब व्यापारी का टर्नओवर अधिक हो जाता है तो वह नियम 14 की श्रेणी से बाहर आ सकता है। यदि व्यापारी पंजीयन लेने के उपरांत निरस्त करना चाहता है तो वह स्वेच्छा से पंजीयन कैंसिल करा सकता है। उत्तर प्रदेश व्यापारी कल्याण बोर्ड के पूर्व सदस्य अशोक गोयल ने विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी।

### व्यापारी दुर्घटना योजना चलाई जा रही

अनिल जैन सहायक आयुक्त ने मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना योजना की जानकारी देते हुए कहा विभाग की ओर से प्रदेश में पंजीकृत व्यापारियों के लिए मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना योजना चलाई जा रही है। दुर्घटना में मृत्यु होने पर 10 लाख तथा विकलांगता होने पर भी बीमा का लाभ मिलता है। इसके अतिरिक्त पंकज लाल उपायुक्त ने रिटर्न दाखिला, अमित कुमार सिंह सहायक आयुक्त ने ईंट भट्टा व निलेश सिंह ने जीएसटी सुधारो की जानकारी दी। व्यापारियों द्वारा सचल दल व्यवस्था में सुधार की बात रखी।

---

## घने कोहरे ने पाकिस्तान में ली 24 लोगों की जान

जन एक्सप्रेस। इस्लामाबाद

पाकिस्तान में शनिवार को घने कोहरे ने दो बड़े सड़क हादसों को जन्म दिया। पंजाब और बलूचिस्तान में अलग-अलग दुर्घटनाओं में कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। सबसे दर्दनाक हादसा पंजाब के सरगोधा जिले में हुआ, जहां एक ट्रक पुल से नीचे सूखी नहर में गिर गया। वहीं बलूचिस्तान के ओरमारा इलाके में एक कोच पलट गई। दोनों घटनाओं ने पूरे इलाके में अफरा-तफरी मचा दी। पंजाब के सरगोधा जिले में यह हादसा तड़के हुआ। रेस्क्यू अधिकारियों के मुताबिक, ट्रक इस्लामाबाद से फैसलाबाद जा रहा था। इसमें 23 लोग सवार थे, जो एक जनाजे में शामिल होने जा रहे थे। घने कोहरे के कारण मोटरवे बंद थी, इसलिए चालक ने स्थानीय रास्ता अपनाया।

---

# ईरान की हिरासत में गाजियाबाद का बेटा: पिता ने की सरकार से वापस देश लाने की अपील, बोले, वो तो इंजीनियर है

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

ईरान द्वारा कथित तौर पर जब्त किए गए एक तेल टैंकर के 16 चालक दल सदस्यों में शामिल एक इंजीनियर के पिता ने भारतीय अधिकारियों से अपने बेटे को छुड़ाने के लिए हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। मुकेश मेहता ने बताया कि उनका बेटा केतन, दुबई स्थित प्राइम टैंकर एलएलसी द्वारा संचालित एमटी वेरिएंट रोलर नामक तेल टैंकर पर इंजीनियर के तौर पर काम कर रहा था।

### पिता की भारत सरकार से अपील

मुकेश मेहता ने भारत सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्रालय (एमईए) और शिपिंग के महानिदेशक से तत्काल हस्तक्षेप करने और अपने बेटे और अन्य चालक दल के सदस्यों की सुरक्षित और शीघ्र रिहाई सुनिश्चित करने के लिए तत्काल राजनयिक कार्रवाई करने की अपील की है। उन्होंने इस मामले को मानवीय आधार पर देखने और ईरान के साथ कूटनीतिक संबंधों का उपयोग करके अपने नागरिकों को सुरक्षित वापस लाने का आग्रह किया है। यह घटना अंतरराष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा और चालक दल के सदस्यों के अधिकारों पर भी सवाल उठाती है, खासकर जब वे शांतिपूर्ण व्यापारिक गतिविधियों में लगे हों। पिता को उम्मीद है कि सरकार इस संकट की घड़ी में परिवार का साथ देगी और उनके बेटे की सकुशल वापसी सुनिश्चित करेगी।

### चालक दल के सदस्य की रिहाई के लिए सरकारी हस्तक्षेप की मांग

केतन के पिता के अनुसार, यह जहाज पिछले महीने ईरान के बंदर अब्बास बंदरगाह पर रोका गया था। इसके बाद, ईरानी अधिकारियों ने केतन और अन्य चालक दल के सदस्यों को हिरासत में ले लिया। पिता ने बताया कि केतन के हिरासत में लिए जाने की खबर सुनने के बाद से उनका परिवार लगातार भय और चिंता में जी रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनका बेटा केवल ईमानदारी से आजीविका कमाने की कोशिश कर रहा था और उसने कोई अपराध या कानून का उल्लंघन नहीं किया है।



---

# एक्सप्रेस खबरें...

### ट्रांसफार्मर में लगी आग, नागरिकों ने भागकर बचाई जान

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद। खोड़ा नगर पालिका क्षेत्र में एक ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई, आग की चपेट में आने से कई लोग झुलस गए। घटना के दौरान एक युवक आग की लपटों में घिर गया। जान बचाने के लिए युवक नाले में कूद गया, जहां स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उसकी जान बचाई। पूरी घटना का वीडियो सामने आया है, जिसमें युवक आग से बचने के लिए भागता हुआ दिखाई दे रहा है। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना नगर पालिका परिषद खोड़ा मकनपुर क्षेत्र में हुई, जहां ट्रांसफार्मर में आग लगने के बाद कई लोग घायल हुए हैं। आग लगने के कारणों की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है।

### गाजियाबाद लोनी के में 'विराट हिंदू सम्मेलन' का शंखनाद

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद। गाजियाबाद के लोनी के चिरौड़ी गांव स्थित एक फार्म हाउस में रविवार को 'हिंदू समाज समिति' द्वारा विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य गुणवंत कोठारी और हिंदू धर्म यात्रा निकालने वाले स्वामी दीपांकर महाराज मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके पश्चात विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने उपस्थित जनसमूह में देशभक्ति का जोश भर दिया।

### प्रदूषण की बढ़ते हालात से परेशान हुए नागरिक

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद। गाजियाबाद सहित पूरे दिल्ली-एनसीआर में एक बार फिर वायु प्रदूषण तेजी से बढ़ता जा रहा है। गाजियाबाद के कुछ इलाकों में एयर क्वालिटी इंडेक्स 400 के पार पहुंच गया है। बिगड़ती वायु गुणवत्ता को देखते हुए गाजियाबाद के जिलाधिकारी ने विशेष टीमों का गठन किया है। टीमों द्वारा प्रदूषण फैलाने वाली कंपनियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत अब तक 9 औद्योगिक इकाइयों को सील किया जा चुका है। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मादंड़ ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि गाजियाबाद में फैक्ट्री संचालक यदि प्रदूषण फैलाते पाए गए, तो संबंधित कंपनी का विद्युत कनेक्शन काटने के साथ-साथ संपत्ति को सील किया जाएगा। इसके अलावा दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।